रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 04 जून 2024, वर्ष-25, अंक-122, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 12



लोकतंत्र पर कुठाराघात कर राष्ट्र की गरिमा...

**सेंसेक्स**
76,468.78 ↑ +2,507.47

**डॉलर**
83.179 ↓ -0.288

**रांची सर्राफा**
10 ग्राम 68,100
01 किलो 98,000

# रांची में आज सुबह आठ बजे से मतगणना

**14** सीटों के लिए 14 मतगणना केंद्रों में होगी वोट की गिनती है पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था

**27** राउंड में चतरा व कोडरमा में मतगणना खूंटी में सबसे कम 16 राउंड में गणना

**81** हॉल में 1492 टेबल पर है मतगणना की व्यववस्था, सभी तैयारी पूरी कर ली गई है

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** देश में सात चरणों में हुए लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार की सुबह आठ बजे से शुरू होगी। 14 सीटों पर 244 प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम में कैद है, जिसका फैसला मंगलवार को होगा। मतगणना की प्रक्रिया में सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की जाएगी। जानकारी के अनुसार, झारखंड की 14 लोकसभा सीटों के लिए 29 हजार 523 पोलिंग स्टेशन पर हुए मतदान की काउंटिंग के लिए 14 मतगणना केंद्र बनाये गए हैं, जहां विधानसभावार हॉल में काउंटिंग टेबल लगाये गये हैं। झारखंड में कुल 81 हॉल में 1492 टेबल पर काउंटिंग की जायेगी। इस दौरान 13 से 27 राउंड में काउंटिंग होगी।

सबसे अधिक चतरा व कोडरमा में 27 राउंड और सबसे कम खूंटी में 16 राउंड में मतगणना पूरी होगी। गोड्डा में 26 राउंड, हजारीबाग और धनबाद में 25 राउंड, दुमका और सिंहभूम में 24 राउंड, राजमहल में 23 राउंड, पलामू में 22 राउंड, जमशेदपुर में 21 राउंड, रांची और लोहरदगा में 20 राउंड एवं गिरिडीह में 19 राउंड में मतगणना की जाएगी।

## पूरे देश में दस लाख मतगणनाकर्मी

**नई दिल्ली।** पूरे देश के सभी 543 सीटों पर मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी मतगणना केंद्रों पर करीब 10 लाख अधिकारी मतगणना प्रक्रिया में शामिल होंगे, करीब 70 से 80 लाख लोग इस प्रक्रिया का हिस्सा बनेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार व अन्य दो आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह ने बताया कि इस बार 64.2 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया, जिसमें 31.2 करोड़ महिलाएं थीं। पिछले आम चुनाव के 540 स्थानों के मुकाबले केवल 39 स्थानों पर ही दोबारा मतदान कराना पड़ा। आयोग की सख्ती से करीब 10 हजार करोड़ रुपये की जब्ती की गई है।



मतगणना के लिए सुरक्षा में तैनात पुलिस जवान

## एग्जिट पोल के बाद शेयर बाजार में रिकॉर्ड उछाल

एग्जिट पोल के अनुमानों के बाद शेयर बाजार ने रिकॉर्ड छलांग लगाई है। सोमवार को सेंसेक्स 2500 अंकों से अधिक की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। दूसरी ओर, निफ्टी 23250 के पार पहुंच गया। बैंक निफ्टी पहली बार 50000 के आंकड़े को पार कर गया। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन रिकॉर्ड तेजी के बाद सेंसेक्स 2,507.47 (3.39%) अंक उछलकर 76,468.78 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 733.21 (3.25%) अंक मजबूत होकर 23,263.90 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। सोमवार को रुपये में भी डॉलर के मुकाबले पिछले पांच महीनों यानी दिसंबर 2023 के बाद की सबसे बड़ी छलांग दिखी। रुपया सोमवार को 28 पैसे या 0.4% की बढ़त के साथ 83.1425 रुपये पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र के दौरान रुपया 82.9575 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। सोमवार को सेंसेक्स के 30 शेयरों में 27 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। महज तीन शेयर ही लाल निशान पर बंद हुए।

## झारखंड में एक महिला सहित 5 नए चेहरों का संसद पहुंचना तय

**रांची।** झारखंड की 14 लोकसभा सीटों के नतीजों से केंद्र सरकार के दो मंत्रियों अर्जुन मुंडा और अन्नपूर्णा देवी सहित दो दर्जन से भी ज्यादा दिग्गजों की सियासी किस्मत तय होगी। यह तय है कि 18वीं लोकसभा में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वालों में पांच नए चेहरे होंगे। सियासी परिस्थितियां ऐसी हैं कि एक महिला लीडर का भी झारखंड से संसद पहुंचना निश्चित माना जा रहा है। चुनाव मैदान में उतरे झारखंड के एक दर्जन विधायकों में से कितने सांसद बन पाते हैं, इस सवाल का जवाब भी मंगलवार को मिल जाएगा। मौजूदा 17वीं लोकसभा में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले 14 में से पांच सांसद 18वीं लोकसभा में नहीं दिखेंगे।

इनमें हजारीबाग के जयंत सिन्हा, दुमका के सुनील सोरेन, धनबाद के पीएन सिंह, चतरा के सुनील सिंह और लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत शामिल हैं। ये सभी भाजपा के सांसद हैं, जिन्हें पार्टी ने अलग-अलग वजहों से इस बार टिकट नहीं दिया। जाहिर है, इन पांचों सीटों से नए चेहरे संसद में पहुंचेंगे।

चाईबासा सीट पर भाजपा की गीता कोड़ा और झामुमो की जोबा मांझी के बीच मुकाबला हुआ है। इन दोनों में से किसी का संसद पहुंचना तय माना जा रहा है। खूंटी से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की प्रतिष्ठा दांव पर है। पिछला चुनाव उन्होंने मात्र 1,440 मतों के फासले से जीता था। इस बार भी उनकी टक्कर पुराने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से है। यह देखना दिलचस्प होगा कि अर्जुन मुंडा पिछली जीत का फासला बढ़ा पाते हैं या फिर कालीचरण मुंडा पिछली हार का अंतर पाटकर पहली बार संसद पहुंच पाते हैं या नहीं।

कोडरमा से केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी को सीपीआई एमएल के उम्मीदवार विनोद सिंह से चुनौती मिली है। गोड्डा से भाजपा के मुखर नेता निशिकांत दुबे अगर इस बार जीतने में सफल रहते हैं तो यह उनकी लगातार चौथी जीत होगी।

राज्य के मौजूदा सांसदों में से पलामू से भाजपा के बीडी राम, जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो और राजमहल से झामुमो के विजय हांसदा जीतते हैं तो यह उनकी हैट्रिक होगी। झारखंड के जिन एक दर्जन विधायकों की किस्मत दांव पर लगी है, उनमें हजारीबाग से भाजपा के मनीष जायसवाल, कांग्रेस के जेपी पटेल, गिरिडीह से झामुमो के मथुरा महतो, दुमका से इसी पार्टी के नलिन सोरेन और भाजपा की सीता सोरेन, राजमहल से लोबिन हेंब्रम, लोहरदगा से चमरा लिंडा, जमशेदपुर से झामुमो के समीर मोहंती, सिंहभूम से इसी पार्टी की जोबा मांझी, धनबाद से भाजपा के ढुल्लू महतो और कोडरमा से सीपीआई एमएल के विनोद सिंह शामिल हैं।

## एक नजर

### आईएएस की बेटी ने की आत्महत्या, पढ़ाई के दबाव का संदेह

**मुंबई।** महाराष्ट्र कैडर के आईएएस की 26 साल की बेटी ने सोमवार सुबह संभवतः पढ़ाई के दबाव में नरीमन प्वाइंट स्थित एक इमारत से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतका लिपि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के आईएएस विकास रस्तोगी और गृह विभाग में तैनात राधिका वी रस्तोगी की बेटी थी।



### बम की धमकी के बाद अहमदाबाद में विमान की हुई आपात लैंडिंग

**अहमदाबाद।** दिल्ली से मुंबई जा रही अकासा एयरलाइन्स की उड़ान (क्यूपी 1719) को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद चालक दल ने अहमदाबाद हवाईअड्डे पर विमान की आपात लैंडिंग की। विमान में 187 यात्री और 6 चालक दल के सदस्य सवार थे। अहमदाबाद में विमान की सघन तालाशी की गई। सोमवार सुबह 8.40 बजे दिल्ली से अकासा एयरलाइन्स का विमान उड़ान भरकर मुंबई की ओर रवाना हुआ था।

### पुलवामा मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर मारा गया

**पुलवामा।** पुलवामा जिले के निहामा इलाके में सोमवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। इनमें से एक लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर रियाज अहमद डार था। सुबह निहामा इलाके में तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। इनमें लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर रियाज अहमद डार और उसका सहयोगी रईस अहमद है।

### आज | कल




## रांची-गुमला रोड पर बस और कार की टक्कर में तीन की मौत, एक बच्ची गंभीर

*मृतक फा. थियोडोर रायगढ़ के व सिस्टर निर्मला जशपुर के रहने वाले थे*

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** गुमला के रांची रोड पर सोमवार चार बजे एक यात्री बस और कार के बीच आमने-सामने हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई है। इस घटना में एक बच्ची बुरी तरह जख्मी है, जिसे इलाज के लिए गुमला सदर हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। हादसा गुमला सदर थाना क्षेत्र के खोरा गांव के पास हुआ। सभी मृतक ईसाई मिशनरी से जुड़े हुए थे। मृतकों की पहचान फादर थियोडोर कुजूर, सिस्टर निर्मला कुजूर और केविन जॉनसन कुजूर के रूप में हुई है। घायल बच्ची का नाम जोसफिना मिंज बताया गया है। बताया गया कि ईसाई मिशनरी से जुड़े लोगों की टीम एक कार से रांची से गुमला जा रही थी। इसी दौरान कार की गुमला की तरफ से आ रही मंत्री ट्रैवल्स की यात्री बस के साथ आमने-सामने टक्कर हो गई। कार के परखच्चे उड़ गए। आस-पास के लोगों की मदद से कार सवारों को बेहद मुश्किल से बाहर निकाला गया। मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सभी को गुमला सदर हॉस्पिटल ले जाया गया। इनमें से तीन को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घायल बच्ची जोसफिना मिंज की हालत भी गंभीर बताई गई है। हादसे की जानकारी मिलते ही गुमला सदर थाने की पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। केंद्रीय कैथोलिक सभा के अध्यक्ष सेत कुमार एक्का सहित बड़ी संख्या में लोग हॉस्पिटल पहुंचे। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## आईएएस मनीष रंजन से ईडी ने की दस घंटे पूछताछ

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड में टेंडर कमीशन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए आईएएस मनीष रंजन सोमवार को दूसरी बार ईडी ऑफिस पहुंचे। जिसके बाद ईडी के अधिकारियों ने उनसे दस घंटों तक पूछताछ की। इससे पहले 28 मई को भी ईडी के समन पर मनीष रंजन ईडी ऑफिस पहुंचे थे और करीब 9 घंटे पूछताछ की गई थी। लेकिन मनीष रंजन से उस दिन सभी सवालों का जवाब नहीं दे पाए थे, यहां तक कि ईडी ने मनीष रंजन और मंत्री आलमगीर आलम दोनों को एक साथ बैठाकर भी कई सवाल किये। लेकिन दोनों ने चुप्पी साध ली थी। रिमांड खत्म होने के बाद जेल भेज दिया गया। लेकिन दुबारा समन जारी कर मनीष रंजन को अपनी संपति के दस्तावेजों के साथ बुलाया था।

## ज्वेलरी दुकान में हुई लूट का खुलासा 35 लाख के सोने के साथ चार गिरफ्तार

*सभी रांची के दो लॉज में ठहरे थे, जहां से घटना के एक दिन पहले 23 मई को रेकी की*

नवीन मेल संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) पुलिस ने सोनारी में ज्वेलरी दुकान में हुए लूट मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में पलामू जिले के चैनपुर निवासी ऋषि राज उर्फ सोनी, गोविंदा पासवान, राहुल शर्मा और अभिषेक गुप्ता शामिल है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही में 431.73 ग्राम गला हुआ सोना, 50 हजार नकद, घटना में प्रयुक्त एक देसी कार्बाइन, तीन पिस्टल, 17 कारतूस, सोना गलाने का उपकरण और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद किया है। सोमवार को एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि घटना के बाद डीएसपी मुख्यालय एक और मुख्यालय दो के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। तकनीकी सहायता से आरोपितों की पहचान की गई और सभी को रांची पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया। सभी पूर्व में भी जेल जा चुके है और पूर्व में भी कई घटनाओं को अंजाम दे चुके है। सभी रांची के दो लॉज में ठहरे थे जहां से घटना के एक दिन पहले 23 मई को रेकी की।

घटना के दिन दो लोग बस से आए और दो बाइक से शहर पहुंचे। यहां घटना को अंजाम देने के बाद सभी ने शहर छोड़ दिया और रांची पहुंचे। रांची पहुंचने के बाद सभी अलग हो गए।

## इंडिया



सुनील बादल

*अगर यह गठबंधन किसी प्रकार सत्ता में आ गया, तो भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की सहज ही कल्पना की जा सकती है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में राष्ट्रव्यापी सामाजिक-आर्थिक सर्वे और जातिगत जनगणना कराने की बात कही है।*

# महंगे चुनावी वादे हैं, उनका क्या होगा?

सआज शाम तक असली चुनाव परिणाम के आने से देश में एक बड़ा राजनीतिक समीकरण बनेगा या बिगड़ेगा । कई धड़े में बंटे विभिन्न विचारधाराओं के बीच खुशी या निराशा के बीच एक बड़ी बात डैब कर रह जाएगी कि चुनाव के समय जिन दलों ने असंभव लगते जो आश्वासन दिए थे क्या वे सभी पूरे होंगे ? दावा था कि यदि इंडी एलायंस की सरकार बनी तो बिहार को विशेष राज्य के दर्जे के साथ ही 1.6 लाख करोड़ रुपये का विशेष पैकेज दिया जाएगा। पार्टी ने राज्य में पांच नए हवाई अड्डे और जनता को हर महीने 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया था। एक सामान्य प्रकार का वादा गरीब परिवार की बहनों को हर साल रक्षाबंधन के दिन एक लाख रुपये देने का है। कांग्रेस, माकपा को छोड़ दिया जाए तो अन्य घटक दल जाति आधारित या क्षेत्र विशेष केंद्रित राजनीतिक दल हैं, जिन्हें देश की समग्र बेहतरी से कहीं अधिक अपने राज्यों और प्रभाव क्षेत्रों की ही फिक्र है। माकपा ने देश को परमाणु हथियारों से मुक्त करने की बात कही है। वह भी तब जबकि भारत की सीमा पर चीन और पाकिस्तान जैसे बिगड़ैल पड़ोसी और परमाणु हथियारों के जखीरे वाले देश हैं। ऐसे में देश को परमाणु हथियारों से विहीन करने का क्या तुक है? इंदिरा गांधी के दौर में पहला परमाणु परीक्षण करने वाली कांग्रेस का रुख क्या माकपा के साथ है? माकपा का एक और खतरनाक प्रस्ताव भारत-अमेरिका डिफेंस फ्रेमवर्क एग्रीमेंट और क्वाड से बाहर आने का है। याद रहे भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया को मिलाकर बना क्वाड संगठन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की विस्तारवादी नीतियों को चुनौती दे रहा है। भारत पूर्वी, दक्षिणी और पश्चिमी सीमा पर सागर से घिरा है और चीन का नौसैन्य विस्तार उसके लिए जोखिम बढ़ा रहा है। ऐसे में भारत का कोई हितैषी क्या क्वाड से बाहर आने का सुझाव देगा? माकपा का एक और घातक



प्रस्ताव अनुच्छेद-370 की बहाली का है। किसी भी दल के ऐसे प्रस्ताव देश को सैन्य रूप से कमजोर करने के साथ ही उसकी एकता एवं अखंडता को खंडित करने वाले हैं।इस मामले में भारत की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस का रवैया और सवाल खड़े करने वाला है, जो माकपा के साथ खड़ी हुई है। अगर यह गठबंधन किसी प्रकार सत्ता में आ गया तो भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की सहज ही कल्पना की जा सकती है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में राष्ट्रव्यापी सामाजिक-आर्थिक सर्वे और जातिगत जनगणना कराने की बात कही है। घोषणा पत्र के अनुसार इससे प्राप्त डाटा ह्यअफर्मेटिव एक्शन के एजेंडे को मजबूती प्रदान करेगा। इसका क्या अर्थ है? राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से कहा कि पूरे देश का एक्स रे (सामाजिक-आर्थिक सर्वे) कराकर दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। राहुल गांधी ने इसके बाद वित्तीय एवं संस्थागत सर्वे कराने की घोषणा के साथ ही यह भी कहा कि तब एक क्रांतिकारी कदम उठाया जाएगा और एससी-एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों को उनका वास्तविक हक दिया जाएगा। दूसरे शब्दों में कहें तो उनकी पार्टी धन के पुनर्वितरण जैसा ऐतिहासिक कदम उठाने की बात कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जातिगत जनगणना इस एक्सरे का पहला चरण होगा। फिर जिस समुदाय की जितनी आबादी होगी, उसका उतना हक होगा। माकपा और राजद जैसे सहयोगी दलों ने भी जातीय जनगणना का समर्थन किया है। राजद ने अपने घोषणा पत्र में 24 वादे किए हैं।

इनमें से कुछ राष्ट्रीय दायरे वाले हैं तो अधिकांश बिहार केंद्रित। कांग्रेस ने भी अपने घोषणा पत्र में प्रत्येक गरीब परिवार को महालक्ष्मी योजना के अंतर्गत एक लाख रुपये सालाना देने की बात कही है। पार्टी ने कहा है कि यह योजना चरणबद्ध रूप से लागू की जाएगी। एग्जिट पोल के उलट यदि इन्होंने सरकार बनाई। क्या इस पर विचार करेगी कि देश इसका आर्थिक बोझ उठा सकता है? राजद ने एक करोड़ नौकरियों का वादा भी किया है। इसमें केंद्र सरकार के स्तर पर 30 लाख रिक्तियों को भरने के साथ ही 70 लाख नई नौकरियां सृजित की जाएंगी। इसके साथ ही गरीबों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर, अग्निवीर योजना की समाप्ति और पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस की बहाली का भी वादा है।बड़े-बड़े वादों में द्रमुक भी पीछे नहीं है। पार्टी ने परिवार की एक महिला को हर महीने एक हजार रुपये और 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है। उसका एक वादा बड़ा दिलचस्प है कि अगर वह सत्ता में आती है तो पेट्रोल की कीमत 75 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 65 रुपये प्रति लीटर तय की जाएगी। अन्य सहयोगी दलों की तरह द्रमुक ने भी वादा किया है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम यानी सीएए और समान नागरिक संहिता पर अमल नहीं किया जाएगा। यही भाजपा के लिए भी है।

## ब्रह्मोस मिसाइल जासूसी में वैज्ञानिक को उम्रकैद

एजेंसी

**2018** में उज्जवलनगर इलाके से निशांत अग्रवाल को किया गया था गिरफ्तार

**नागपुर।** ब्रह्मोस मिसाइल तकनीक की जासूसी करने वाले वैज्ञानिक निशांत अग्रवाल को नागपुर की एक अदालत ने सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले निशांत अग्रवाल को 2018 में नागपुर के उज्जवलनगर इलाके से गिरफ्तार किया गया था। वैज्ञानिक निशांत अग्रवाल उत्तराखंड के रूडकी का रहने वाला है। निशांत ने एनआईटी, कुरूक्षेत्र से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। पढ़ाई में मेधावी निशांत को 2014 में नागपुर में ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट में नौकरी मिल गई। वह ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट के हाइड्रोलिक-न्यूमेटिक्स और वॉरहेड इंटीग्रेशन विभाग के 40 लोगों की एक टीम का नेतृत्व करता था। यूनिट ने 2017-18 में निशांत को यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया था। निशांत ब्रह्मोस के सीएसआर, आर एंड डी ग्रुप का सदस्य भी था। गिरफ्तारी के समय निशांत अग्रवाल ब्रह्मोस नागपुर और पिलानी साइटों की परियोजनाओं की देखरेख कर रहा था। निशांत नागपुर हवाई अड्डे के पास बस्ती उज्जवलनगर में मनोहर काले के यहां किराये पर रहता था। इसी बीच निशांत पाकिस्तानी हनीट्रैप में फंस गया और पाकिस्तान के लिए जासूसी करने लगा। उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने 2018 की शुरूआत में एक आईएसआई एजेंट को हिरासत में लिया था। उससे पूछताछ में निशांत अग्रवाल का नाम सामने आया। इसकी सूचना मिलिट्री इंटेलिजेंस को दी गई। इसके बाद यूपी एटीएस और मिलिट्री इंटेलिजेंस की टीमें निशांत अग्रवाल के बारे में जानकारी जुटाने में लग गईं।

शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल

**मांडर।** राष्टीय राजमार्ग 39 मुख्य पथ पर स्थित तिग्गा पेट्रोल पंप के निकट रविवार रात हुए सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए। घायलों में एक की स्थिति गंभीर है। मिली जानकारी के अनुसार रांची निवासी 45 वर्षीय डॉ रवि रंजन एवं तीस वर्षीय बिट्टू कुमार कार से रांची की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर उक्त स्थान के निकट उनकी कार पीछे से एक टेलर से टकरा गई। कार की स्पीड इतनी अधिक थी कि वह टेलर के अंदर फंस गई थी। आसपास के लोगों ने क्रेन मंगा कर कार को खींचकर बाहर निकाला और दोनों घायलों को रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचाया। रेफरल अस्पताल मांडर में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर रवि रंजन की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया जबकि दूसरे युवक बिट्टू की चोट उतनी गंभीर नहीं थी। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

### अशर्फी प्रसाद के पूरे परिवार को खत्म करने की थी साजिश, 29 मई को भी हुआ था प्रयास

**रामगढ़।** कुमारी स्नेहा उर्फ रिंकी और उसके पति आरिफ नैयर उर्फ आर्या रांची जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हिंदपीढ़ी के रहने वाले हैं। उन लोगों की मंसा सिर्फ सुशीला देवी की हत्या करने के नहीं थी। उनका प्लान अशर्फी प्रसाद के पूरे परिवार को खत्म करना था। उन्हें इस बात की पक्की खबर थी कि रामगढ़ में उसकी बहन विद्या उर्फ तनु के घर पर सास, ससुर और एक नतनी रहते हैं। उन्हें छोटी बच्ची की हत्या करने से भी गुरेज नहीं था। यही वजह थी कि स्नेहा ने लूट और हत्या की वारदात को अंजाम देने के लिए एक बड़ी टीम बनाई। इसमें कुल पांच लोग शामिल थे। उसके आरिफ ने सबसे पहले उसके घर में पहले काम कर चुके चितरपुर निवासी अफसर अली को इस कांड में शामिल किया। इसके बाद दो अन्य अपराधियों को भी पैसे का प्रलोभन देकर टीम बना ली। उन्हें पता था कि जब वे लूटपाट की घटना को अंजाम देंगे तो लगभग तीन व्यक्ति तो घर में मौजूद रहेंगे ही।

### अजमेर-सियालदाह एक्सप्रेस के कोच से 15 किलो गांजा बरामद

**कोडरमा।** कोडरमा जंक्शन पर अजमेर-सियालदाह एक्सप्रेस के दिव्यांग कोच से सोमवार को 15 किलो गांजा बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार निरीक्षक प्रभारी कोडरमा के निर्देशन में उनि जितेंद्र कुमार, प्रआ शशि कुमार, आरक्षी आनंद कुमार सिंह, रेसुब पोस्ट कोडरमा के साथ थाना प्रभारी, रेल थाना कोडरमा ने कोडरमा स्टेशन पर गश्त के दौरान प्लेटफार्म नंबर चार पर सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस के दिव्यांग कोच संख्या 226697/सी को चेक किया गया, जिसमें लावारिस अवस्था में एक काले रंग के ट्रॉली बैग को बरामद किया गया। संदेह के आधार पर खोलकर चेक करने पर पीले रंग के रैपर में लपेटा हुआ कुल 15 अदद पैकेट गांजा कुल वजन 15.810 किग्रा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 01 लाख 50 हजार रुपये है।

**बारीडीह के पाड़हा जतरा में उमड़ा जनसैलाब, निकली भव्य शोभायात्रा**

# आदिवासी समाज का पड़हा व्यवस्था आजादी के पूर्व ही अपने अस्तित्व में था : विक्टर मिंज

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
पाड़हा हमारे पूर्वजों के द्वारा दी गई आदिवासी स्वशासन व्यवस्था का अद्भुत प्रशासनिक इकाई है जिसमें न्यायपालिका कार्यपालिका और विधायिका का अद्भुत सम्मिश्रण मिलता है उक्त बातें बेड़ो प्रखंड के बारीडीह में आयोजित पड़हा जतरा के दौरान आयोजन पड़हा सभा के दौरान केंद्रीय पाड़हा संचालन समिति की संरक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता नीलमणी भगत ने कही। नीलमणी भगत बारीडीह पड़हा जतरा के संस्थापक दिवंगत विधायक विश्वनाथ भगत की धर्मपत्नी हैं। इसके पूर्व बतौर मुख्य अतिथि आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के राष्ट्रीय संयोजक एवं रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त अधिकारी विक्टर मिंज ने कहा कि आदिवासी समाज का पड़हा व्यवस्था भारत की आजादी के पूर्व ही अपने अस्तित्व में था। कालांतर में आजादी के बाद पंचायती राज लागु कर एक षड्यंत्र के तहत पड़हा व्यवस्था को खत्म कर दिया गया। इसके पूर्व केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के संरक्षक डॉ दिवाकर मिंज ने कहा कि पाड़हा व्यवस्था आदिवासियों की सिर्फ प्रशासनिक ही नहीं सांस्कृतिक रीति-रिवाज, परम्परा एवं संपूर्ण अस्तित्व को संचालित करने वाली शक्ति है। इसके पूर्व केंद्रीय पड़हा संचालन समिति, 12 एवं 21 पड़हा संचालन समिति एवं पाड़हा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पाड़हा जतरा के दौरान जनसैलाब उमड़ पड़ी। पाड़हा संचालन समिति के संरक्षक सह पूर्व विधायक विश्वनाथ भगत की धर्मपत्नी नीलमणी भगत, संरक्षक डॉ दिवाकर मिंज, प्रो सोमरा उरांव, जुगेश उरांव, बंधना उरांव, डॉ परमेश्वर भगत और पाड़हा राजाओं संयुक्त नेतृत्व में टोंका टोली से विशाल और भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के साथ पड़हा के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा, पाड़हा के प्रतीक चिन्ह काठ के बने घोड़े एवं हाथी, रंपा - चल्पा, टेंगरा छाता व खोड़हा नृत्य दल के साथ गाजा बाजा लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मंच के समीप पहुंचते ही एक विशाल जनसभा में तब्दील हो गयी।



> पाड़हा आदिवासी स्वशासन व्यवस्था का अद्भुत प्रशासनिक इकाई है जिसमें न्यायपालिका कार्यपालिका और विधायिका तीनों मिलते हैं

### काउंटिंग ऑब्जर्वर एवं जनरल ऑब्जर्वर ने किया मतगणना केंद्र का निरीक्षण

**गुमला ।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के लिए मतगणना मंगलवार को चंदाली स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज के मतगणना केंद्र में होगी । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त काउंटिंग ऑब्जर्वर ए.वेंकटेंश एवं जनरल ऑब्जर्वर के.डी. कुंजम ने आज सोमवार को मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य रूप से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह भी मौजूद रहें । सभी ने संयुक्त रूप से मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनरल ऑब्जर्वर एवं काउंटिंग ऑब्जर्वर के द्वारा विधानसभा वार टेबलों की संख्या और मतगणना कर्मियों व काउंटिंग एजेंटों के प्रवेश व निकासी के बारे में भी जानकारी ली गई। वज्रगृह से मतगणना हॉल कंट्रोल यूनिट को ले जाने व गणना के पश्चात इवीएम-वीवीपैट मशीन को सील कर वेयर हाउस में ले जाने के संबंध में उपायुक्त से पूरी तैयारी की जानकारी ली ।पोस्टल बैलेट हॉल का निरीक्षण किया और पदाधिकारियों से जरूरी जानकारी ली । उपायुक्त ने बताया कि मतगणना केंद्र में मोबाइल फोन, माचिस, लाइटर, वाटर बॉटल, तंबाकू, सिगरेट, इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट, च्युइंग गम आदि लेकर घुसना मना रहेगा ।

## न्यूज बॉक्स

### भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कार्यशाला का आयोजन



**मांडर।** प्रखंड स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सोमवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला शौर्य रंगमंच के निदेशक मोनिता सिन्हा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला में छात्र/छात्राओं द्वारा रंगमचीय अभिनय निदेशक के नेतृत्व मे किया गया साथ ही बच्चों को इस प्रकार के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। शैक्षणिक सचिव श्रीमती दिपाली पराशर ने कहा कि महाविद्यालय शैक्षणिक के साथ-साथ रंगमचीय कार्यशाला के आयोजन से बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा कि अपने आप पर विश्वास रखो तथा परिश्रम करते रहो जिन्दगी सफल हो जाएगी। इस कार्यशाला में कॉलेज के प्राचार्य, डीन छात्र कल्याण, व्याख्यातागण एवं छात्र/छात्राओं ने भाग लिया।

### कुरमी/कुड़मी समन्वय समिति की बैठक 7 जून को

**सिल्ली।** कुरमी/ कुड़मी ( महतो) समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा का लोकसभा चुनाव से सम्बन्धित समीक्षा एवं भावी कार्यक्रम हेतु दिनांक 07 जून दिन शुक्रवार को 1 बजे से विलेज रिसोर्ट हाल सुलूंजुडी सिल्ली प्रखंड कार्यालय कै पास जिला रांची में होगी। बैठक में मुख्यरुप से डाक्टर धनैश्वर मेहता, उपेन्द्र नारायण सिंह, श्याम बिहारी महतो,मधुसूदन महतो,निताई चन्द्र महतो, मथुर प्रसाद महतो, रामेश्वर महतो अशोक कुमार महतो, चितरंजन महतो, देवेन महतो, अखिलेश्वर महतो, आनन्द महतो, रघुनाथ महतो, जगदीश महतो, प्रदीप महतो कामेश्वर महतो,बिष्णचरण महतो चतुर्भुज महतो, राधेश्याम महतो,हरखनाथ महतो, राधानाथ महतो, कार्तिक महतो अर्जुन महतो, गोविन्द महतो (रांची)धुमा महतो,अजमवर महतो, भगिरथ महतो, लाल किशुन महथा, भीम महतो ( रामगढ़) रामेश्वर महतो, जगदीश महतो,( हाजारीबाग) प्रभुदयाल महतो, खिरोधर महतो, विजय महतो, परमेश्वर महतो , दिलिप कुमार महतो, जयलाल महतो जेली, (बोकारो) डाक्टर भुवनेश्वर मेहता इन्द्र देव महतो ( गिरीडीह) हिरालाल शांखवार, गुलाब महतो (धनबाद) डाक्टर राजनारायण पटेल (पलामू) दिपकरंजन महतो, उमाकांत महतो मनसा महतो, दल गोविन्द महतो ( सरायकेला) बुध्दैश्वर महतो,मनोरंजन महतो अशोक कुमार महतो,खखन महतो, अमित महतो (पुर्वी सिंहभूम) दिनेश चंद्र महतो, शशीभुषण महतो, करने महतो,डाक्टर महतो (पश्चिमी सिंहभूम) सुभेन्दु महातो, सुनील कुमार महातो, निवारण चन्द्र महातो, गौरीशंकर महातो, नरेन्द्र नाथ महातो, निताई चन्द्र महातो,फटीक चन्द महातो गूरुचरण महातो (पुरुलिया) बिजम महातो (मेदनीपुर) सुनिर्मल महातो (झाड़ग्राम) चक्रधर महातो,फटीक चन्द माहतो (बांकुड़ा) सियाराम महन्त, सुभाष चन्द्र महन्त ( सुन्दर गढ़) दल गोविन्द महन्त,भीम महन्त, भवानी महन्त, प्रताप महन्त, लखींद्र महन्त ( उड़ीसा) आदि प्रमुख समाज के साथियों को आमंत्रित किए गए हैं। उक्त जानकारी संयोजक लालचंद महतो ने दी।

### मांडर के सरवा में फुलखुंदी कार्यक्रम के साथ मंडा पूजा संपन्न



**मांडर।** प्रखंड के सरवा गांव में शिव मंडा पूजा समिति द्वारा मंडा पूजा व फूलखुंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा नेता समीर उरांव उपस्थित हुए। जहां मुख्य अतिथि समीर उरांव ने कहा की ऐतिहासिक मंडा पर्व हमारे पूर्वजों की देन है,भगवान शिव की उपासना कर मन्नत और अच्छी बारिश की कामना करते हैं, ताकि घर में सुख शांति बनी रहे,परिवार में खुशियां आए, उन्होंने कहा कि मंडा पूजा की शुरूआत नागवंशी राजाओं ने की थी। पौराणिक कथाओं के अनुसार झारखंड में की जानेवाली मंडा पूजा भगवान भोले शंकर की पहली पत्नी सती के बलिदान की याद में की जाती है। मंडा पूजा करनेवाले भक्त इसे माता सती का आशीर्वाद मानते हैं। जिससे गांव घर खुशहाली से हमेशा भारी रहे। अतिथियों ने सबसे पहले भगवान भोले बाबा मंदिर मे मथा टेक एवं शीश झुकाकर पुजा अर्चना किया। साथ ही क्षेत्र की जनता के सुख-समृद्धि के लिए कामना किए। कमिटी के द्वारा अतिथितयों को माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया । वहीं शाम से रात भर छऊ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो भी मौजुद थे।

### मृतक विनोद साहू के घर पहुंच परिजनों को नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाऊरी ने बंधाया ढांढस



**सिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाऊरी सोमवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार साहू के बांसारूली स्थित घर पहुंचे। वहां परिजनों के बीच पहुंच शोक संवेदना जताया। साथ ही मृतकों के परिजनों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।विदित हो कि गत 29 मई को रांची से लौटने के क्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार साहू की बुढाम़ के समीप सड़क हादसे में मौत हो गई थी। सूचना मिलने के बाद नेता प्रतिपक्ष परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे थे।परिजनों को ढांढस बंधाते हुए उन्होंने ने कहा कि इनकी मृत्यु से हम बहुत दुःखी हैं पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती है। श्री साहू संगठन में काफी सक्रिय एवं वफादार थे।मौके पर भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज,एस सी मोर्चा प्रदेश मंत्री कमलेश राम,उमेश महतो, भोलानाथ मांझी, अमित महतो, अम्बुज रजक, शैलेन्द्र बड़ाईक, अरविंद साहू, कंचन सोनार आदि मौजूद थे।

# डीसी ने जीएम लैंड की जमाबंदी रद्द करने का दिया आदेश, होगी कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू अंचल के मौजा करमा, थाना संख्या 176, खाता संख्या 6, प्लॉट संख्या 3645, कुल रकबा 4.13 एकड़ गैर मजरूवा खास किस्म जंगल भूमि पर ठाकुर महतो के नाम से संदेहात्मक रूप से कायम जमाबंदी को रद्द करने करने का आदेश देसी चंदन कुमार ने दिया है । इसको लेकर राज्य सरकार द्वारा सम्पुष्टि प्राप्त होने के उपरांत उपायुक्त द्वारा अभिलेख को मूल रूप से वापस करते हुए अंचल अधिकारी, मांडू को कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया है। डीसी ने संबंधित भूमि की जमाबंदी को रद्द करने तथा भूमि को सरकार के दखल कब्जा में लेने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा अंचल अधिकारी, मांडू को उपरोक्त जमाबंदी कायम करने में दोषी/संलिप्त कर्मियों/ पदाधिकारियों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई हेतु प्रस्ताव अनुशंसा सहित उचित माध्यम से भेजने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब होकि मांडू प्रखंड के करमा क्षेत्र में संबंधित 4.13 एकड़ भूमि के संदेहात्मक जमाबंदी संबंधित मामला संज्ञान में आने के उपरांत उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रामगढ़ के न्यायालय में मामले की सुनवाई की गई। न्यायालय द्वारा संबंधित मामले में बिहार/ झारखंड भूमि सुधार अधिनियम 1950 की धारा 4एच के तहत कायम संदेहात्मक जमाबंदी को रद्द करते हुए संपुष्टि हेतु आयुक्त उत्तरी, छोटा नागपुर प्रमंडल, हजारीबाग को भेजा गया था। मामले में आगे की कार्रवाई के क्रम में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड सरकार, रांची द्वारा संबंधित जमाबंदी रद्द करने को अनुमोदन दिया गया। वहीं विभाग द्वारा संबंधित जमाबंदी को रजिस्टर 2 से डिलीट करने का आदेश दिया गया है।

## खूंटी में मतगणना के लिए विधानसभा वार लगाये गये हैं 20-20 टेबल



**खूंटी।** जनजातियों के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय सीट के लिए मतों की गिनती मंगलवार चार जून को सुबह आठ बजे से बिरसा कॉलेज, खूंटी स्थित मतगणना स्थल में प्रारंभ होगी। मतगणना की प्रक्रिया निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। यह जानकारी निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि मतगणना केंद्र में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक-एक मतगणना कक्ष बनाया गया है। बिरसा कॉलेज के ए- ब्लॉक भवन के नीचे तल्ले पर 60-खूंटी( अजजा), 58-तमाड़( अजजा) और 59-तोरपा( अजजा) के लिए मतगणना कक्ष बनाया गया है। ए- ब्लॉक भवन के प्रथम तल्ले पर 57-खरसावां( अजजा), 70-सिमडेगा( अजजा) और 71-कोलेबिरा (अजजा) विधानसभा क्षेत्र के लिए मतगणना कक्ष बनाया गया है। प्रत्येक मतगणना कक्ष में 20 टेबल लगाये गये हैं। प्रत्येक टेबल पर एक-एक मतगणनाकर्मी, पर्यवेक्षक, माइक्रो आब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति की गई है। बिरसा कॉलेज के भूतल पर पोस्टल बैलेट मतगणना कक्ष बनाया गया है, जहां 30 टेबल लगाये गये हैं। उपायुक्त ने बताया कि सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गणना प्रारंभ होगी।

### हटिया-झारसुगुड़ा मेमू एक्सप्रेस का परिचालन पांच जून को रहेगा रद्द



**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए ब्लॉक लिया जायेगा, जिसके चलते ट्रेन संख्या 18175 और 18176 हटिया-झारसुगुड़ा-हटिया मेमू एक्सप्रेस पांच जून को रद्द रहेगी। यह जानकारी रांची रेल मंडल ने दी है। ट्रेनों के प्रस्थान समय में परिवर्तन : ट्रेन संख्या 18311 संबलपुर-बनारस द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस पांच जून को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर दो घंटे 45 मिनट विलंब से संबलपुर से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 06066 धनबाद-ताम्बरम स्पेशल यात्रा पांच जून को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर चार घंटे विलंब से धनबाद से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 06092 बरौनी-कोच्चुवेली स्पेशल यात्रा चार जून को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर चार घंटे विलंब से बरौनी से प्रस्थान करेगी। ट्रेनों का आंशिक समापन-प्रारंभ : -ट्रेन संख्या 18452 पुरी-हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस चार जून का संबलपुर स्टेशन पर आंशिक समापन होगा तथा इस ट्रेन का संबलपुर से हटिया के बीच परिचालन रद्द रहेगा। ट्रेन संख्या 18451 हटिया-पुरी तपस्विनी एक्सप्रेस का पांच जून को हटिया के स्थान पर संबलपुर स्टेशन से आंशिक प्रारंभ होगा तथा इस ट्रेन का हटिया से संबलपुर के बीच परिचालन रद्द रहेगा। ट्रेन संख्या 15028 गोरखपुर-संबलपुर मौर्य एक्सप्रेस चार जून को हटिया स्टेशन पर आंशिक समापन होगा तथा इस ट्रेन का हटिया से संबलपुर के बीच परिचालन रद्द रहेगा।

**खलारी के होयर गांव में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ**

# बच्चों व विद्यार्थियों को संस्कार युक्त जीवन जीने की बात बताई



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में अखिल विश्व गायत्री परिवार, गायत्री शक्तिपीठ, डकरा द्वारा खलारी के चुरी दक्षिणी पंचायत अंतर्गत होयर बस्ती शिवमंदिर प्रांगण में गुरुकुल परंपरा के तहत बाल संस्कार शाला का शुभारंभ किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार के नवकुमार बनर्जी ने बताया कि परम पूज्य गुरुदेव वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के दिव्य संरक्षण एवं शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में आयोजित होने वाले बाल संस्कार शाला में प्रत्येक रविवार को संध्या 5:00 बजे से होयर बस्ती गांव एवं आस पास क्षेत्रों के बच्चों एवं विद्यार्थियों को संस्कार युक्त जीवन जीने, स्वास्थ्य रहने एवं मेधावी होने की निःशुल्क शिक्षा प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार के नव कुमार बनर्जी, मिथिलेश प्रजापति, राज कुमार यादव, मुकेश यदुवंशी, शशि तुरी, गोविंद साहु, उमेश यादव, पूनम देवी, उषा कुमारी, प्रीति कुमारी, संजू कुमारी सहित अनेक बच्चे बच्चियां सहित गांव के लोग उपस्थित थे।

**आशंका** | **रोहिणी खदान के स्क्रैप यार्ड में लगी भीषण आग**

# भीषण आग लगने से लाखों का सामान खाक



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
रोहिणी परियोजना खदान के उपर कोल स्टाक 19 नंबर के नजदीक के स्क्रैप यार्ड में सोमवार शाम भीषण आग लग गई। आसमान में कई फिट ऊपर काला धुंआ फैल गया। इस आगलगी घटना में स्क्रैप यार्ड में रखे कई पुराने टायर जलकर राख हो गए। घटना शाम 6 बजे की बताई जा रही है। खदान के किनारे ऊपर ओबी में स्क्रैप यार्ड बनाया गया है। जहां पुराने टायर व खराब गाड़ियों के स्क्रैप रखे जाते हैं। आग लगने की सूचना मिलने के बाद सीसीएल अधिकारी, सीआईएसएफ व सीसीएल सुरक्षा कर्मी घटना स्थल पर तुरंत पहुंचे। आग बुझाने के लिए रेस्कयू टीम के दमकल गाड़ी को बुलाया गया। सीसीएल का टैंकर भी आग बुझाने पहुंचा। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि स्क्रैप यार्ड के किनारे कोयला के कुछ अंश बचे हुए होंगे, इसलिए आग लग गई होगी। जिससे पुराने टायर में आग पकड़ लिया होगा। आग आसपास में रखे टायर को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना पर रोहिणी मैनेजर दीपक कुमार व ईएंडएम प्रोजेक्ट इंजीनियर संदीप लिंडा सहित कई कर्मचारी पहुचे और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू पाने का प्रयास जारी था।

## कोडरमा में अन्नपूर्णा देवी और विनोद सिंह के बीच होगा फैसला

**कोडरमा।** कोडरमा का सांसद कौन होगा, इसका फैसला मंगलवार को होगा। कोडरमा में भाजपा की अन्नपूर्णा देवी और इंडी गठबंधन की ओर से भाकपा माले के विनोद सिंह के बीच मुख्य मुकाबला है। हालांकि निर्दलीय जयप्रकाश वर्मा, अजय कृष्ण और मनोज कुमार भी चुनावी मुकाबले और परिणाम को प्रभावित करेंगे, पर कितना प्रभाव पड़ेगा, यह भी देखना दिलचस्प होगा। कोडरमा से 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जिनमें चुनाव प्रचार के दौरान आधा दर्जन उम्मीदवार ही लोगों तक पहुंचते दिखे। यह सीट इसलिए भी चर्चित है क्योंकि भाजपा ने जहां सांसद और केंद्रीय शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी को फिर चुनाव मैदान में उतारा तो वहीं गठबंधन से माले के विनोद सिंह ने पलायन, बेरोजगारी को मुद्दा बनाया। इधर जहां निर्वाचन कार्यालय मतगणना की तैयारी में मशगूल है, वहीं दोनों प्रत्याशियों के समर्थक और कार्यकर्ता गणना की तैयारी तो वहीं परिणाम के आकलन में जुटे हैं। सोमवार को भाजपा और इंडी गठबंधन की अलग अलग हुई बैठक में मतगणना को लेकर जानकारी और टेबल नहीं छोड़ने के सुझाव दिए गए। लेकर भी खास एहतियात बरते जा रहे हैं। गांडेय में हुए उप चुनाव और कोडरमा संसदीय क्षेत्र की गिनती के लिए 12 सौ से अधिक मतगणना कर्मियों को लगाया जा रहा है। मतगणना सुबह सात बजे से शुरू होगी।

### 'ईको क्लब' की गतिविधि और ग्रीन कैंपस के कार्यान्वयन के लिए उपलब्ध कराई गई अनुदान राशि

# सरकारी विद्यालयों में लगेंगे 5 लाख फलदार पौधे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में 'समग्र शिक्षा' के अंतर्गत राज्य के सरकारी विद्यालयों में गठित 'ईको क्लब' की गतिविधियों के संचालन और ग्रीन कैंपस के कार्यान्वयन के लिए अनुदान राशि उपलब्ध करा दी गई है। प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालयों के लिए अलग-अलग श्रेणियों में राशि उपलब्ध कराई गई है। विद्यालय अपनी आवश्यकतानुसार 'ईको क्लब' के मद से प्राप्त राशि का विभिन्न गतिविधियों में उपयोग कर सकेंगे। 'ईको क्लब' की गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टॉप 1000 विद्यालयों को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों में किचेन गार्डन को और समृद्ध बनाया जा सके। 'ईको क्लब' के माध्यम से सभी विद्यालयों में पौधरोपण किया जाएगा। इस वित्तीय वर्ष में पांच लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में कम से कम 10 पौधे, मध्य विद्यालयों में कम से कम 20 पौधे और उच्च विद्यालयों में कम से कम 30 पौधे लगाना अनिवार्य है। विद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि 'ईको क्लब' के माध्यम से विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर व्यापक पैमाने पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाए। विश्व पर्यावरण दिवस के दिन आयोजित होने वाली गतिविधियों में छात्रों की संख्या, कितने पौधे लगाए गए, पौधे किस स्थान पर लगाए गए, किस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया आदि जानकारी शिक्षा पदाधिकारियों को उपलब्ध कराना होगा।

**पर्यावरण दिवस पर 'ईको क्लब' के माध्यम से सभी विद्यालयों में पौधरोपण होगा**

**'ईको क्लब' की गतिविधियों में टॉप 1000 विद्यालयों को प्रोत्साहित किया जाएगा**



### 'मिशन लाइफ' के लिए थीम आधारित समर कैंप

'मिशन लाइफ' के लिए 'ईको क्लब' की थीम पर आधारित समर कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों की शुरुआत पांच जून को होगी, जो 12 जून तक चलेगी। इस वर्ष के लिए विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन' रखा गया है। 'मिशन लाइफ' के सात थीमों में से प्रत्येक को सात दिनों तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कराया जाना सुनिश्चित करने के लिए विद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश उपलब्ध कराया गया है। जिन सात थीमों पर गतिविधियां आयोजित होंगी, उनमें स्वस्थ जीवनशैली अपनाना, संधारणीय खाद्य प्रणाली अपनाना, ई-कचरे को कम करना, अपशिष्ट कम करना, ऊर्जा संरक्षण करना, पानी बचाना और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के खिलाफ जागरूकता फैलाना शामिल है।

### विद्यालयों में ग्राफ्टेड पेड़ लगाए जाएं

स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि विद्यालयों में बड़े आकार के ग्राफ्टेड पौधे लगाए जाएं। इनकी सुरक्षा, देखभाल, पानी, खाद आदि सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी हाउस और 'ईको क्लब' की होगी। वैसे पौधों को प्राथमिकता दी जाए, जो फलदार हों, मध्याह्न भोजन में जिनका उपयोग किया जा सके या पर्यावरण की दृष्टि से लाभदायक हों। यदि वन विभाग में उपयुक्त पौधों की व्यवस्था नहीं हो, तो बाजार से क्रय कर विद्यालयों में लगाया जाएं। यदि विद्यालयों में स्थान का अभाव हो, तो गमलों, फिश ट्रे में पौधरोपण किया जाए। विद्यालय के किचन गार्डेन में मौसमी व औषधीय पौधरोपण करना भी अनिवार्य है।

**विद्यालयों में लगने वाले पौधों की न्यूनतम संख्या**

प्राथमिक विद्यालय : 10 पौधे

मध्य विद्यालय : 20 पौधे

उच्च विद्यालय : 30 पौधे

### अनुदानित राशि का करना होगा शत-प्रतिशत उपयोग : आदित्य रंजन

राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने कहा कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा प्रत्येक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी एवं संकुल साधन सेवियों को यह दायित्व दिया गया है कि प्रत्येक विद्यालय का लगातार अनुश्रवण करते हुए समय पर राशि का उपयोग सुनिश्चित कराया जाए। व्यय की गई राशि की भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धि की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रबंध पोर्टल पर प्रतिमाह उपलब्ध कराई जाए। दिए गए पत्र में विद्यालयों को इसी वित्तीय वर्ष में 'ईको क्लब' की गतिविधियों के लिए अनुदानित राशि का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

### वर्षा जल संरक्षण में ईको क्लब की भूमिका अहम

वर्तमान में सरकारी विद्यालयों में 'प्रोजेक्ट इंपैक्ट' के तहत कई पर्यावरण संबंधी गतिविधियां की जा रही हैं। इनमें वर्षा जल संरक्षण महत्वपूर्ण है। इस ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए विद्यालयों को वर्षा जल से संगृहीत जल की मात्रा को ट्रैक करने के लिए तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए 'ईको क्लब' के सदस्यों को प्रोजेक्ट वर्क दिया जाएगा। इसके माध्यम से यह पता लगाया जाएगा कि कितना वर्षा जल संरक्षित किया गया। संरक्षित वर्षा जल का उपयोग शौचालयों, बागवानी आदि में करने का निर्देश भी दिया गया है।

---

# मोरहाबादी में स्पीड बाइकर्स नशे में करते हैं बदसलूकी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में आपराधिक घटनाएं बढ़ते जा रही हैं। कुछ दिन पूर्व हैं हिंदपीढ़ी में घर से चेन स्नैचिंग की घटना सामने आई थी। प्यादा टोली में घर से मोबाइल और लैपटॉप की चोरी की घटना हुई। सड़कों पर दिनदहाड़े मारपीट जैसी घटनाएं अधिक देखने को मिल रही हैं। ऐसी घटना होने पर कुछ लोग चुपचाप बर्दाश्त करके घर चले जाते हैं। अधिक हो जाने पर थाना में जाकर कंप्लेंट करते हैं।

जानकारी के अनुसार, कुछ ऐसी ही घटनाएं मोरहाबादी क्षेत्र में देखने को मिल रही हैं, जहां कुछ लोग नशे की हालत में वरिष्ठ नागरिकों एवं उसके परिवार वालों के साथ गाली-गलौज व मारपीट करके निकल जा रहे हैं। बचाव पक्ष जब तक यह सोचता कि मोबाइल से रिकॉर्ड करें या लोगों से मदद की गुहार करें, तब तक असामाजिक तत्व के लोग घटना को अंजाम देकर भाग जाते हैं। मोरहाबादी क्षेत्र रिहायशी इलाका है। वहां पिछले दिनों ही रामकृष्ण अपार्टमेंट में रहने वाले बड़े कंपनी के अधिकारी के साथ बदतमीजी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित बताते हैं कि शराब के नशे पर कुछ नेपाली युवक स्पीड बाइक से गुजरते हैं और उन्हें परेशानी होने पर गाली-गलौज करते है। इसी अपार्टमेंट में रहने वाले एक परिवार के साथ पिछले माह छेड़खानी की घटना हुई थी।

### चाउमिन और मोमो स्टॉल में हुई तोड़फोड़

मोरहाबादी रजिस्ट्री ऑफिस के पास सोमवार की शाम चाउमिन और मोमो स्टॉल में तोड़फोड़ हुई है। मोरहाबादी टीओपी में मामला गया, तो वहां पर रेखा देवी ने बताया कि मेरे स्टॉल में दो युवक नशे की हालत में आते हैं और खाने का ऑडर करते हैं। पैसे मांगने पर गाली-गलौज के साथ मारपीट करने लगते हैं। मेरे साथ भी मारपीट की। मेरे बेटे और पति सहित स्टॉफ को मारा है। सुदीप हेंब्रम तथा कृष मुंडा नाम के दो युवक को पुलिस ने पकड़ कर लालपुर थाना भेज दिया है।

### शिकायत मिलने पर ही हो सकेगी कार्रवाई

**लालपुर थान प्रभारी का कहना है कि जब तक पुलिस को शिकायत नहीं मिलेगी, तब तक कैसे पता चलेगा कि किस के साथ क्या घटना घटी है। उसी के आधार पर उन लोगो की खोज होती है। वहीं मोरहाबादी टीओपी का कहना है कि इस क्षेत्र में अपराध ना के बराबर होता है। कुछ लोग शराब पीते हैं, किंतु वे भी थोड़ी देर रुक कर चले जाते हैं।**

# गांवों में पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांके और ओरमांझी प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न गांवों में पिरामल फाउंडेशन ने पर्यावरण दिवस पर सोमवार को जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। जलशक्ति मंत्रालय के साथ सहयोग करते हुए पीरामल फाउंडेशन की स्कूल ऑफ क्लाइमेट एंड सस्टेनेबिलिटी टीम का लक्ष्य इन गांवों में पानी के उपयोग का संरक्षण और अनुकूलन करना है। सीनियर प्रोग्राम मैनेजर विजेश चौधरी और प्रोग्राम लीडर कृति रानी के नेतृत्व में गांधी फेलो विकास कुमार, सुजॉय दास, प्रियंका यादव, प्रज्ञा गार्गी और आदर्श जैन ने ओखरगरा, पतगाई, बारूह, ओयना, सदमा, सांती, बालू, तेनडर, खटनगा, चामा, बत्ता कंडू और मदनपुर, पिठोरिया, सत्कनाडू, केल्ह्याकनाडू, चामा आदि गांवों में इन कार्यक्रमों का संचालन किया। कार्यक्रम में बताया गया कि पर्यावरण दिवस हर साल पांच जून को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरणीय मुद्दों के समाधान के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। पर्यावरण दिवस हमें यह याद दिलाता है कि पृथ्वी और उसके संसाधनों का संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है। यह दिन हमें अपने पर्यावरण के प्रति सचेत रहने और उसके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने के लिए प्रेरित करता है। यदि हम सभी मिलकर प्रयास करें, तो हम अपने पर्यावरण को संरक्षित कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण प्रदान कर सकते हैं।

# रेलवे सुरक्षा बल ने लड़की को अपहरणकर्ता के चंगुल से बचाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने लड़की को अपहरणकर्ता के चंगुल से बचाया है। साथ ही, आरोपित को गिरफ्तार भी कर लिया है। आरपीएफ ने सोमवार को बताया कि बिहार के गया जिले से एक युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त अपनी बहन का इलाज कराने के लिए रांची के कांके में स्थित सीआईपी आया था।

जानकारी के अनुसार, इलाज के बाद वह अपने घर जाने के लिए रांची स्टेशन आया। रांची स्टेशन के टिकट बुकिंग काउंटर से टिकट लेने के बाद वह मानसिक रूप से विक्षिप्त अपनी बहन को टिकट काउंटर के हॉल में बैठा कर खाना खाना लाने के लिए बाहर चला गया। खाना ले कर लौटा तो उसने अपनी बहन को वहां बैठा नहीं पाया। पहले तो उसने इधर-उधर स्टेशन पर खोज किया, लेकिन बहन नहीं मिली। इसके बाद वह जीआरपी थाना रांची पहुंचा। आरपीएफ प्रभारी दिगंजय शर्मा और जीआरपी प्रभारी प्रदीप मिंज ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ऑपरेशन 'रेल प्रहरी' के अनुसार आरपीएफ पोस्ट में लगे सीसीटीवी को खंगाला। सीसीटीवी में एक व्यक्ति उस मानसिक रूप से विक्षिप्त लड़की को गलत नीयत से बहला-फुसलाकर स्टेशन से बाहर ले गया। आरोपित की सीसीटीवी फुटेज में शिनाख्त करने के बाद आरपीएफ और जीआरपी रांची ने संयुक्त कारवाई करते हुए आरोपित उपेंद्र कुमार को रांची स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-01 पर गिरफ्तार किया। आरोपित नामकुम के रामनगर का रहने वाला है। लड़की को उसके गांव भेज दिया गया।

# पर्यावरण संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

***विजयी प्रतिभागियों को 5 जून को किया जाएगा पुरस्कृत***




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन की ओर से डोरंडा कन्या पाठशाला में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन राज्य के वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जेएसपीसीबी) और पर्यावरण और ऊर्जा विकास केंद्र (सीईईडी) के संयुक्त दस दिवसीय राज्यव्यापी सार्वजनिक अभियान के अंतर्गत किया गया था।

इस अवसर पर संस्था के सैकड़ों बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण संबंधित संदेश अपने पेंटिंग्स के माध्यम से दिया। मौके पर बच्चों को पौधरोपण के लिए भी प्रेरित किया गया। बच्चों ने फेस एवं हैंड पेंटिंग के माध्यम से यह संदेश दिया कि अगर हम पृथ्वी के साथ और प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करेंगे, तो पृथ्वी हमें कभी माफ नहीं करेगी। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को आयोजकों की ओर से 5 जून को होटल बीएनआर चाणक्य में आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। कलाकृति के निदेशक एवं चित्रकार धनंजय कुमार ने बच्चों को पृथ्वी पर हो रहे नकारात्मक परिवर्तन के बारे में बताया। उन्होंने कहा, पृथ्वी को बचाने के लिए सभी को मिल कर प्रयास करने होंगे। इसके लिए सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। सभी बच्चों ने अपने और अपने प्रियजनों के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर पौधा लगाने और उपहार में पौधा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को पौधा उपहार स्वरूप भेंट किया गया। इस अवसर पर संस्था की उपनिदेशिका रजनी, अजय कुमार, आरती, कोमल, शिखा, रिंकी, अर्चना, अमीषा, तन्वी, सुमन, मनस्वी, जाया, सूरज तथा शिक्षक एवं छात्रों का सहयोग रहा।

## न्यूज बॉक्स

### सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्राएं की गईं सम्मानित



**रांची।** राजधानी रांची के बरियातू स्थित सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में चयनित रात्रि पाठशाला के प्रतिभाशाली छात्राओं एवं उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को सोमवार को सम्मानित किया गया। इस मौके पर नए स्कूल एवं छात्रावास में इन ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े बच्चों के सुखद अनुभवों को सुनने व जानने का मौका मिला। इस अवसर पर इनको तैयार करने और इनके सुनहरे भविष्य के लिए शिक्षकों एवं अभिभावकों ने कोई कसर नहीं छोड़ने का संकल्प लिया। कमजोर आर्थिक स्थिति ऐसे छात्रों के रास्ते का रोड़ा ना बने, इसपर भी विमर्श किया गया।

### ट्रैफिक पुलिस के बीच बांटी गई ओआरएस ग्लूकोज और पानी की बोतलें



**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली के सहयोग से डालसा रांची की ओर से सोमवार को प्रचंड गर्मी को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस को पानी की बोतल, ग्लूकोन-डी, ओआरएस के पैकेट और नाश्ता का पैकेट बांटा गया। ये वितरण रांची के कचहरी चौक, रेडियम रोड चौक, फिरायालाल चौक, लालपुर चौक, सर्जना चौक, काली मंदिर, रतन पीपी, सुजाता चौक से होते हुए बिरसा चौक, एचईसी गेट, शालीमार बाजार होते हुए धुर्वा गोल चक्कर चौक तक सभी ट्रैफिक पोस्ट में किया गया। इस अवसर पर डालसा रांची के सचिव कमलेश बेहरा, ट्रैफिक डीएसपी प्रमोद कुमार केशरी, पीएलवी राजेंद्र महतो, शतीश कुमार, संगीता सिंह, पिंकु कुमारी एवं विधि के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से झारखंड के विभिन्न जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है। लू एवं प्रचंड गर्मी से प्रभावित लोगों को लेकर अलग-अलग अखबारों में कई रिपोर्ट प्रकाशित हो रही है। इसके कारण दैनिक मजदूर, खुले सार्वजनिक स्थानों पर तैनात व्यक्ति, फुटपाथ पर रहनेवाले छोटे विक्रेता, यातायात पुलिस एवं अन्य लोग प्रभावित हो रहे हैं।

### ब्लॉक के कारण प्रभावित ट्रेनों का अब सामान्य परिचालन होगा



**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए ब्लॉक लिया जाना था, जिसे अब स्थगित किया गया है। इस कारण निम्नांकित ट्रेनों का सामान्य परिचालन होगा।

**ट्रेनों के परिवर्तित प्रस्थान समय में पुनः परिवर्तन**

- **ट्रेन संख्या 18311 संबलपुर-बनारस द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ दिनांक 05.06.2024 को अपने निर्धारित प्रस्थान समय पर संबलपुर से प्रस्थान करेगी।**
- **ट्रेन संख्या 06066 धनबाद-तांबरम स्पेशल यात्रा प्रारंभ दिनांक 05.06.2024 को अपने निर्धारित प्रस्थान समय पर धनबाद से प्रस्थान करेगी।**
- **ट्रेन संख्या 06092 बरौनी-कोच्चुवेली स्पेशल यात्रा प्रारंभ दिनांक 04.06.2024 को अपने निर्धारित प्रस्थान समय पर बरौनी से प्रस्थान करेगी।**

**ट्रेनों का आंशिक समापन/प्रारंभ में परिवर्तन**

- **ट्रेन संख्या 18452 पुरी-हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ दिनांक 04.06.024 का पुरी से हटिया तक सामान्य परिचालन होगा।**
- **ट्रेन संख्या 18451 हटिया-पुरी तपस्विनी एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ दिनांक 05.06.2024 का हटिया से पुरी तक सामान्य परिचालन होगा।**
- **ट्रेन संख्या 15028 गोरखपुर-संबलपुर मौर्य एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ दिनांक 04.06.2024 का गोरखपुर से संबलपुर तक सामान्य परिचालन होगा।**
- **ट्रेन संख्या 15027 संबलपुर-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ दिनांक 05.06.2024 का संबलपुर से गोरखपुर तक सामान्य परिचालन होगा।**

---

**दिए सख्त निर्देश** / रांची में बढ़ते अपराध को लेकर डीजीपी ने की बैठक

# ड्रग्स पेडलर्स को चिह्नित कर कार्रवाई करें : डीजीपी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




डीजीपी अजय कुमार सिंह ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय में अपराध और विधि व्यवस्था को लेकर एक समीक्षा बैठक की। राजधानी रांची में बीते कई दिनों से अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। शहर में दिनदहाड़े हत्या लूट और छिनतई की वारदात को अपराधी अंजाम दे रहे हैं। बढ़ते अपराध को रोकने के लिए राज्य के डीजीपी ने पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक की और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने राज्य में गठित मुख्य अपराध शीर्षों की तुलनात्मक अपराध समीक्षा की, जिसमें विगत तीन वर्षों के कुल संज्ञेय अपराधों की तुलनात्मक समीक्षा सहित हत्या, डकैती, लूट, गृहभेदन, चोरी, फिरौती के लिए अपहरण एवं दुष्कर्म जैसे विषयों पर विचार विमर्श किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। कार्रवाई की पूरी जानकारी लेते हुए नए अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने, ड्रग्स नेटवर्क का पता करते हुए उसमें संलिप्त अंतिम अपराधकर्मी तक पहुंचकर उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने तथा शैक्षणिक संस्थानों के आसपास बेचे जाने वाले ड्रग्स पेडलर्स को चिह्नित कर कार्रवाई करने सहित जमीन विवादों के मामलों पर भी रोक लगाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान पुलिस उप-महानिरीक्षक रांची के द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान रांची में हुए संवेदनशील अपराधों पर प्रस्तुति दी गई, जिसमें हाल के दिनों में घटित संवेदनशील कांडों के विरुद्ध कार्रवाई के अलावा विभिन्न थानों में लंबित कांडों, राजधानी रांची में सक्रिय संगठित आपराधिक गैंग और उसके सदस्यों की गतिविधियों पर चर्चा करते हुये हत्या, लूट, डकैती, अपहरण और रंगदारी जैसी वारदातों को अंजाम देने वाले बड़े अपराधियों पर कार्रवाई के लिए बनी ठोस रणनीतियों के संबंध में डीजीपी को जानकारी दी।

### रात 11 बजे के बाद ब्रेथ एनालाइजर से चेक होगा

**डीजीपी** ने रांची जिला में लगातार हो रही चेन स्नेचिंग एवं छिनतई की घटनाओं पर नाराजगी व्यक्त करते इसपर पूरी तरह से रोक लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने हाल ही में घटित चुटिया के एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल में हुई हत्या की घटना पर नाराजगी जताई। उन्होंने सभी थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बार का सत्यापन करने, रात 11 बजे के बाद ब्रेथ एनालाइजर से चेक करने, सभी बार में कार्यरत बॉउंसर के आपराधिक इतिहास की जांच करने और पुलिस के जरिए रात्रि गश्ती पर विशेष रूप से ध्यान देने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही।

# रांची सदर अस्पताल में पहली बार बड़ी आंत के कैंसर का सफल ऑपरेशन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सदर अस्पताल में पहली बार बड़ी आंत के कैंसर का सफल ऑपरेशन किया गया। लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अजीत कुमार ने सोमवार को बताया कि पिंकी देवी (35) रांची के चटकपुर की रहने वाली हैं। सर्जरी विभाग में बवासीर का शक होने पर नवंबर 2023 में दिखाने आई थीं। उनका कोलोनोस्कोपी और बायोप्सी कराया, जिसमें कैंसर का पता चला।

इसके बाद मरीज को कैंसर सर्जरी विभाग के डॉ प्रकाश भगत के पास रेफर कर दिया गया। उन्होंने पूरी जांच कराई, तो पता चला कि बड़ी आंत का कैंसर मलद्वार के मुंह के ढाई-तीन सेंटीमीटर नजदीक तक पहुंच गया है। फिर उन्हें चार साइकिल कीमोथेरेपी, दो-दो सप्ताह के अंतराल पर दी गई। इसके बाद रेडियोथैरेपी भी दी गई। रेडियोथैरेपी के दो महीने के बाद उनका सफल ऑपरेशन किया गया। इस ऑपरेशन में बड़ी आंत का बड़ा सा हिस्सा हटाना पड़ा। मरीज अब खा-पी रही हैं और उनका स्टोमा काम कर रहा है।

कुमार ने बताया कि यह ऑपरेशन और कीमोथेरेपी आयुष्मान योजना के तहत बिल्कुल निःशुल्क हुआ। आमतौर पर इस ऑपरेशन को निजी अस्पतालों में कराने पर पूरे इलाज में लगभग पांच लाख से ऊपर का खर्च आता है। चिकित्सकों की टीम में कैंसर सर्जन डॉक्टर प्रकाश भगत, एनीस्थिटिस्ट डॉ जयवंत मुर्मू, ओटी असिस्टेंट सिस्टर सरिता, पूनम, ओटी असिस्टेंट सुशील सहित अन्य शामिल थे।




# मतगणना स्थल पर चार लेयर में रहेगी कड़ी सुरक्षा

## एक हजार पुलिसकर्मी रहेंगे मुस्तैद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चार चरणों के मतदान के 4 जून मंगलवार को पूरे देश के साथ रांची लोकसभा सीट का मतों की गिनती जाएगी। राजधानी के पंडरा में कृषि बाजार समिति में मतगणना स्थल बनाया गया है। जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। साथ ही पूरे शहर में राजनीतिक पार्टियों के कार्यालयों सहित प्रमुख चौक-चौराहों पर सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किए गए हैं। पूरे पंडरा बाजार परिसर में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात हैं।

सुरक्षा के लिए रांची जिले के अलावा सीआरपीएफ जवानों को भी लगाया गया है। इसके लिए अतिरिक्त एक हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसके साथ तीन आईपीएस स्तर के अधिकारी, दो डीएसपी और छह इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। दो घेरे की सुरक्षा का जिम्मा जिला बल और एक घेरा जैप के जिम्मे रहेगा। चौथे घेरे मतगणना स्थल की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआरपीएफ के जवानों की होगी। इसके अलावा मतगणना केंद्र के आसपास और शहर की सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता की गयी है। इस संबंध में रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि हर तरफ चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। पूरे मतगणना प्रक्रिया के दौरान पुलिसकर्मी अलर्ट रहेंगे। गहन जांच के बाद ही कोई भी मतगणना स्थल तक जा पाएगा। मतगणना स्थल पर अधिकारियों और प्रत्याशियों के मतगणना एजेंट के लिए जो प्रवेश द्वार बनाए गए हैं, वहां मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगे। प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर भी लगा है। इसके लिए पुलिसकर्मियों को विशेष तौर पर हिदायत दी गयी है कि भीड़ जुटने की स्थिति में उन्हें दूर रखा जाएगा। पंडरा बाजार समिति के मुख्य द्वार से केवल प्रत्याशियों और उनके एजेंट्स को प्रवेश करने दिया जाएगा।

रांची के पंडरा बाजार समिति प्रांगण में लोकसभा चुनाव की मतगणना के मद्देनजर पंडरा इलाके की रूट में बदलाव किया गया है। चूंकि, मतगणना के दौरान बड़ी संख्या में लोग पंडरा स्थित स्ट्रांग रूम पर पहुंचते हैं।प्रशासनिक अधिकारी भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। इसे देखते हुए ट्रैफिक एसपी ने ट्रैफिक रूट में बदलाव किया है। इसके अनुसार शहर में सुबह छह बजे से रात नौ बजे तक पंडरा इलाके में भारी वाहनों की नो एंट्री होगी। एक ओर तिलता मोड़ तो दूसरी ओर पिस्का मोड़ पर भारी वाहनों (मालवाक ट्रक व अन्य) के रूट डायवर्ट किए जाएंगे।

### मतगणना केंद्र के कैंपस से बाहर निकलने पर दोबारा एंट्री नहीं

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतगणना की तैयारी को लेकर झारखंड के सीईओ (मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी) के रवि कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग के नियम के अनुसार मतगणना केंद्र के अंदर किसी भी तरह की कम्युनिकेशन डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं है। मतगणना केंद्र के अंदर प्रवेश कर गए एजेंट मतगणना केंद्र के कैंपस से बाहर निकले, तो दोबारा वह अंदर नहीं आ सकेंगे। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान पलामू और चतरा में पारा 44 डिग्री के करीब रहने की संभावना है। कोल्हान में दोपहर बाद बारिश का पूवार्नुमान है।



### काउंटिंग हॉल में नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल, कैमरा व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण : एसएसपी

**रांची ।** रांची लोकसभा क्षेत्र के मतगणना केन्द्र में सुरक्षा के कड़े और व्यापक इंतजाम किये गये हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मतगणना के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। मतगणना भवन में मोबाइल, कैमरा या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ प्रवेश वर्जित है। मतगणना हॉल में प्रवेश से पूर्व जितने भी व्यक्तियों का मतगणना हॉल के लिये प्रवेश पत्र होगा, उसकी गहन जांच की जाएगी। निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि मतगणना के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, कर्मी और सुरक्षा कर्मी जिनके पास प्रवेश पास होगा, वे ही हॉल में प्रवेश कर सकेंगे, किसी अन्य व्यक्ति को हॉल में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मतगणना हॉल में केवल आवश्यक सामग्री जैसे- आधिकारिक दस्तावेज, पहचान पत्र और ड्यूटी संबंधी उपकरण ले जाने की ही अनुमति होगी।

### श्रावणी मेला को लेकर सरकार ने शुरू की तैयारी

**रांची।** श्रावणी मेला इस वर्ष 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। राज्य सरकार ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इस बार श्रद्धालुओं को कई तरह की सुविधाएं देने की तैयारी है। इसमें एसी अस्पताल से लेकर एंबुलेंस तक की सुविधा शामिल है। सरकार ने इस बार श्रावणी मेले के लिए तीन करोड़ का बजट तैयार किया है। श्रावणी मेले में होने वाली भीड़ को देखते हुए इस बार प्रशासन अलग से टोटो एंबुलेंस की भी व्यवस्था करेगा। भीड़ के दौरान यह देखा जाता है कि संकीर्ण सड़कों के कारण मरीजों को अस्पताल ले जाने में दिक्कत होती है। इसलिए संकीर्ण स्थान के लिए टोटो एंबुलेंस का प्रयोग किया जाएगा।

## एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार को किया सील, लाइसेंस सस्पेंड

*मतगणना को लेकर शराब की दुकानें आज रहेंगी बंद*

**नवीन मेल संवददाता। रांची**

रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल को उत्पाद विभाग ने सील कर दिया। साथ ही, उसके लाइसेंस को सस्पेंड कर दिया है। बीते 27 मई को हुई गोलीकांड की घटना के बाद उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार को यह कार्रवाई की है। सहायक आयुक्त उत्पाद अरुण कुमार मिश्रा ने सोमवार को बताया कि बार के लाइसेंस को सस्पेंड कर दिया गया है और सील कर दिया गया है।




उन्होंने बताया कि मतगणना को लेकर चार जून को जिले में शराब की सभी दुकानें बंद रहेगी। टीम सभी जगहों पर पैनी नजर रखेगी। उल्लेखनीय है कि 26 मई की देर रात चुटिया थाना क्षेत्र में एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल में खाने- पीने के दौरान बार के बाउंसर और पांच लोगों के बीच मार पीट की घटना हुई थी। इस दौरान बार के बाउंसर ने पांच लोगों को जमकर पीटा था। मारपीट की घटना की सूचना चुटिया थाना को मिलने पर थाना के पदाधिकारी बार में पहुंचे। पुलिस के आने से पहले एक व्यक्ति के अलावे अन्य सभी लोग वहां से चले गये थे। पुलिस उस एक व्यक्ति को चुटिया थाना ले गई। इसके बाद देर रात 01:18 बजे बार के डीजे संदीप उर्फ सैंडी बार के बाहर स्थित लिफ्ट के सामने खड़े थे, उस वक्त लिफ्ट से एक हथियार बंद व्यक्ति दूसरे तल पर स्थित बार में आया और लिफ्ट के सामने खड़े डीजे सैंडी, जो टैक्सी के इंतजार में खड़ा था, को आते ही गोली मार दी। गोली मारने के बाद आरोपित सीढ़ी से नीचे उतरा। फिर बार के शीशे पर नीचे से गोली चलाई। जब पुलिस की गश्ती दल गोली की आवाज सुनकर पहुंचा, तो आरोपित घटना स्थल से भाग गया। पुलिस टीम गोलीबारी में घायल डीजे को इलाज के लिए रिम्स ले गई, जहां इलाज के क्रम में डीजे संदीप प्रमाणिक उर्फ सैंडी की मौत हो गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बार में डीजे संदीप की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मुख्य आरोपित अभिषेक सिंह उर्फ विक्की सिंह को बिहार के गया जिले के अलीपुर थाना क्षेत्र से विगत 27 मई को गिरफ्तार किया था। मामले में पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार कर 28 मई को जेल भेज दिया था। साथ ही, मामले को लेकर तीन एफआइआर दर्ज की थी। अबतक पुलिस ने मामले में 20 आरोपितों को जेल भेज चुकी है।

## अधिवक्ता परिषद की रांची सिविल कोर्ट इकाई का हुआ पुनर्गठन



**रांची ।** अधिवक्ता परिषद झारखंड की व्यवहार न्यायालय (सिविल कोर्ट) रांची इकाई की बैठक प्रदीप कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में सोमवार को राजधानी स्थित हेमसी हाइट्स में की हुई। इसमें अधिवक्ता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सह क्षेत्रीय संगठन आयाम प्रमुख राजेंद्र कुमार मिश्र, राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद कुमार गुप्ता व डॉ भीम महतो, प्रांतीय संगठन आयाम टोली के सदस्य हराधन प्रमाणिक व लीना मुखर्जी विशेष तौर पर उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदीप कुमार चौरसिया ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया और विजय कुमार पांडेय ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष नंद किशोर महतो ने आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बैठक में परिषद के कार्यकलापों पर वक्ताओं ने चर्चा करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरल, सुलभ व सस्ता न्याय दिए जाने की बातें कही। बैठक में परिषद की सदस्यता की बातें भी बताई गईं। वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए न्यायप्रवाह की सदस्यता लेने व निःशुल्क न्याय परामर्श केंद्र चलाने की चर्चा की। सभा का संचालन विजय कुमार पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन श्यामा राम ने किया।प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार-झारखंड के संगठन आयाम प्रमुख राजेंद्र कुमार मिश्र ने सत्र 2024-27 के लिए पुनर्गठित समिति की घोषणा की। इसमे संरक्षक मंडल सदस्य कृष्ण कुमार, पंचदेव सिंह, श्यामा राम, सुशील कुमार, राजदेव दूबे, विनय प्रसाद, अशोक कुमार शुक्ल व किसन माहेश्वरी बनाए गए हैं। अध्यक्ष प्रदीप कुमार चौरसिया, उपाध्यक्ष सह संगठन आयाम संयोजक अमरदीप प्रजापति, उपाध्यक्ष सह लिटिगेशन आयाम संयोजक जगदीश चंद्र पांडेय, उपाध्यक्ष सह आउटरीच संयोजक रवींद्र कुमार, महामंत्री विजय कुमार पांडेय, मंत्री सह संगठन आयाम सह संयोजक सुमन कुमार साह, मंत्री व लिटिगेशन आयाम सह संयोजक ज्योति कच्छप, मंत्री व आउटरीच आयाम सह संयोजक आशुतोष गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिवशंकर साहु, न्यायप्रवाह प्रमुख गंगाधर नायक, सह प्रमुख ईशान वर्मा, न्यायकेंद्र एवं स्वाध्याय मंडल प्रमुख सुरोजित कुमार राय, सह प्रमुख अभिषेक कुमार पॉल व राजेश कुमार सिंह, महिला प्रमुख दर्पणा तमांग, सह प्रमुख नेहा शर्मा बनाए गए हैं। संगठन आयाम टोली सदस्यों में नंद किशोर महतो, परीक्षित महतो व अनामिका शर्मा, लिटिगेशन आयाम टोली सदस्यों में गणेश प्रसाद, राजीव रंजन ठाकुर व आरती ललन गुप्ता, आउटरीच आयाम टोली सदस्यों में अनुज कुमार महतो, सुमन पाठक, श्रवण कुमार व ज्योति आनंद को शामिल किया गया है। कार्यसमिति सदस्यों में ओमप्रकाश कश्यप, रामकृष्ण भगत, बबलू सिंह, बीरेंद्र प्रताप , पुष्पा कुमार कूजूर, लाल अंजय नाथ शाहदेव, शंकर टोप्पो, रूद्र कुमार मिश्र, मुकेश केसरी, इंद्रभूषण कुमार, पूर्णिमा तिर्की व रश्मि इंदवार शामिल हैं। कृष्ण गोपाल निताई, अखौरी अंजनी कुमार, अरविंद कुमार मित्रा, डॉ भीम महतो, प्रमोद कुमार गुप्ता, पवन कुमार मंडल व अशोक कुमार सिन्हा विशिष्ट आमंत्रित सदस्य हैं। इस अवसर पर शंकर लाल गोंझू, उदय चौरसिया, बार के उपाध्यक्ष बीके राय, संजय कुमार तिवारी, अनंतेश्वर प्रसाद, अशोक कुमार, रवींद्र कुमार, श्याम कुमार सिंह, अजय पारीक, अशोक कुमार वर्मा, परसुराम प्रसाद, विनोद सिंह, राजू साही, किशोर कुणाल, आशुतोष दूबे व शैलेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे।

## चुनाव आयोग के सामने अपनी साख बचाने की चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता ने चुनाव आयोग से अनुरोध करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को अपनी साख बचाने के लिए लिए चार जून का सही समय है। वह अपने गठन के उद्देश्यों के तहत काम करते हुए पूरी दुनिया के सामने एक मिसाल कायम करने का काम करेंगी। क्योंकि आज हर शहरी और ग्रामीण मतदाता आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा कर रहा है।

झामुमो प्रवक्ता सोमवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

अब तक देश का सबसे लंबा चुनावी कार्यक्रम जो एक पार्टी विशेष के लिए किया गया। देश की आजादी के बाद 1951 में चुनाव आयोग का गठन हुआ। आयोग के लिए एक नियम और नीति बनायी गयी ताकि भारत जैसे लोकतांत्रिक



देश में सभी को समान अधिकार और अवसर प्राप्त हो। सभी समान रूप से अपनी भावना व्यक्त कर सकें। देश आजादी के बाद पहली बार इतना लंबा चुनावी अभियान चला। यह पहली बार हुआ कि चुनाव आयोग ने जिस प्रकार से पार्टी विशेष के पक्ष में चुनाव के कार्यक्रम और तिथियां तय की। इसके साथ ही जो वक्तव्य की, जो शालीनता होनी चाहिए उसका मान मर्दन किया गया। उस पर आयोग ने आंख मूंदे और कान बंद रखा। इतना ही नहीं अपने होठ भी सिल लिए।

### कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की हिरासत अवधि 18 जून तक बढ़ी

**रांची।** हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग से पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सोमवार को हुई। कोर्ट ने उसकी न्यायिक हिरासत की अवधि 18 जून तक बढ़ा दी है। इजहार अंसारी, इश्तियाक अंसारी के अलावा उसकी एक कंपनी के खिलाफ ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था, जिसपर ईडी की विशेष अदालत संज्ञान ले चुकी है। बीते 16 जनवरी को ईडी ने हजारीबाग स्थित उसके आवास एवं फैक्ट्री पर छापा मारा था। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। 70 करोड रुपए के कोल लिंकेज के हेरा-फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपी है। निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार की पहल पर खान विभाग के अधिकारियों ने इजहार अंसारी की कंपनी को कोल लिंकेज देने की अनुशंसा की थी।

## झारखंड में पहली बार सभी 14 सीटों पर हिंसा के बिना मतदान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा है कि झारखंड में पहली बार सभी 14 सीटों पर हिंसा के बिना मतदान संपन्न हुआ है। राज्य में 3479 बूथ नक्सल प्रभावित और 9460 संवेदनशील बूथ है। बावजूद इसके कहीं से भी किसी तरह की हिंसा नहीं हुई। चुनाव में 40 हजार जवानों को लगाया गया था। राज्य पुलिस के अलावा केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 200 कंपनियों को तैनात किया गया था। पहली बार 40 बुथों पर चुनाव संपन्न कराया गया। इससे पहले इन 40 बूथों पर मतदान नहीं हुए थे। उन्होंने चुनाव कार्य में लगे पुलिस के अधिकारियों और जवानों को बधाई दी। डीजीपी ने सोमवार को बताया कि गुमला के 13, लोहरदगा के 14, चाईबासा के 126, लातेहार के 65 और गढ़वा के आठ बूथों पर हेलिकॉप्टर से जवानों एवं मतदानकर्मियों को



पहुंचाया गया। आदर्श अचार संहिता के दौरान 243 हथियार जब्त किया गया। 14,581 लाइसेंसी हथियार को जमा कराया गया और 2,052 हथियार का लाइसेंस रद्द किया गया। साथ ही जांच के दौरान पुलिस ने 84.52 करोड़ रुपया जब्त किया। डीजीपी ने कहा कि झारखंड में साल 2021 और 2022 की तुलना में साल 2023 में अपराधिक घटनाओं में कमी आई है। उन्होंने कहा कि हत्या, लूट, गृहभेदन, चोरी, फिरौती के लिए अपहरण, दुष्कर्म जैसी घटनाओं में साल 2021 और 2022 की तुलना में 2023 में कमी आई है।

### जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 10 को

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 10 जून निर्धारित की है। इससे पूर्व सात मई को कोर्ट ने उसके खिलाफ किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी थी उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक 10 जून तक जारी रहेगी। कोर्ट ने इस केस के अनुसंधानकर्ता को केस डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। इसके आलोक में केस डायरी प्रस्तुत कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में दर्ज कांड संख्या 48/2022 में वारंट लिया है।

## बेसिर-पैर वाला एग्जिट पोल पूरी तरह से गलत : राजेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मीडिया चैनलों के एग्जिट पोल पूरी तरह से नकारते हुए कहा कि जो एग्जिट पोल आए हैं वह एक नॉन बायोलॉजिकल व्यक्ति द्वारा साइकोलॉजिकल इफैक्ट अधिकारियों और हताश निराश भाजपा नेताओं और कार्यकताओं पर दबाब डालने का प्रयास है। एग्जिट पोल एग्जैक्ट पोल से बिल्कुल अलग है। जिस तरह की बेसिर पैर और विभिन्न तरीके से तरह-तरह के एग्जिट पोल दिखाएं गए हैं वह बिल्कुल गलत है। कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कई संस्थाओं द्वारा उन्हीं एग्जिट पोलों को जगह दी गई है जिसमें एनडीए को बढ़त थी, बाद में उसे मैनेज करने को और भी कई एग्जिट पोल आए, जिसमें किसी को उतरी




किसी को दक्षिणी तो किसी को पूर्वी और किसी को पश्चिमी राज्यों में ज्यादा दिखा दिया गया। यह देश का चुनाव है और देश के चुनाव में लोग मुद्दों पर वोट देते हैं और मुद्दों पर कभी भी केंद्र सरकार या भाजपा के नेताओं द्वारा कोई बातचीत नहीं की गई, इसका सीधा मतलब यह है कि पिछले 10 वर्षों से जनता से वह जो वादे कर रहे थे, उस पर खरे नहीं उतर पा रहे थे। दो करोड़ रोजगार देने, 15 लाख देने और महिलाओं को सम्मान देने की अपनी बात पर वह खरे नहीं उतरे। उन्होंने मुद्दों की नहीं चुनिंदों की बात की । चुनिंदों की बात इसलिए की कि अडानी और अंबानी द्वारा टेंपो से काला धन भेजने की बात पर देश की किसी संस्था या एजेंसी ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि जो एग्जिट पोल दिखाएं गए हैं, उससे एग्जिट पोल की विश्वसनीयता समाप्त होने वाली है, पूरे देश में अधिकारियों पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है कि मतगणना हमारे पक्ष में है इसलिए जैसा हम चाहते हैं वैसा करें।

## इंडी गठबंधन को देश की जनता करेगी एग्जिट : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झामुमो और कांग्रेस के एग्जिट पोल दिये बयान पर प्रतिक्रिया दी । उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि अपनी निश्चित हार को देखकर विपक्ष बहाने खोज रहा है। मीडिया को टारगेट किया जा रहा है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्न किया जा रहा है। एग्जिट पोल पर इनको विश्वास नहीं है। लेकिन अब तो इनको राजनीतिक रूप से देश की जनता एग्जिट करवाने वाली है। प्रतुल ने कहा ने कहा कि पहले विपक्ष ईवीएम हैक का नारा लगाता था। फिर गृह मंत्री पर डेढ़ सौ डीएम से बात करने की बिना सुबूत का बेबुनियाद आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि विपक्ष हार के बहाने भी ठीक से खोज नहीं पा रहा है। कभी ईवीएम हैक की बात कर रही है तो कभी डीएम हैक की। कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडी गठबंधन



अपने शहजादे के नेतृत्व में एक और बड़ी हार को झेलने जा रहा है। प्रतुल ने कहा कि तमाम एग्जिट पोल बता रहे हैं कि एनडीए गठबंधन 400 सीटों के आंकड़े को छूएगी या पार करेगी। यही एग्जिट पोल इंडी गठबंधन को 80 से 140 सीट तक दे रहे हैं। अब कांग्रेस स्पष्ट करे कि वो अपने दावे के 295 सीटें कहां से लायेगी ? प्रतुल ने कटाक्ष किया कि क्या बाकी बची हुई सीटों को अब्दुल टेंट हाउस से कांग्रेस मंगवाएगी। क्योंकि इसी अब्दुल के नाम पर इन्होंने चुनाव लड़ा था और इसी अब्दुल को आरक्षण देने की बात भी कही थी।

### वोटर लिस्ट से नाम कटने में गहरी साजिश : भाजपा

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व मे चुनाव आयोग पहुंचकर पूरे एक गांव के सभी मतदाता का नाम मतदाता सूची से गायब करने के संदर्भ मे दोषियों के खिलाफ कारवाई की मांग किया। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की गोड्डा लोक सभा के जरमुंडी विधानसभा के नोआ मुंडी ग्राम के 200 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से गायब है, जब गांव के निवासी बूथ पर अपना वोट डालने पहुंचे तो बताया गया की उनका नाम मतदाता सूची मे नहीं है, इस पर ग्रामीणों ने बताया की वे सालों से वोट डालते आ रहे हैं कैसे उनका नाम कट गया तो प्रशासन के द्वारा कहा गया की वे लोग अब कुछ नहीं कर सकते।

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की शिकायतवाद पर 15 जून को सुनवाई

**रांची।** ईडी के समन की अवहेलना मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की शिकायतवाद पर अब 15 जून को सुनवाई होगी। सीजेएम कोर्ट कृष्ण कांत मिश्रा ने सोमवार को यह मामला एमपी एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया है। पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिए जाने के बावजूद भी हेमंत सोरेन की उपस्थिति चौथी बार सीजेएम कोर्ट में नहीं हुई थी। मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सीजेएम कोर्ट के समन आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट में यह मामला अभी लंबित है।

#### क्या है मामला

ईडी ने समन की अवहेलना करने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में ईडी की ओर से 19 फरवरी को शिकायत वाद दर्ज किया था, उस पर गत चार मार्च को सीजेएम की अदालत ने सुनवाई करते हुए संज्ञान लिया था और मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत को बताया था कि जमीन की खरीद-बिक्री मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को दस बार समन जारी किया गया था। आठवे समन पर 20 जनवरी और दसवें समन पर 31 जनवरी को ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे।

## एक नजर

### आगजनी की जायजा लेने पहुंचे कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी, दिया सांत्वना



**बरही ।** बीते रात कोनरा डीवीसी स्थित पंसस मो सगीर के ए टू जेड फर्नीचर दुकान में आग लग जाने से पूरा दुकान जलकर स्वाहा हो गया. इस घटना में लाखो रुपए की क्षति का मामला सामने आया है. सोमवार को घटना का जायजा लेने झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह बरही विस प्रभारी बिनोद विश्वकर्मा, अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के विस अध्यक्ष मो कयूम अंसारी, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा आदि कई लोग घटना स्थल पर पहुंचे. दुकान संचालक से मुलाकात किया, और सारी घटनाओं की जानकारी ली. सबों ने विपदा की घड़ी में संचालक को सांत्वना देते हुए हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया.

### फुड पॉइजनिंग मामले में डीएमएसओ ने बरही के दो राशन दुकान का किया निरीक्षण

**बरही ।** बेंदगी फुड पॉइजनिंग प्रकरण का मुख्य कारण नॉन एडिबल घी और एक्सपायर्ड सूजी सामने आया है. उक्त बातें जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने बताया. नॉन एडिबल घी मंदिर प्रबंधन ने पहले से पूजा के लिए रखा था. हलवा बनाने के क्रम में घी घटने पर महिला रसोईया ने अनजाने में प्रसाद बनाने में उसका प्रयोग किया. वही सूजी भी 18 मई को एक्सपायर्ड हो चुका था. जिसे बरही चौक के खुदरा विक्रेता दशरथ साव के दुकान से खरीदा गया था. जिसे खुदरा विक्रेता ने गया रोड स्थित थोक विक्रेता राहुल ट्रेडिंग से खरीदने का काम किया था. दोनो दुकानों का निरीक्षण कर खुदरा विक्रेता के दुकान में पड़े करीब 8 किलोग्राम एक्सपायर्ड सुजी को विनष्ट करवाया गया है. साथ ही सूजी का सैंपल टेस्ट के लिए लैब भेजा गया है. जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित कारवाई की जायेगी.

### श्री शिव मंडा पूजा समिति तिलैया ने धूमधाम से मंडा पूजा का किया आयोजन

**रामगढ़।** श्री श्री शिव मंडा पूजा समिति तिलैया द्वारा 2 जून को धूमधाम से मंडा पूजा का किया गया आयोजन किया गय. इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. जिसके तहत रात्रि 9:00 बजे शिव भक्तों द्वारा लोटन सेवा का अनुष्ठान संपन्न किया गया. उसके उपरांत 10:00 बजे छउ नृत्य आरम्भ हुआ. जिसमें कलाकारों ने विभिन्न पौराणिक कथाओं पर करतब पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया. वहीं, 3 जून को सुबह 6:00 बजे अग्नि देव की पूजा के उपरांत फूल खुंदी का अनुष्ठान संपन्न किया. इस दौरान श्रद्धालुओं ने नंगे पाँव आग पर चलकर अपनी आस्था का परिचय दिया. इसके उपरांत सुबह 7:00 बजे वनश झूला का कार्यक्रम हुआ. जिसमें श्रद्धालुओं ने अपनी पीठ पर कील ठुकवाकर वनश झूला झूलकर अपनी आस्था और भक्ति का परिचय दिया.

**सुशीला देवी हत्याकांड का एसआईटी ने किया उदभेदन**

# गहने और पैसों के लिए किया था कत्ल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

गत 30 मई को सुबह लगभग 9:00 बजे रामगढ़ थाना अंतर्गत पतरातू बस्ती विद्यागनर में सेवा निवृत रेलवे कर्मी अशर्फी प्रसाद के घर में अपराध कर्मियों ने घूसकर उनकी पत्नी सुशीला देवी की हत्या कर नकदी एवं आभूषण की लूटपाट कर साक्ष्यों को छुपाने के उद्देश्य से घर में आग लगा दिया। इसकी जानकारी 3 जून को प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार द्वारा दी गई । प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि घटना के संदर्भ में रामगढ़ थाना कांड संख्या-150/2024, दिनांक 30.05.2024, धारा-394/ 302/436/ 448/427 भादवि के तहत अज्ञात अपराधकर्मियों के पंजीकृत कर अनुसंधान आरंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ० बिमल कुमार द्वारा घटना की संवेदनशीलता एवं गंभीरता को ध्यान में रखते हुए इसे चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुये स्वयं के नियमित, सतत एवं निकट निगरानी में काण्ड का उदभेदन, अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं लूटे गये सम्पत्ति तथा घटना में प्रयुक्त सामानों की बरामदगी के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को प्राप्त गुप्त सूचना पर तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन किया गया। साक्ष्यों के आधार पर करीब 72 घंटे में इस कांड का उदभेदन करते हुये कांड में शामिल मुख्य साजिशकर्ता कुमारी स्नेहा एवं उनके पति-आरिफ नैयर उर्फ आर्या के अलावे कांड में शामिल एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के क्रम में अपना-अपना अपराध स्वीकार किया एवं उनलोगों की निशानदेही पर हत्या करने में प्रयुक्त चाकू, लूटे गये जेवरात, घटनास्थल तक आने एवं जाने में इस्तेमाल किया गया वाहन, मोबाईल फोन, घटना के समय पहना गया जूता, सीसीटी का डीवीआर एवं अन्य सामानों को बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के पीछे का मूल कारण इनकी आर्थिक तंगी और बहुत आसानी से मृतिका के घर से भारी मात्रा में जेवरात/पैसा प्राप्त होने की संभावना, आपसी रंजिश एवं बदले की भावना से मृतिका की बहू की बहन एवं उसके दूसरे पति द्वारा अपने सहयोगियों के साथ योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया गया।

> अभियुक्तों की गिरफ्तारी व लूटे गये सम्पत्ति की बरामदगी के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया

# सदर अस्पताल के डॉ राहुल सिंह को हैदराबाद में मिला विशेष सम्मान




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हैदराबाद में स्थित एआईजी फेलोशिप होस्पिटल में आयोजित दीक्षांत समारोह में हजारीबाग सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राहुल कुमार सिंह को पुरस्कृत कर विशेष सम्मान मिला। एआईजी फेलोशिप होस्पिटल के अध्यक्ष डॉ. डी नागेश्वर रेड्डी हाथों प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित होने का गौरव प्राप्त किया। साथ ही उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कर जमकर चिकित्सा के क्षेत्र में अमुल्य योगदान देने के लिए सरहाना मिला। एआईजी फेलोशिप होस्पिटल में बारह महीने की उन्नत रोग प्रबंधन फेलोशिप सफलतापूर्वक पूरी की। चिकित्सक डॉ राहुल कुमार सिंह हजारीबाग सदर अस्पताल में चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित हैं। वे मूलतः चतरा जिले के मयूरहंड प्रखण्ड स्थित नरचाही ग्राम के रहने वाले है। चिकित्सक डॉ राहुल कुमार सिंह ने चिकित्सक रिम्स से पूरी की। बतौर सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में डॉ राहुल कुमार सिंह सेवाएं दे रहे हैं।

**फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठक संपन्न**

# फाइलेरिया रोग से ग्रसित लोगों को जांच कराना जरूरी : रेणु देवी



**नवीन मेल सयंवाददाता। बरकट्ठा**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा सभागार में सोमवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 2024 के तहत आगामी तीन जून और सात जून को बरकट्ठा अंतर्गत साव टोला एवं गंगपाचो में आयोजित होने वाले रात्रि रक्त पट्ट संग्रह को लेकर प्रखंड प्रमुख रेणु देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस निमित कई पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया और निर्णय लिए गए। कार्यक्रम के तहत 21 वर्ष हो चुके लोगों द्वारा रक्त पट संग्रह किया जाएगा। वहीं बैठक में चर्चा की गई कि यह कोई जरूरी नहीं की जो व्यक्ति फाइलेरिया रोग से ग्रसित है उसी को जांच करवाना है। यह जांच सभी आम व्यक्तियों को करवाना है। फाइलेरिया जांच करवाना हर व्यक्ति को जरूरी है क्योंकि यह एक सर्वे कार्यक्रम है जिसमें सभी व्यक्तियों को रक्त पट संग्रह कर उसके खून में मौजूद माइक्रो फाइलेरिया पैरासाइट की जांच की जानी है। क्योंकि फाइलेरिया रोग के लक्षण व्यक्तियों में तुरंत दिखाई नहीं देते हैं ।अगर व्यक्ति के खून में फाइलेरिया के पैरासाइट इंजेक्ट होता है तो कई वर्षों के पश्चात ही उनमें इस रोग के लक्षण दिखाई पड़ते हैं एवं ग्रामीण फाइलेरिया रोग से ग्रसित न हो इसके लिए नाइट ब्लड सर्वे एवं एमडीए कार्यक्रम का आयोजन प्रतिवर्ष प्रखंड में आयोजित होता है। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर रत्ना रानी कुंज ,बीपीएम रंजीत कुमार सिंह,बीएएम भाविश कुमार,बीडीएम सत्यनारायण कुमार समेत अन्य चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।

# राधा गोविंद विवि में अभ्यर्थियों का लिखित व साक्षात्कार परीक्षा संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ द्वारा विश्वविद्यालय की प्रशासनिक एवं शैक्षणिक पदों की नियुक्ति के लिए आवेदित अभ्यर्थियों का लिखित एवं साक्षात्कार परीक्षा 2 जून 2024 को राधा गोविंद विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने दी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य सरकार द्वारा निर्देशित नियमानुसार प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं कार्यालय के लिए सभी निर्धारित पदों पर योग्य, शिक्षित, कर्मठ एवं अनुभवी अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए देश एवं राज्य के प्रमुख विश्वविद्यालयों के विभिन्न विषयों के अनुभवी विशेषज्ञ जस्टिस अमित गुप्ता पूर्व न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय रांची , प्रो. (डॉ.) राजीव चोपड़ा प्राचार्य आर्ट एवं कॉमर्स कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली, प्रो. राजेश कुमार दुबे डायरेक्टर यूजीसी एमएमटीटीसी जोधपुर विश्वविद्यालय राजस्थान, कुलपति डॉ. आर.टी. मिश्रा महाकौशल विश्वविद्यालय जबलपुर मध्य प्रदेश, प्रो. मीना केतन साहू विभागाध्यक्ष संबलपुर विश्वविद्यालय उड़ीसा, डॉ.राजेंद्र कुमार डीन शिवालिका ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट देहरादून उत्तराखंड, डॉ. टी. एन. साहू कुलपति झारखंड ओपन विश्वविद्यालय रांची के द्वारा अभ्यर्थियों के चयन प्रक्रिया की गई।

## न्यूज बॉक्स

### सौभाग्यवती महिलाओं का पर्व वट वृक्ष पूजा 6 जून को

**टाटीझरिया।** हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी टाटीझरिया प्रखंड के आठों पंचायत में मनाया जाने वाला सुहागिनी महिलाओ के लिए वट वृक्ष पूजा मूहर्त संबंध में परिवर्तन योगेश आचार्य उपाधि बाल संस्कार शाला झरपो निवासी आचार्य संदीप पांडेय ने शास्त्र सम्मत हृषिकेश पञ्चांग मतानुसार बताया कि ज्येष्ठ मास अमावस्या तिथि की शुरूआत 5 जून की शाम को 7 बजकर 54 मिनट होगी वही ज्येष्ठ मास की आमावश्या तिथि की समाप्ति 6जून 2024 दिन गुरुवार को शाम 6 बजकर 7 मिनट पर होगी। वट सावित्री व्रत 6 जून 2024 दिन गुरुवार को मनाया जाएगा। वट सावित्री व्रत पूजन का शुभ मूहर्त सुबह 5 बजकर 35 मिनट से प्रातः 7 बजकर 16 मिनट तक ही अमृत काल योग है तत्पश्चात समयाभावानुसार 11बजकर 52 मिनट तक ही है।

### युवक मुकेश लापता, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



**टाटीझरिया ।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड अंतर्गत गांव तिलरा इचाक थाना जिला हजारीबाग निवासी मुकेश कुमार यादव पिता घनश्याम यादव उर्फ घनु उम्र आधार कार्ड अनुसार लगभग 24 वर्ष रंग सांवला 1 जून दिन शनिवार को अपने घर से बिना अभिभावक को बताए निकल गए। परिजनों ने कहा की मुकेश की दिमागी हालत ठीक नहीं है हमलोगो ने क्षेत्र के आस पास काफी खोजबीन किया। तत्पश्चात पता चला कि मुकेश बौरा के सरीफ मजार चतरा में देखा गया है। उक्त स्थल पर जब स्थानीय लोगो से पूछ ताछ किया तो कही कोई सूचना नहीं मिली। परिजनों ने बताया कि मुकेश बौरा सरिफ मजार चतरा से लापता है । जिन किसी सज्जन को लापता युवक मुकेश कुमार यादव मिले तो इन संपर्क सूत्र संख्या मो. न. 9102611245 पर जानकारी दे। उक्त खबर की जानकारी टाटीझरिया प्रखंड के समाज सेवी नारायणपुर निवासी प्रबिल प्रसाद कुशवाहा ने दिया। श्री कुशवाहा ने बताया की इचाक थाना में भी लिखित आवेदन परिजनों द्वारा देकर लापता युवक को खोजबीन के लिए गुहार लगाया गया है।

### स्वतंत्रता सेनानी स्व. केबी सहाय की पुण्यतिथि मनाई गई



**हजारीबाग।** सोमवार को कृष्ण बल्लभ सहाय की पुण्यतिथि पर उनके पैतृक स्थल लोहसिंगना स्थित आवास पर उनके पुत्र श्रीकांत सहाय और अमृतेश रंजन,पंचम कुमार पासवान, आशीष श्रीवास्तव, सोनू दुबे, परमेश्वर यादव एवं मोहन साव ने स्व केबी सहाय के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।मौके पर पंचम कुमार पासवान ने उनके जीवनवृत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व कृष्ण बल्लभ सहाय संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग से इग्लिश आनर्स से प्रथम श्रेणी में स्नातक परीक्षा पास करने के बाद स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। इन्होंने सविनय अवज्ञा आन्दोलन, भारत छोड़ो आंदोलन, 1930 के दौरान हजारीबाग में दांडी नमक आंदोलन के दौरान खजांची तालाब के पास नमक बना कर इस आंदोलन को प्रसारित किया। जिसके लिए उन्हें एक वर्ष की सजा हुई कुल मिलाकर चार बार कारावास की सजा मिली। जो भारत के आजादी के बाद बिहार के राजस्व मंत्री बने और फिर बाद में बिहार के चौथे मुख्यमंत्री बने। उन्होंने जमींदारी प्रथा उन्मूलन के साथ राज्य में कई उद्योगों की स्थापना भी की,जिसमे बरौनी रिफाइनरी,बोकारो स्टील प्लांट, पतरातू ग्लास फैक्ट्री तीनों उद्योग को बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान चालू किया गया था।बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में, उन्होंने तिलैया में भारतीय सशस्त्र बलों के लिए सैनिक स्कूल की स्थापना करने के साथ ही मेरु बीएसएफ कैंप और 1963 में हजारीबाग में महिला कॉलेज शुरू करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई , जिसका नाम इन्ही के नाम पर रखा गया। केबी सहाय को अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्टता एवं उनकी सुसंगतता और सामंजस्य के लिए बिहार एवं उड़ीसा के तत्कालीन राज्यपाल सर एडवर्ड गैट के द्वारा स्वर्ण पदक से पुरस्कृत किया गया था।

### भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल ने पार्टी के संगठनात्मक बैठक में लिया भाग



**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से कुल 17 प्रत्याशी अपनी किस्मत जनता की अदालत में आजमा रहे हैं। मंगलवार को देश के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए भी मतगणना होगा और लोकसभा चुनाव का नतीजा आएगा। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा (एनडीए समर्थित उम्मीदवार) की टिकट से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने पूर्व की दिनचर्या की भांति अपने विधायक सेवा कार्यालय से दिन की शुरूआत जनता से मिलकर किया। इस दौरान क्षेत्र से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। सदर विधायक ने कारगिल पेट्रोल पम्प के समीप स्थित द फ्लोरेस्टा बैंक्वेट सभागार में आयोजित भाजपा के हजारीबाग लोकसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक में शालिम हुए और यहां पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्षों और महामंत्रियों को संबोधित किया। जिसके बाद भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शहर के कहानी बाजार स्थित उनके बगीचा सभागार में मतगणना की तैयारी को आयोजित भाजपा के काउंटिंग एजेंटों के मतगणना कार्य के विशेष प्रशिक्षण शिविर में भाग लिए और उन्हें भी संबोधित किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मतगणना केंद्र के लिए मंगलवार की अहले सुबह भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल द्वारा काउंटिंग एजेंटों को विदा किया जाएगा। जिसके उपरांत मंदिर में पूजा- अर्चना करके वे खुद मतगणना केंद्र के लिए रवाना होंगे। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बताया की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और देवतुल्य जनता - जनार्दन (मतदाताओं) के प्रचंड समर्थन और आशीर्वाद के बदौलत हम निश्चित रूप से चुनाव जीतेंगे और इस बार ना सिर्फ झारखंड बल्कि संपूर्ण देश में एनडीए गठबंधन प्रचंड मतों से जीतेंगी और तीसरी बार देश में मोदी सरकार जरूर बनेगी ।

# जनविरोधी है चुनाव के बाद टोल टैक्स दुध, यात्री किराया बढ़ाना : डॉ मेहता



**केंद्र सरकार की मंशा सरकारी संस्थाओं का निजीकरण करना**

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा देशभर में टोल दरो में बढ़ोतरी किया गया है। दूध के मूल्य में भी10% की वृद्धि की गई है। लोकसभा चुनाव के बाद टोल टैक्स,रोड टैक्स,दूध, यात्री किराया में वृद्धि किया गया है इससे यात्री वाहनों,माल वाहक वाहनों का किराया बढ़ेगा, जिससे जन-उपयोगी समानो का मूल्य भी बढ़ जाएगा। उक्त बातें कांग्रेस प्रमंडलीय हेल्थ अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता ने अपने कार्यालय में कहा। डॉ मेहता ने कहा कि दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद पेट्रोल, डीजल, हवाई एवं रेल यात्रा महंगी हो जाएगी।

सभी तरह के जन उपयोगी सामानों जैसे मकान, भोजन, वस्त्र, पढ़ने लिखने की सामग्री में भी वृद्धि होने की संभावना है। आने वाले समय में सरकारी स्कूल, चिकित्सालय, बिजली, टेलीफोन, रेल, हवाई जहाज, सीसीएल, बीसीसीएल इत्यादि अनेकों सरकारी संस्थाओं को प्राइवेटाइजेशन करने की मंशा सरकार की है। आज भी अनेकों सरकारी संस्थानों में आउटसोर्सिंग ठेका प्रथा के तहत सरकारी संस्थानों में नौकरियां दी जा रही है, जो बेरोजगार छात्रों के लिए दुखद है।

# हजारीबाग यूथ विंग के प्रयास से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे को उपलब्ध कराया गया रक्त



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

सोमवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल में इलाजरत थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे को रक्त की अत्यंत आवश्यकता पड़ी, कही पर भी संबंधित रक्त उपलब्ध न होने पर हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारी से संपर्क किया इसके बाद उन्होंने अपने माध्यम से विभिन्न जगहों पर संबंधित रक्त की खोजबीन की कहीं पर उपलब्ध न होने पर खण्डेलवाल समाज के सचिव पवन रावत खण्डेलवाल के सुपुत्र कुणाल खण्डेलवाल से रक्तदान करने का विशेष आग्रह किया गया। इसके बाद कुणाल ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर मानवता के प्रति मिसाल पेश किया। बातचीत के दौरान कुणाल खण्डेलवाल ने बताया कि रक्तदान करने से मुझे काफी अच्छा महसूस हुआ मैंने अपने जीवन में दूसरी बार रक्तदान किया, काफी अच्छा लगा, हर लोगों को रक्तदान करना चाहिए। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार,कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, ब्लड बैंक के टेक्नीशियन मुरली प्रजापति सहित कई लोग मौजूद रहे। यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कुणाल खंडेलवाल के इस जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि बदलते वक्त के साथ हर कुछ बदल रहा है युवा पीढ़ी रक्तदान के प्रति जागरूक होती नजर आ रही है। सचिव संजय कुमार ने कहा कि पिछले दो वर्षों से निरंतर सेवा भाव से कार्य किया जा रहा है इसी के निमित एक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे को रक्त उपलब्ध कराया गया है,सेवा ही हमारा कर्तव्य है।

## आक्रोश

**आग लगने से फर्नीचर घर के लाखों की संपत्ति हुई खाक**

# आक्रोशित लोगों ने दमकल व पुलिस पर पथराव, मामला दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

बीते रात्रि करीब नौ बजे ओल्ड जीटी रोड डीवीसी कोनरा स्थित ए टू जेड फर्नीचर दुकान में आग लगने से करीब पंद्रह लाख रुपए के फर्नीचर जलकर खाक हो गया. दुकान कोनरा पंचायत समिति सदस्य मो सगीर की है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुकानदार मो सगीर रात्रि 8.45 बजे दुकान बंद करके गए थे. ठीक 5 मिनट के बाद ही ने दुकान से धुआं और आग का अंगारा निकलने लगा इसकी सूचना संचालक को दी गई, संचालक के आने के पहले ही दुकान आग की चपेट में आ चुका था. जिसकी सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड और बरही पुलिस प्रशासन को भी दी गई. तब तक आग पूरी तरह फैल चुका था. सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया. कुछ ही मिनटों में अग्निशमन दल भी पहुंचा. परंतु आक्रोशित लोगों ने अग्निशमन वाहन देर से पहुंचने का आरोप लगाते हुए वाहन पर पथराव प्रारंभ कर दिया. जिससे वाहन का शीशा टूट गया और इंस्पेक्टर सहित कई लोग भी घायल हो गए. किसी प्रकार पथराव शांत हुआ और आग बुझाने का काम किया गया. तब तक सभी चीजें स्वाहा हो चुकी थी.

**पथराव व वाहन क्षतिग्रस्त करने को लेकर दर्ज हुई प्राथमिकी**

अग्निशमन दल पर पथराव करने और वाहन को क्षतिग्रस्त करने को लेकर अग्निशमन प्रभारी शिवकुमार प्रधान ने बरही थाना में लिखित शिकायत किया. आवेदन के आधार पर दुकान संचालक और 50-60 अज्ञात लोगो पर आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 341, 323, 325, 353, 332, 427, 504, 50 व प्रिभेंसेज ऑफ डैमेज टू पब्लिक प्रोप्टी एक्ट 1984 के तहत मामला दर्ज किया जा चुका है.

**5 जून को ऋण वसूली शिविर का आयोजन**

# एनपीए खाता धारकों के लिए सुनहरा अवसर, अधिकाधिक लोग लें लाभ : बीएम



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

आगामी 5 मई को बैंक ऑफ इंडिया बरही शाखा परिसर में ऋण वसूली शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इस शिविर में एनपीए खाताधारकों को एकमुश्त योजना के तहत अधिकाधिक छूट दी जाएगी. शाखा प्रबंधक आकाश सिंह ने बताया कि शिविर पूर्वाहन 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक लगाया जायेगा. यह एनपीए खाताधारकों के लिए सुनहरा अवसर है. इस अवसर का लाभ उठाकर ऋणधारक अपना खाता स्टैंडर्ड कर सकते है या एकमुश्त योजना के तहत अधिकतम छूट का लाभ लेकर ऋण से मुक्त हो सकते है. उन्होंने कहा कि बैंक ऋण वसूली को लेकर सख्त है, प्रत्येक ऋण धारक को अपना ऋण चुकाना ही होगा. ऋण नहीं चुकाने वाले पर कानूनी कारवाई भी किया जा सकता है. सभी एनपीए धारकों के लिए नोटिस निर्गत किए जा चुके है. जो बैंक बीसी के द्वारा वितरित किए जा रहे है.

## एक नजर

### बस और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक व्यक्ति हुआ घायल

**कुरडेग।** कुरडेग सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास सोमवार सुबह 8.30 बजे के करीब बस और मोटरसाइकिल की टक्कर में बाइक चालक का दाहिना पैर टूट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बसन्त बस गाडियाजोर से खालीजोर जा रही थी उसी क्रम में बिपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। घायल व्यक्ति जेन्जराकानी चाडरीमुंडा निवासी निर्मल किस्पोट्टा उम्र करीब 22 वर्ष पिता निर्दोष किस्पोटा है। जिसे तत्काल ग्रामीणो के सहयोग से अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां प्राथमिक इलाज कर डॉक्टर ने बताया दाहिना पैर में फ्रेक्चर हो गया है। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिये 108 एम्बुलेंस से सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।वहीं कुरडेग पुलिस ने घटनास्थल से दोनों वाहन को जब्त कर थाना लाकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा का प्रशिक्षण सह-मासिक बैठक का आयोजन

**सिमडेगा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, (झालसा) रांची के निदेर्शानुसार सोमवार को सिमडेगा जिले के सभी पारा लीगल वॉलेंटियरों का प्रशिक्षण सह-मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के अध्यक्ष के निदेर्शानुसार सचिव मरियम हेमरोम ने सभी पारा लीगल वॉलेंटियर को अपने-अपने क्षेत्र में कार्य में हो रही परेशानी एवं उसके समाधान पर चर्चा की। सचिव द्वारा लोगों के बीच कानूनी जानकारी देकर विधिक जागरुकता फैलाने का निर्देश दिया साथ ही साथ पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर वृक्षारोपण किये जाने एवं सर्पदंश के बारे में लोगों को जागरूक किये जाने का आह्वाहन किया। आगामी विशेष लोक अदालत दिनांक 08.06.2024 की सफलता हेतु अपने कार्य क्षेत्र में जागरुकता फैला कर अधिक से अधिक लोगों को लाभ उठाने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया गया।

### अलग-अलग घटनाओं में जहरीले सांप के काटने से एक की मौत, दो लोग गंभीर

**सिमडेगा।** सिमडेगा में लगातार जहरीले सांप का कहर देखने को मिल रहा है और जहरीले सांप के काटने से लगातार कई मामले सामने आ रहे हैं। रविवार रात सिमडेगा के ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जामबहार मांझी टोली गांव में गांव के छोटू मांझी नामक 26 वर्षीय युवक को जहरीले सांप ने काटा जिसकी वजह से घर में ही उसकी मौत हो गई।जानकारी देते हुए बड़े भाई ने बताया कि रविवार की शाम में छोटू को सांप ने काटा और काटते हुए कई लोगों ने देखा लेकिन छोटू यह कहते हुए इनकार किया कि उसे सांप ने नहीं काटा है। बाद में खाना खाकर सो गया और सुबह जब नहीं उठा तब देखा तब उसकी मौत हो चुकी थी। इधर मामले की जानकारी पुलिस को दी गई ,जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया।

## राष्ट्रीय नवीन मेल की प्रकाशित खबर पर हुआ असर

# लाभुक सहित जेसीबी मालिक पर एफआईआर

**कुरडेग पंचायत में मनरेगा से बन रहे कूप निर्माण में जेसीबी से हो रही है खोदाई**



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) में भ्रष्टाचार का दीमक पूरी तरह लग चुका है।विकास कार्यो में फजीर्वाड़ा जमकर है। शिकायतें तो होती हैं पर इक्का दुक्का शिकायतों पर ही कार्रवाई होती है। इस योजना का मकसद था कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवारों को रोजगार मिल सके ताकि वे रोजगार के लिए बाहरी प्रदेशों में नहीं जाएं, इसी तरह का एक फर्जीवाड़ा का मामला राष्ट्रीय नवीन मेल में रविवार को कुरडेग पंचायत में मनरेगा से बन रहे कूप निर्माण में 'जेसीबी से हो रही खोदाई ' शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। इस खबर पर संज्ञान लेते हुए मामले की जांच के बाद रविवार शाम को कुरडेग पंचायत के पंचायत सचिव जोनसन बुढ़ ने कुरडेग थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है। थाना में दिए आवेदन में उन्होंने लिखा कि दिनांक 28-8-23 को उप मुखिया अन्ना तिग्गा की अध्यक्षता में ग्राम सभा के माध्यम से पंचायत स्तर योजना परिलक्षित किया गया था। जिसका योजना संख्या 3404001012/आईएफ 708082742602 है,योजना पास हो गया है। ओन गोईंग नहीं हुआ है। कूप निर्माण में लाभुक द्वारा जेसीबी मशीन से कूप निर्माण किया जा रहा था।जेसीबी द्वारा कार्य पूरा कर राशि निकालने का षड़यंत्र रचा गया था। बताते चले जेसीबी से कूप निर्माण का विरोध वार्ड सदस्या सुषमा टोप्पो द्वारा किया गया था इसके वावजूद भी खोदाई का काम होता रहा।इस मामले पर थाना प्रभारी विनायक कुमार पाण्डेय ने बताया कि पंचायत सचिव के आवेदन पर लाभुक सिसिलिया लकड़ा एवं जेसीबी मालिक रमेश जयसवाल के खिलाफ कुरडेग थाना काण्ड संख्या 21/24 दिनांक 02-06-24 धारा 420/34 मनरेगा अधिनियम के धारा 25 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## केवेटांग चौक पर पिछले एक साल खराब पड़ा है सोलर जलमीनार

# लोगों ने मरम्मत कराने की लगाई गुहार



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** प्रखंड के बड़काडुइल पंचायत अंतर्गत केवेटांग चौक में पिछले एक साल से सोलर जलमिनर खराब रहने कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि सोलर जलमीनार विधायक मद से लगाया गया है।एक साल पूर्व जलमीनार खराब हो जाने के कारण लगभग 20 परिवार के लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर सोलर जलमिनर मरम्मत करने की मांग करने का विचार किया गया है। जिसके लिए गांव में बैठक कर एक ज्ञापन तैयार की गई हैं। सोलर जलमीनार खराब रहने से खासकर रविवार के दिन ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।केवेटांग चौक में रविवार को बाजार लगता है बाजार के कारण अगल-बगल गांव के सैकड़ो लोग बाजार करने आते हैं। साथ ही होटल आदि संचालित किया जाता है।सोलर चारमीनार खराब रहने के कारण लोगों को इधर-उधर पेयजल के लिए भटकना पड़ता है।ग्रामीण एरिक ने बताया कि सोलर जल मीनार मरम्मत के लिए कई बार संबंधित विभाग और प्रखंड के पदाधिकारी को इस संबंध में अवगत कराया गया। लेकिन कोई पहल नहीं किया गया।ग्रामीण महेश सिंह ने बताया कि रविवार को केवेटांग चौक बाजार लगाया जाता है।

## न्यूज बॉक्स

### प्यारा केरकेट्टा फाउंडेशन का दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार सह सम्मान समारोह का हुआ समापन



**सिमडेगा।** सोमवार को भट्ठीटोली स्थित जमजम मैरिज हॉल में प्यारा करकेट्टा फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार सह सम्मान समारोह का समापन सफलतपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्यारा करकेट्टा चौक में स्थित प्यारा केरकेट्टा की मूर्ति के माल्यार्पण के साथ शुरू हुवा। जहां पर खड़िआ सेंटर के बच्चों द्वारा गीत पेश किया गया और उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया।उसके बाद जमजम हॉल में खड़िया समाज, साहित्य और राजनीति पर परिचर्चा की गई। सुमरबो बासिल कीड़ो, सुम्बरबोः सालोमी इंदवार, प्रोफेसर जोवकीम डूंगडूंग, कलावती इंदवार द्वारा अपने। महसभाओं के द्वरा अपने संघर्ष अपने इतिहास के बारे बताया। गुमला लोडम कोठा शांति नगर गुमला कीजूर टोली सिसई और गुमला खड़िया सेंटर के बच्चों और जंजी खड़िया के द्वारा गीत गाया गया।उसके बाद सम्मान समारोह आयोजित की गई। जिसमे फादर एफ्रेम बाः,सलोमी इंदवार, अलबर्ट बाः और फाउंडेशन की अध्यक्ष गलौरिया सोरेंग द्वारा सुम्बरबोः इंदुरानी कीड़ो, आशीषण कुल्लू, विकास साहू, अजय एक्का, बिर्जिनिया बुढ़, फ्रांसिस कुल्लू, डॉक्टर अनिल वीरेंद्र कुल्लू, मनोज कुमार कोनबेगी,खूबैब शाहिद,खिलेश्वर सिंह तथा सिस्टर फूलरीदा को दिया गया।

### इंडोर स्टेडियम का डीसी व डीडीसी ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने इण्डोर स्टेडियम का निरीक्षण किया।इस दौरान उपायुक्त महोदय ने क्रिकेट पिच, फुटबॉल ग्राउंड, बैडमिंटन कोर्ट, जिम सेन्टर, बास्केटबॉल मैदान सहित अन्य का जायजा लिया। उन्होंने पूरे इण्डोर स्टेडियम कैम्प में उगे घास/ झाड़ियों की ससमय कटाई करने की दिशा में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये। उपायुक्त ने इंडोर स्टेडियम संचालक एजेंसी को स्टेडियम की रखरखाव एवं नियमित साफ-सफाई कराने की बात कहीं। उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट में लगे लाइट को सही दिशा में लगाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संचालक एजेंसी से जिम सेन्टर में आने वाले लोगों की संख्या का जानकारी लिया। उन्होंने लोगों के लिए पीने की पानी, जिम सम्मान, लोगों के सम्मान रखने के लिए लोकर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके उपायुक्त महोदय ने स्टेडियम की सुंदरीकरण कराने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिये।

### खैरनटोली निवासी मो. शरताज की सड़क दुर्घटना में मौत की सूचना पर परिजनों से मिले विधायक भूषण बाड़ा



**सिमडेगा।** खैरनटोली निवासी मो. सरताज की सड़क दुर्घटना में मौत की सूचना पर विधायक भूषण बाड़ा उनके आवास पहुंच परिजनों से मिले। साथ ही शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में हिम्मत से काम लेने की अपील करते हुए कहा कि वे इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ है। विधायक ने परिजनों को हर सम्भव मदद करने का भरोसा जताया। वहीं दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की। दिवंगत मो शरताज का निधन रविवार की रात कोलबिरा लचरागढ़ मार्ग के रामजड़ी के पास सड़क दुर्घटना में हो गई। विधायक के साथ नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का आदि भी शामिल होकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

### नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के डोलडाड़ी में नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर सिमडेगा जेल भेज दिया। मालूम हो की डोलडाड़ी गांव में ही शादी कार्यक्रम था। शादी कार्यक्रम से नाबालिग लड़की घर लौट रही थी। इसी क्रम में रास्ते में मानुएल कंडुलना ने लड़की से छेड़छाड़ करने लगा।लड़की ने घटना की जानकारी परिवार वालों को दी।जिसके बाद परिवार वालों ने बानो थाना को सूचना दी। परिजनों द्वारा इस संबंध में बानो थाना में प्राथमिक दर्ज कराया गया। जिसके बाद सोमवार को आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर सिमडेगा जेल भेज दिया।

### जलडेगा के टंगिया में एक साथ छह जलमीनार खराब

**जलडेगा।** प्रखंड के जलडेगा पंचायत अंतर्गत टंगिया में बेकार पड़ा है छः जलमीनार खराब होने से लोगों को पेयजल हेतु हो रही है समस्या, यहां पुरी तरह से फेल साबित हो रही है नल जल योजना। लाखों की लागत से अधिष्ठापन यह जलमीनार देखरेख के अभाव और संवेदक ने जिस चपाकल में समरसेबल लगाया वो भी खराब है और जहां बोरिंग किया है वो भी फेल है। चिलचिलाती धूप और पानी न मिलना लोगों के बीच ज्वलंत समस्या बन चुकी है। ग्राम सभा सचिव मारकस तोपनो ने कहा नल जल योजना से ग्रामीणों को अंधा बना रही है सरकारी व्यवस्था, सरकारी अधिकारियों या एजेंसी का अधिकारी को शिकायत करने पर कान में जूं तक नहीं रेंगता टंगिया के बांस टोली, बरटोली, बांध टोली, उपरटोली, पहान टोली एंव बुर्का टोली में खराब होने से कुंआ -चुंआ का पानी से प्यास बुझा रहे हैं लोग। ग्रामीण जोसेफ तोपनो, गुलशन तोपनो, जितीया तोपनो, कमिल तोपनो, मारथा तोपनो सहित अनेक ग्रामीण ने बताया कि जलमीनार खराब या उनमें पानी नहीं होने से पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

# गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** चिकसुरा में सोमवार को नवनिर्मित गोरेटो का आशीष सह माता मरिया प्रोसेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मिस्सा पूजा फादर थियोदोर सोरेंग के द्वारा सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा ने फा थॉमस के साथ मिलकर फीता काटते हुए गोरेटो का उद्घाटन किया। इसके बाद विधि विधान पूर्वक माता मरियम की प्रतिमा को गोरेटो में स्थापित किया। माता मरियम के गोरेटो के स्थापित होते ही माता मरियम और प्रभु येशु के गुणगान से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। विधायक ने कहा छोटे से गांव चिकसुरा में अपने धर्म के प्रति जो समर्पण दिख रहा है वह सराहनीय है। गांव में गोरेटो का निर्माण हो जाने के बाद गांव में माता मरियम की कृपा बरसेगी। उन्होंने कहा कि समाज के लोग ऐसे ही एकजुट रहें। अपने धर्म और समाज की रक्षा के लिए पहले पंक्ति में खड़े रहने की आदत डालें। उन्होंने कहा कि हमे आपस मे मिलजुल कर रहना है। गांव समाज मे सभी के साथ मधुर सम्बन्ध रखें। गरीबों की मदद करें। हर दिन दुखियों की सेवा करें। क्योंकि ये सभी ईश्वर के रूप होते हैं। ऐसे लोगों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा होगी। विधायक ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र के विकास में सबकी भागीदारी जरूरी है। सबके सहयोग से ही क्षेत्र का विकास सम्भव है। वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि सभी माताओं को माता मरियम की तरह आदर्श मां बनना है। अपने बच्चों का लालन पालन बेहतर तरीके से करना है। उन्होंने समाज के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने, नशापान को गांव समाज से दूर रखने, अंधविश्वास से दूर रहने, सांप काटने पर तुरंत अस्पताल जाकर इलाज कराने की भी अपील की। कार्यक्रम में पंचायत अध्यक्ष संदीप तिग्गा,पंचायत समिति सदस्य प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, वरदान तिर्की, संगीता डुंगडुंग सहित गांव के काफी संख्या में मसीही विश्वासी शामिल थे।

### समसेरा में कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय रामकथा कार्यक्रम संपन्न

**बोलबा।** प्रखंड के समसेरा जगन्नाथ मंदिर परिसर में कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय रामकथा कार्यक्रम संम्पन हो गया।बताया गया कि यह कार्यक्रम एकल अभियान के बैनर तले श्री हरि सत्संग समिति के द्वारा आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समसेरा एवं आस-पास के माता- बहनों ने भारी संख्या में भाग लिया।बताया गया कि समसेरा गाँव में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने से छेत्र भक्तिमय हो गया। यहां का कलश यात्रा ऐतिहासिक था। इस मौके पर जय श्रीराम, भारत माता की जय आदि जयघोष से गांव का महौल भक्तिमय हो गया । श्री हरि सत्संग समिति अयोध्या से प्रशिक्षण प्राप्त कर आये हुए कथावाचक बहन द्रोपदी कुमारी, मीरा देवी, शांति कुमारी के द्वारा तीन दिवसीय रामकथा किया।इस मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने में जय जगन्नाथ पूजा समिति के परमानन्द बड़ाईक,लक्ष्मण बड़ाईक, विपिन बिहारी सिंहदेव, विकास कुमार सिंह, रंथु कालो पहान, संजय कुमार सिंह पुरनचन्द प्रधान, मुकेश नायक सहित अन्य लोगों की अहम भूमिका रही।

# बीडीओ से ग्रामीणों ने की रोजगार सेवक बीएफटी को हटाने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** प्रखंड के रायकेरा पंचायत के ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी को ज्ञापन सौंप कर बीएफटी सह रोजगार सेवक को रायकेरा पंचायत से हटाने की मांग किया है। ग्रामीणों ने मुखिया सहित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा हैं।ग्रामीणों का कहना है कि बीएफटी सह रोजगार सेवक पंचायत में रहकर सही से काम नहीं करता है तथा लाभुक एवं मेट से डिमांड, एमआर व योजना का जिओ टैग करने के एवज में पैसे की मांग करता है नहीं देने पर काम नहीं करता है तथा लाभुक से अभ्रद व्यवहार करता है। ज्ञापन सौपने में बुद्धदेव कुमार साहू दिनेश साहू, शंकर साहु,रामचंद्र साहु, पदमुन साहु, बालमुकुंद सिंह, बालेश्वर सिंह, राजा साहु, बालमुकुंद पाइक के अलावा अन्य लोग शामिल थे। बुद्धदेव प्रसाद ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उप विकास पदाधिकारी ज्ञापन सोपा जायेगा।

## जीईएल चर्च कोनजोबा मंडली में पादरीपन स्तरीय दूसरा युवा सम्मेलन शुरू

# पादरी ने प्रभु यीशु के संदेश को जन जन तक पहुंचाने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जीईएल चर्च कोनजोबा मंडली में पादरीपन स्तरीय दूसरा युवा सम्मेलन रविवार की देर शाम किया गया। वहीं सोमवार को दूसरे दिन भी सम्मेलन जारी रहा। सम्मेलन में मुख्य रुप से झापा युवा नेता संदेश एक्का एवं आईरिन एक्का उपस्थित थी। मौके पर कोनजोबा एवं गोरारजोर मंडली द्वारा भजन की प्रस्तति की गई। सम्मेलन में अतिथियों का स्वागत गोरारजोर मंडली द्वारा किया गया। पहले दिन सरानी केरकेट्टा, प्रचारक कारनेल कुजूर, संदीप लकड़ा, इमानी बुढ़, बेंदोजोर पाद्रीपन चेयरमेन पादरी ज्योति तबिता बिलुंग, पादरी ओमन पूर्ति ने जीईएल मतावलंबियों को अपना प्रवचन दिए। उन्होंनें सभी लोगों को प्रभु ईशा मसीह के बताए मार्गों पर चलने एवं प्रभु यीशु के संदेश को जन जन तक पहुंचाने की अपील की। मौके पर पहली उपासना रंजन एक्का और दूसरी उपासना सुमिरा बागे की अगुवाई में हुई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए संदेश एक्का ने कहा कि मंडली स्तर पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करने से समाज के लोग एकजुट होते हैं। दूर दराज से लोग सम्मेलन में पहुंच कर एक दूसरे से मेल मिलाप करते हैं। साथ ही समाज में फैल रही बुराईयों पर चर्चा करते हुए उसे दूर करने की दिशा में पहल करते हैं। संदेश ने कहा कि समाज के लोग एकजुट रहें। अंधविश्वास जैसी कुरितियों को दूर करने के लिए आगे बढ़ें। युवाओं को नशापान से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। वहीं आईरिन एक्का ने कहा कि युवा वर्ग शिक्षा को प्राथमिकता दें। क्योंकि शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। जब तक समाज के लोग शिक्षित नहीं होंगे, समाज के विकास की परिकल्पना असंभव है।

**अंधविश्वास जैसी कुरितियों को दूर करने के लिए आगे बढ़ें। युवाओं को नशापान से दूर रहने के लिए प्रेरित करें**

## लापरवाही

## जलडेगा के बरबेड़ा लेकोटोली के लोगों ने सरकार आपके द्वार की खोल दी पोल

# दो वर्ष से अधूरा है जलमीनार, आज भी अंधेरे में जी रहे लोग



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** जिला का एक ऐसा गांव है जो आज भी मूलभूत सुविधाओं की बाट जोह रहा है। जलडेगा प्रखंड के टाटी पंचायत अंतर्गत बरबेड़ा लेको टोली की तस्वीर को देखकर यही लगेगा, जैसे ये आदि युग में जी रहे हैं। लेकिन ये सच्चाई 21वीं सदी में बसने वाले गांव के लोगों की है। 13 परिवार का यह टोला आज भी बिजली, सड़क, शुद्ध पेयजल समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। दूसरे गांवों में ये सब सुविधाएं देखकर अपने आप को सांत्वना देते हैं कि कभी तो हमारे गांव में चापानल का पानी शुद्ध होगा, पूरा गांव बिजली से रोशन रहेगा और हमें भी पक्की सड़क मुहैया करायी जायेगी। इस गांव के लोगों को पानी से निजात दिलाने के लिए पीएचडी विभाग के द्वारा पिछले दो वर्ष से जलमीनार अधिष्ठापन करने का कार्य शुरू किया गया था लेकिन वो आज भी अधूरा पड़ा हुआ है। संवेदक ने स्ट्रेक्चर खड़ा तो कर दिया लेकिन अब भी उसमें न तो सोलर लगा है ना ही बोरिंग हुआ है। लोगों का आरोप है की संवेदक गांव में एक पुराने चापाकाल में जहां पानी का स्तर ही नहीं है वहां समर्सेबल डालने के जिद्द में अड़ा हुआ है। संवेदक के लापरवाही के कारण गांव के लोग आज भी दो किलोमीटर दूर नदी और गंदे कुंवा का पानी पीने को मजबूर हैं। यही नहीं आजादी के बाद से गांव में अब तक बिजली नही पहुंच पाई है जिससे लोग को अंधेरे में रहने और खेतों के पगडंडियों में चलने को मजबूर हैं। यहां के लोग अब सोचने को मजबूर हैं कि कब तक इस गांव में पानी की समस्या से निजात मिले और पूरा गांव बिजली से रोशन होंगे और कब वे पक्की सड़कों पर चलेंगे, शायद इसका जवाब अभी तक किसी के पास नहीं है।

### सिमडेगा में मतगणना से पूर्व पुलिस ने शहर में किया फ्लैग मार्च

**सिमडेगा।** लोकसभा चुनाव के तहत आज मतगणना होना है जिसको लेकर सिमडेगा पुलिस के द्वारा सोमवार की शाम सिमडेगा शहर में फ्लैग मार्च किया गया।फ्लैग मार्च सिमडेगा थाना से शुरू हुई जो मुख्य पथ होते हुए सिमडेगा झूलन सिंह चौक, बस स्टैंड,महावीर चौक होते हुए नीचे बाजार गई और नीचे बाजार से पुनः वापस आते हुए कंट्रोल रूम के पास समाप्त हुई। मौके पर सिमडेगा थाना के सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। मौके पर पुलिस ने सभी लोगों को शांतिपूर्ण वातावरण में मतगणना के दौरान किसी प्रकार से कोई भी अप्रिय घटना को अंजाम नहीं देने से संबंधित अपील की और साथ ही कहा कि हर चुनौती से निपटने के लिए सिमडेगा पुलिस तैयार है।

## भूमि संरक्षण विभाग की तालाब चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

# बोलबा प्रखंड के खंडानिशान गांव में ठेकेदारों ने पुराने तालाब को बना दिया नया



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** बोलबा प्रखण्ड के मालसाड़ा पंचायत अन्तर्गत खंडानिशान गांव में ठेकेदारों ने पुराने तालाब की नया बना बना दिया। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि खंडानिशान गांव में गंगा सिंह के खेत में पहले से एक तालाब बना हुआ था। परन्तु ठेकेदार ललन सिंह ने खंडानिशान गाँव के गंगा सिंह एवं धीरनाथ सिंह से मुलाकात कर उसके पुराने तालाब को एक बड़ा सा नया गहरा तालाब बनाने की बात कही। जमीन मालिक तालाब बनाने की बात पर सहमत हो गया। ग्रामीणों ने सोचा कि एक अच्छा तालाब की निर्माण होने से खेती-बारी करके सब्जी खेती एवं मछली उत्पादन करके अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करेंगे।तालाब निर्माण जब शुरू हुआ तो पुराने तालाब की मेड़ की मिट्टी को काटकर खेत मे एक नया मेड़ बनाकर तालाब का आकार दे दिया गया।परन्तु उसकी गहराई बिल्कुल भी नही की गई। बताया गया कि तालाब पहले से जितना गहरा है उतना पर ही छोड़ दिया गया। लंबाई-चौड़ाई भी बहुत कम है। बताया गया कि यह तालाब भूमि संरक्षण विभाग सिमडेगा द्वारा

## एक नजर

### कार्य में लापरवाही पर बीडीओ ने तीन रोजगार सेवकों का वेतन रोका

**धनबाद।** बीडीओ राजेश कुमार सिंहा ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय में अबुआ आवास, भीमराम अंबेदकर आवास, पीएम आवास व 15 वीं वित्त आयोग योजना को ले संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। अबुआ आवास के दूसरे किस्त भुगतान करने के लिए सभी पंचायत सचिवों को दो दिनों के अंदर जियोटैग करने व आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने का निर्देश दिया। कार्य में लापरवाही को ले आमटाल, बलियापुर पश्चिम व आमझर पंचायत के रोजगारसेवकों का वेतन स्थगित रखने का निर्देश बीपीओ को दिया। बैठक में अनुपस्थित पाऐ गऐ दो रोजगारसेवकों से स्पष्टीकरण मांगा गया।

### दुर्घटना में घायल तोपचांची की युवती की मौत, मातम



**धनबाद।** धनबाद के मेमको मोड़ के समीप तोपचांची के चिरुडीह की रहने वाली युवती (छात्रा) सिमरन कुमारी को स्कार्पियो ने रौंद दी थी। उसे अति गंभीर स्थिति में दुगार्पुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। परिजन सिमरन कुमारी का शव लेकर देर शाम चिरुडीह स्थित आवास पहुंचे। परिजनों के विलाप से वातावरण गमगीन हो गया। क्या रिश्तेदार, क्या पड़ोसी सबकी आंखें नम थीं। रात करीब 8 बजे साहेबहियार स्थित कतरी जोरिया घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### तालाब में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**धनबाद।** अलकडीहा ओपी क्षेत्र के न्यू पहाड़ीगोड़ा निवासी फलारी महतो (40) की सोमवार को तालाब में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। तालाब में नहा रहे अन्य लोगों ने जब फलारी को नहीं देखा, तो उसी खोजबीन की। काफी प्रयास के बाद उसे पानी के अंदर से निकाला गया। परिजन आनन-फानन में उसे एसएनएमएमसीएच, धनबाद ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। फलारी महतो ठेका मजदूरी करता था। घर में पत्नी के अलावा एक पुत्र और दो बेटियां हैं। वह घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। इस लोमहर्षक घटना से मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई।

### कोडरमा लोकसभा सीट की मतगणना की तैयारी पूरी

# उपायुक्त ने लिया जायजा, दिए कई निर्देश

*गिरिडीह के बिशुनपुर (पचंबा) स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति में बनाए गए हैं काउंटिंग सेंटर*



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** कोडरमा लोकसभा सीट की मतगणना मंगलवार को गिरिडीह के विशुनपुर (पचंबा) स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति में बनाए गए काउंटिंग सेंटर पर होगी। मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी। जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह गिरिडीह के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने सोमवार को मतगणना स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। जहां कुछ कमियां रह गई थीं, संबंधित अधिकारियों को उन्हें दूर करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने मीडिया सेंटर, प्रशासनिक भवन, सामग्री सेल, मेडिकल सेंटर, पोस्टल बैलेट, एळइढर सेंटर का निरीक्षण किया। बैरिकेडिंग, पंडाल व अन्य सुविधाओं को देखा। साथ ही विधानसभावार बनाए गए काउंटिंग हॉल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना कर्मियों व एजेंटों के बैठने की व्यवस्था की जानकारी ली। कंप्यूटर सिस्टम, हाई स्पीड इंटरनेट की व्यवस्था आदि के बारे में भी पूछताछ की। मौके पर डीडीसी, अपर समाहर्ता, खोरी महुआ के एसडीओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जमुआ पुलिस ने चरघरा से गायब लड़की को देवघर के घटियारी से किया बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** बीते 29 मई को जमुआ थाना के चरघरा गांव से गायब लड़की को सोमवार को जमुआ पुलिस ने जमुई जिले के ग्राम घटियारी थाना चकाई से बरामद कर लिया है। इस बाबत जमुआ थाने में लड़की की माँ सरिता देवी पति मन्टू राय ने 29 मई को जमूआ थाना में दिए आवेदन में अपनी बड़ी बेटी खुशबू कुमारी पति बबन राय, ग्राम घटियारी थाना चकाई पर सोनाली कुमारी(14)को गायब करने का आरोप लगाया।कहा कि 27 अप्रैल को चरघरा उच्च विद्यालय पढ़ने गयी वहां से उसे साजिश के तहत गायब करा दिया गया।आवेदन में सरिता देवी ने अपनी बेटी खुशबू कुमारी,शंकर राय एवं भूषण राय पर लड़की को जबरन गायब करने का आरोप लगाया।भूषण राय एवं शंकर राय दोनो सगे भाई है और ग्राम घटियारी थाना चकाई जिला जमुई बिहार के रहने वाले हैं।पुलिस को पता चला कि लड़की को ये लोग देवघर में रखे हुए है ।खुशबू कुमारी के पति बबन राय के सहयोग से पुलिस ने नाबालिग लड़की को घटियारी से बरामद कर बयान के लिए मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया।फिलवक्त लड़की को मेडिकल चेकअप के लिए भेजा गया है। मामले की जांच जारी है।

## गिरिडीह में पत्नी की हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा और जुर्माना

**गिरिडीह।** गिरिडीह के तृतीय एडीजे सोमेंद्र नाथ सिक्कदर की अदालत ने सोमवार को पत्नी की हत्या के दोषी जयशंकर बाला को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उसपर 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह के कालिका गुंज कॉलोनी निवासी जयशंकर बाला ने वर्ष 2020 में घरेलू विवाद में पत्नी सुविधी की बेल्ट से गला कस कर हत्या कर दी थी। जयशंकर बाला बिहार के भोजपुर का मूल निवासी है लेकिन गिरिडीह के सिहोडीह के कालिका गुंज कॉलोनी में रहता था। मृतका के परिजनों ने केस दर्ज कराने से इनकार कर दिया था लेकिन तत्कालीन एसपी सुरेंद्र झा के निर्देश पर मुफ्फसिल थाने के एएसआई नवल किशोर मिश्रा के फर्द बयान के आधार पर केस दर्ज हुआ और आरोपित को जेल भेजा गया।

### तिसरी के कस्तूरबा विद्यालय के पास सरकारी भूमि का अतिक्रमण धड़ल्ले से जारी

# अतिक्रमण के कई मामले हैं,जांच कर होगी कार्यवाई : अखिलेश्वर प्रसाद

*सरकारी भूमि की खरीद-फरोख्त कर मोटी कमाई कर रहे अतिक्रमणकारी*



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड मुख्यालय में सरकारी भूमि का अतिक्रमण धड़ल्ले से जारी है। अतिक्रमणकारियों द्वारा पहले सरकारी जमीनों का अतिक्रमण किया जाता है फिर उसे मोटी कीमत पर बेच भी दिया जाता है। पहले ही मुख्य सड़क के किनारे स्थित सभी सरकारी व गैरमजरुआ भूमि का अतिक्रमण किया जा चुका है, अब तो इधर -उधर बचे थोड़े बहुत सरकारी जमीनों को भी कब्जाने का प्रयास किया जा रह है।ताजा मामला कस्तूरबा बालिका विद्यालय तिसरी के समीप स्थित सरकारी जमीन का है।जहां कथित रूप से स्थानीय अतिक्रमणकारियों द्वारा आंगनवाड़ी भवन के बगल वाली सरकारी जमीन को कब्जाने का प्रयास किया जा रहा है। कब्जाने की नियत से उक्त जमीन पर नींव डालने के लिए ट्रेंच भी खोद दिया गया है। बताया जाता है कि खाली पड़े सरकारी भूमि पर अतिक्रमणकारियों की गिद्ध नजर होती है। पहले उक्त जमीन को हथियाया जाता है फिर मोटी रकम लेकर चुपके से उक्त जमीन को किसी दूसरे को बेच दिया जाता है और बेचने वाला व्यक्ति स्वयं खड़ा रहकर उक्त जमीन को घेरवाने का कार्य करता है। इतना ही नहीं सरकार द्वारा मिले भूमिदान और बाजार हाट की जमीन की भी खरीद फरोख्त का मामला प्रकाश में आया है। कई लोगों ने सरकार द्वारा मिले भूमिदान की जमीन को भी बेच दिया है, वहीं सरकारी बाजार हाट की भी जमीन खरीद फरोख्त का भी आरोप है। मुख्यालय में इस प्रकार से सरकारी भूमि का अतिक्रमण होना और विभाग का इसपर कोई प्रतिक्रिया न होना विभागीय पदाधिकारियों पर सवाल खड़ा करता है। बताया जात है कि बाजार हाट की जमीन कब्जाने के मामले में अंचल कार्यालय से गए कर्मचारी द्वारा उक्त जमीन पर चल रहे निर्माण कार्य को रुकवाया भी गया था लेकिन उस जमीन पर पुनः निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया।

वैसे तो प्रखंड मुख्यालय की ज्यादातर सरकारी व गैरमजरुआ भूमि का अतिक्रमण पहले ही हो चुका है। थोड़े बहुत बचे सरकारी भूमि पर भी अतिक्रमण जारी है। ऐसे में संबंधित विभाग को इसपर कड़ा रुख अख्तियार करत हुए सरकारी भूमि को अतिक्रमणकारियों से बचाने की दरकार है। इस बाबत तिसरी के अंचलधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद से फोन पर सम्पर्क करने पर उन्होंने बताया कि तिसरी के कस्तूरबा विद्यालय के पास सरकारी जमीन अतिक्रमण के कई मामले हैं। कहा कि जांच जारी है,लिखित रूप से शिकायत आने पर कार्यवाई की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### नक्सलियों से संपर्क पर कोल्हान के 18 झोलाछाप डॉक्टर पुलिस के रडार पर

**जमशेदपुर।** कोल्हान में नक्सलियों को मदद पहुंचाने वाले 18 झोला छाप डॉक्टरों की जांच की जा रही है। उनका नाम पुलिस के पास आया है और उसी आधार पर कार्रवाई की जा रही है। जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, उनमें कुछ से पहले भी पुलिस पूछताछ कर चुकी है। उनसे दोबारा पूछताछ की गई है। साथ ही जो अन्य लोग बचे हैं, उन्हें तलब करते हुए उनके सम्पर्कों की पुलिस जांच करेगी। इसके लिए नाम के साथ पूरा ब्योरा हर जिले के एसपी को भेजा गया है। खुफिया विभाग ने एक रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को सौंपी है, जिनमें उनलोगों के नाम हैं और साथ ही उनकी गतिविधियों का भी जिक्र है। इस रिपोर्ट के बाद ही पुलिस मुख्यालय ने कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है। रिपोर्ट में बताया गया कि कुछ झोला छाप डॉक्टरों द्वारा बीमार नक्सलियों की मदद की जाती है। उन्हें इलाज के साथ दवाइयां भी ये लोग उपलब्ध कराते हैं। दस्ते के सदस्यों को भी उपचार करने का प्रशिक्षण देते हैं। नक्सलियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के दौरान माओवादी दस्ते के सदस्यों को पकड़ा गया। उनसे पूछताछ करने पर इसकी जानकारी मिली कि नक्सलियों के घायल होने या फिर उनके बीमार होने के बाद उनका प्राथमिक उपचार झोला छाप डाक्टरों द्वारा ही किया जाता है।

### मतगणनाकर्मियों की ड्यूटी के लिए आज सुबह 4 बजे होगा रेंडमाइजेशन

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव की काउंटिंग के लिए तीसरा तथा अंतिम रेंडमाइजेशन मंगलवार की सुबह किया जाएगा। इस रेंडमाइजेशन के आधार पर ही मतगणनाकर्मियों की उनके टेबल के हिसाब से ड्यूटी पड़ेगी। मतलब यह होगा कि कौन मतगणनाकर्मी किस टेबल पर वोटों की गिनती करेंगे, इसका निर्धारण किया जाएगा। इसके आधार पर ही अंतिम रूप से ड्यूटी का निर्धारण होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। मंगलवार की सुबह इसे प्रेक्षक तथा जिला निर्वाचन पदाधिकारी की मौजूदगी में अंतिम रूप दिया जाएगा।

### पड़ोसी ने की थी महिला की धारदार हथियार से हत्या, हुआ गिरफ्तार

**बोकारो।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के बंदियों गांव में एक जून को हुई 50 वर्षीय महिला की हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। महिला की हत्या उसके पड़ोसी रोहित महतो ने धारदार हथियार से मारकर कर दी थी। पुलिस ने आरोपी रोहित महतो को गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी बेरमो एसडीपीओ विशिष्ट नारायण सिंह ने सोमवार को प्रेसवार्ता में दी। रोहित ने अपना अपराध कुबूल कर लिया है। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस की पूछताछ गिरफ्तार रोहित महतो ने कहा कि उसके परिजन अक्सर बीमार रहते हैं। उनलोगों को शक था कि पड़ोस में रहने वाली महिला ने डायन किया है। इसके बाद उनलोगों ने महिला को मारने की योजना बनाई और गईंता से मारकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी की निशानदेही पर हत्या मे प्रयुक्त गईंता बरामद कर लिया गया है। छापेमारी में चंद्रपुरा थाना प्रभारी महावीर उरांव, एसआई अमन कुमार सिंह, एएसआई माधो टुडू सहित अन्य जवान शामिल थे।

### झरिया की छात्राओं ने राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव में लिया भाग

**झरिया।** झरिया कोयलांचल का नृत्य प्रशिक्षण संस्थान शाश्वती सेन डांस एकेडमी की छात्राओं ने जगन्नाथ पुरी में आयोजित राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव में अपनी शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 01 व 02 जून को श्री जगन्नाथ पुरी में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में झारखंड सहित विभिन्न प्रदेशों के प्रतिभागी शामिल हुए थे। प्रतियोगिता में शाश्वती सेन डांस एकेडमी की छात्रा देशिता दत्ता ने ताराना कत्थक नृत्य का लाजबाब प्रदर्शन किया। निहिता, चंचल, चिकी ने गुरु वंदना, निहिता, वंदना, चंचल, झिलिक पाल ने सरस्वती वंदना की शानदार प्रस्तुति दी। तुलिका और रिया ने संथाली नृत्य प्रस्तुत कर झारखंड का नाम रोशन किया। उमा भट्टाचार्य ने बांग्ला गीत की शानदार प्रस्तुति दी। छात्राओं का प्रदर्शन देखकर संस्था की प्रशिक्षक शाश्वती सेन ने सभी प्रतिभागी छात्राओं की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

### महुदा में जमीन विवाद में मारपीट बचाने गए जवान का सिर फूटा

**धनबाद।** महुदा थाना क्षेत्र के भक्तुडीह गांव में सोमवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची महुदा थाना पुलिस को भी लोगों ने नहीं बक्शा। एएसआई महेन्द्र राम को भी लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। उनके सिर में गहरी चोट लगी है। घायल एएसआई को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया गया कि गांव का कुंदन गोप विवादित जमीन पर जेसीबी चलवा रहा था। यह देख दूसरे पक्ष के विनोद राय अपने कुछ लोगों के साथ वहां पहुंचा और काम रोकने को कहा। इसके बाद दोनों पक्षों में गाली- गलौज होने लगी। मामला मारपीट तक पहुंच गया। दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। भीड़ में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। खबर पाकर महुदा थाना के एएसआई महेंद्र राम जवानों के साथ पहुंचे और स्थिति संभालने का प्रयास किया। तभी पीछे से एक पक्ष के विजय गोप ने लाठी से एएसआई महेंद्र राम पर दनादन कई वार कर दिया। वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। उनका सिर फट गया और खून बहने लगा। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी धीरज कुमार दलबल के साथ वहां पहुंचे। पुलिस को देख दोनों पक्ष के लोग भाग खड़े हुए। पुलिस ने एक पक्ष के दो लोगों को पड़कर थाना ले गई।

# पूजा करने गए भगत की हत्या

### घटना गावां प्रखंड के मनीमोहडर गांव की



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गावां प्रखंड स्थित गदर पंचायत के मनिमोहडर में जागेश्वर राय उर्फ कुरचू भगत नामक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। वे पूजा करने घर से लगभग आधा किलोमीटर दूरी पर स्थित बरगद पेड़ के नीचे कपासी थान गए थे। संभावना व्यक्त की जा रही है कि पूजा करने के दौरान अचानक हत्यारे आये और वहां से खींच कर झाड़ी में घसीट कर ले गए व निर्ममता से हत्या कर दी गई।

बताया जाता है कि वे प्रातः 10 बजे अपने घर से कपासी थान में पूजा करने की बात कहकर निकले थे। लगभग 11 बजे तक वापस नहीं आने पर परिजनों को चिंता हुई व उसे देखने के लिए निकले वहां जाने पर देखा कि पूजन का सामान बिखरा पड़ा है। वहीं पानी की बाल्टी सड़क के दूसरे ओर फेंका हुआ है। सभी लोग जब सफगद के झाड़ी के पास पहुँचे। तो झाड़ी के अंदर शव पड़ा मिला। परिजनों के रोने व चिल्लाने की आवाज पर अन्य ग्रामीण पहुँचे व झाड़ी से शव को बाहर निकाला व गावां पुलिस को इसकी सूचना दी। मृतक के परिजनों ने कहा कि उनलोगों का आसपास के गोतिया से विवाद चल रहा था। वे अक्सर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। मामले में गावां थाना में मृतक के पत्नी के द्वारा आवेदन भी दिया गया था। जहां कुछ गणमान्य लोगों के उपस्थिति पर बॉन्ड बनाकर छोड़ा गया था। बताया जा रहा है कि चार पांच दिनों के बाद दोनों पक्षों के बीच पंचायत करने का निर्णय भी लिया गया था। परिजनों ने यह भी कहा कि जागेश्वर राय स्थानीय भगवती मन्दिर के भगत थे। जहां इनपर भूत प्रेत का आरोप लगाकर पिछले एक वर्ष से मन्दिर में प्रवेश से कुछ लोगो ने रोक लगा दिया था। जिससे वे अपने घर मे ही पूजा पाठ करते थे। इनकी हत्या आपसी रंजिश में ही की गई है।

#### हत्यारों को प्रशासन गिरफ्तार करे : राजकुमार

घटना की सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार यादव, जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी घटना स्थल पर पहुँचे व शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि घटना अत्यंत निंदनीय है। वर्तमान समय मे भूत डायन जैसे अंधविश्वास के कारण लगातार केस मुकदमा व हत्या की घटनाएं हो रही है। जो समाज के लिए बहुत बड़ा कलंक है। उन्होंने कहा कि हत्या में जो भी शामिल है। प्रशासन उसका उद्भेदन करके दोषियों को गिरफ्तार करें। भाकपा माले इस के घटना को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

## व्यवसायी के डिक्की से उचक्कों ने उड़ाये दो लाख रुपये



**नवीन मेल संवाददाता**

**दुमका।** दिन-दहाड़े उचक्कों ने किराना व्यवसायी के दो लाख रुपए से भरे थैले को उड़ा लिया। यह घटना सोमवार को दोपहर के करीब दो बजे के आसपास शहर के गांधी मैदान के पास घटी। जानकारी के अनुसार व्यवसायी आनंद कुमार साहा ने नगर थाना में रुपए से भरे थैले को उड़ाने के मामले की शिकायत की है।

पीड़ित व्यवसायी आनंद साहा का रामगढ़ थाना के सामने किराना का दुकान है। व्यवसायी ने बताया कि वह दुमका से थोक में सामान लेने के अक्सर आते-जाते रहते है। दोपहर करीब एक बजे गांधी मैदान के समीप नीचे बाजार सामान लेने के लिए वैन से आए थे। सामानों की खरीदारी करने के बाद वैन रखवा रहे थे। इसी बीच वैन का एक पहिया पंचर कर गया। आसपास के मजदूरों ने बताया कि वैन का एक पहिया पंचर कर गया है। इसके बाद हाथ में पैसों से भरे थैले को सीट के पीछे तिरपाल के नीचे छुपाकर रख दिया। पहिया बदलने में करीब आधा घंटा लग गया। जब दुकानदार को देने के लिए थैले को निकालना चाहा तो वह गायब था। पूरा वाहन खंगालने के बाद भी पैसों का पता नहीं चला। एक दुकानदार के सीसीटीवी में यह तो दिखा कि वह पैसे को छुपा रहे हैं, लेकिन दूसरी दुकान के सीसीटीवी में साफ दिख रहा था है कि तीन युवक उनके रुपए से भरे थैले को लेकर भाग रहे हैं। व्यवसायी आनंद साहा ने नगर थाना आकर पुलिस को सारी जानकारी दी। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच की।

### वन विभाग की ओर से मैराथन दौड़ का आयोजन, डीएफओ ने कहा

# जल,पेड़-पौधों के बिना धरती पर जीवन की कल्पना करना असंभव

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकुड़।** विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के तहत वन विभाग की ओर से सोमवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। एसपी प्रभात कुमार व डीएफओ रजनीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। मैराथन दौड़ सिदो-कान्हू पार्क से दुगार्पुर होते हुए पाकुड़ वन प्रमंडल पहुंची। मैराथन दौड़ में एसपी व डीएफओ समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। डीएफओ ने बताया कि जल व पेड़ पौधों के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना करना असंभव है। अपने स्वार्थ को लेकर बड़ी संख्या में पेड़ काटे जा रहे हैं, तो कहीं भूमिगत जल का दोहन किया जा रहा है जो चिंताजनक विषय है। यदि बड़ी संख्या में पेड़ पौधे नहीं लगाए जायेंगे और जल संरक्षण नहीं किया जायेगा तो और भीषण गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ेगा। पानी व शुद्ध हवा के लिए लोग तरस जायेंगे। धीरे-धीरे तापमान में बढ़ोतरी हो जायेगा। नदी, तालाब सूख जायेंगे। लोग बेमौत मारे जायेंगे। कहा कि अभी 43 से 45 डिग्री तापमान दर्ज हो रहा है। इसे 60 डिग्री होने में देरी नहीं लगेगी। अभी भी वक्त है लोगों को संभालने का। उन्होंने जिलावासियों से अपनी खाली जमीन पर अधिक से अधिक संख्या में छायेदार व फलदार पेड़ लगाने की अपील की। कहा कि यदि खाली जमीन में कोई पेड़ लगाना चाहते हैं तो सरकार इसका खर्च वहन करेगी। ऐसे व्यक्ति वन कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। मौके पर वन विभाग की ओर से इंद्रदेव राम, बबलू डेहरी, पवन गौड़, अनुज कुमार, आकाश कुमार, खेल संगठन की ओर से रणवीर सिंह, पंकज कुमार, नारायण कुमार आदि मौजूद थे।

#### इस मानसून में लगाये जायेंगे दो लाख पौधे



वन विभाग ने इस मानसून में जिलेभर में अलग-अलग प्रजातियों के दो लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। डीएफओ के अनुसार यह पौधे शहर व गांवों में सड़क के किनारे लगाये जायेंगे। पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को उनकी सुरक्षा और पेड़-पौधे नहीं काटने के लिए प्रेरित किया जायेगा। विभाग की ओर से इन पौधों की देखरेख की जायेगी। सभी छायेदार पौधे लगाये जायेंगे। विभाग इसकी तैयारी में जुट गया है। पौधे तैयार किए जा रहे हैं। जुलाई के अंत तक पौधरोपण का कार्यक्रम शुरू कर दिया जायेगा। बताया कि तब तक मानसून आ जायेगा। मानसून में पौधे आसानी से तैयार होते हैं।


**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

**-:आम सूचना:-**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस-विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 तारा सिन्हा (पति स्व0 शषि भूषण प्रसाद)

संजय सिन्हा | अजय कुमार सिन्हा | रूपा सिन्हा | दीपा सिन्हा

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR 325265 District(24-25).D

हर्ष और आनंद से परिपूर्ण जीवन केवल ज्ञान और विज्ञान के आधार पर संभव है : राधा कृष्णन



# चीन की सर्वशक्तिमान की दौड़ में बाधक भारत और छद्म युद्ध

*कुछ* चीन समर्थक विशेषज्ञ विभिन्न प्लेटफॉर्म पर प्रचारित कर रहे हैं कि चीन महाशक्ति देश के रूप में अमेरिका की जगह लेना चाह रहा है, इसलिए उसके पास भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचने का समय नहीं है। सच यह है कि चीन छद्म युद्ध में भारत को कमजोर किए बिना दुनिया पर वर्चस्व कायम नहीं कर सकता है। इसलिए सैन्य से लेकर आर्थिक और मानचित्रण तक-वह भारत के खिलाफ हर तरह की आक्रामकता आजमाने का प्रयास करता रहा है जैसा उसके रणनीतिकार साजिश रचते हैं। चीन की 'तीन युद्ध' रणनीति का काफी विश्लेषण किया गया है, जो झाउ वंश के रणनीतिकार सनत्जु की पुस्तक द आर्ट ऑफ वार से प्रेरित थी, खासकर बिना लड़े जीतने की उसकी अवधारणा, क्योंकि वह चीनियों की सीमित शारीरिक क्षमता से वाकिफ थे। चीन अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को कमजोर करना, सीमाओं को बदलना और वैश्विक (खासकर सोशल) मीडिया को नष्ट करना चाहता है। उसके पास सूचनाओं में हेरफेर करने वाली एक सेना है, और वह जहां तक संभव हो सके, अपने विरोधियों को भ्रमित करने के लिए उसका उपयोग करने की कोशिश करता है। आजकल एल्गोरिद्म एवं बॉट्स के साथ सोशल मीडिया में हेरफेर करना अपेक्षाकृत आसान हो गया है, जो इंटरनेट पर स्वचालित ढंग से असीमित 'व्यूज' और 'लाइक्स' पैदा कर सकते हैं, जिन्हें मानव गतिविधियों की तरह तैयार किया गया है। मौजूदा लोकसभा चुनाव के दौरान भी ऐसा देखने को मिला है। वर्तमान सरकार के कुछ विदेश-समर्थित सोशल मीडिया आलोचक हैं, जिनके 'आधिकारिक' रूप से लाखों फॉलोअर्स हैं। चीन ने सोशल मीडिया के जरिये ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका में चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की है। लेकिन वह पकड़ा गया और उसने आहत होने का नाटक किया। मेटा जैसी दिग्गज सोशल मीडिया कंपनी के सतर्क होने और दुर्भावनापूर्ण खातों को निष्क्रिय करने के बाद चीन (और उसका अनुयायी पाकिस्तान) सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वाले प्रमुख देश के रूप में उभरा है। यानी सोशल मीडिया को चीन ने पूरी तरह से एंटी-सोशल (असामाजिक) बना दिया। वर्ष 2020 में गलवान की घटना (जो चीन की भयंकर भूल थी) के बाद उसकी चर्चित सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलएल) कागजी शेर साबित हुई। इसलिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी अब गैर-पारंपरिक युद्ध करने की कोशिश कर रही है। उसके निशाने पर विशेष रूप से विदेश में बसा सिख समुदाय का एक छोटा-सा वर्ग है, जो भारत को अस्थिर करने के बारे में सोच रहा है। अपने पुराने पिछलग्गू पाकिस्तान के उकसावे में आकर चीन ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद यही घिसी-पिटी रणनीति अपनाई। लेकिन कश्मीर में जब उसकी दाल नहीं गली और कश्मीर के लोगों को राष्ट्रीय मुख्यधारा में जुड़ने के आर्थिक और राजनीतिक लाभ दिखने लगे, तो चीन ने अपना ध्यान विदेश में बसे कट्टरपंथी सिखों की तरफ लगाया। उसकी यह साजिश भी विफल होने वाली है, क्योंकि भारत की अर्थव्यवस्था आसमान छू रही है और दुनिया भारत के साथ दोस्ती के फायदे समझ रही है। पिछले पांच वर्षों में चीन ने भारत पर काफी आर्थिक दबाव बनाया, उसके बावजूद महामारी पर काबू पाने में हमारी सफलता और आर्थिक सुधार से चीन चिंतित हो उठा है। हालांकि भारत और चीन के बीच खुले युद्ध की फिलहाल कोई आशंका नहीं है, लेकिन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर छिटपुट झड़पों और कभी-कभार जमीन हड़पने के प्रयासों से इन्कार नहीं कर सकते। चीनी राजनयिकों ने स्पष्ट धमकियां देने की रणनीति अपनाने की कोशिश की और मेजबान देशों को नाराज किया, जिससे चीन की छवि को नुकसान ही पहुंचा। पूर्व मंगोलियाई राष्ट्रपति, जो शी से 30 बार मिल चुके हैं, ने लिखा कि शी दिखाते हैं कि 'व्यक्तिगत रूप से करिश्माई होने के साथ विश्व मंच पर खतरनाक और निरंकुश होना संभव है। वह दुष्ट भी हो सकते हैं। अपने सभी 19 पड़ोसियों को चुनौती देने की हठधर्मिता की चीन भारी कीमत चुका रहा है, जिसके लिए उसके राष्ट्रपति का अहंकार जिम्मेदार है।

अर्थव्यवस्था

# शेयर मार्केट पर भी एग्जिट पोल की चमक



शशांक भारद्वाज

*एक* बड़ी समयविधि के लोकसभा चुनाव के सभी चरण संपन्न हो गए हैं तथा एक्जिट पोल भी आ गए हैं। इनमें मोदी सरकार की प्रचंड बहुमत से पुनर्वापसी का अनुमान लगाया गया है। शेयर मार्केट इस शुभ समाचार की प्रतीक्षा कर रहा था। अब तो लगता है शेयर मार्केट भागेगा खटाखट, पैसे बनेंगें टकाटक। इस बार का लोकसभा का चुनाव भारत के भविष्य के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण चुनाव था। भारत, जो सभी क्षेत्रों में एक सशक्त आकार ले रहा था, वो किस दिशा में किस गति से अब बढ़ेगा, कोई अवरोध तो नहीं आएगा इत्यादि के निर्णय का चुनाव था। अब मोदी पुनः आ रहें हैं तो राष्ट्र अपने आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निश्चिंत है तथा आर्थिक सशक्तिकरण शेयर मार्केट के लिए बहुत उत्साहजनक होता है, प्रिय होता है। इंडिया गठबंधन के व्यवहारिक, अतार्किक घोषणापत्र से भारतीय उद्योग व्यापार जगत, शेयर मार्केट चिंतित था। उनकी सत्ता नही आने की संभावना से इस चिंता के बादल छंट गए है। अब भारत तथा भारत का शेयर मार्केट अपनी और भी गवीर्ली यात्रा के लिए तैयार है। पिछले सप्ताह लोकसभा चुनावों में मोदी सरकार की सीटों के आकलन को ले कर अनेक चचाएं चल रहीं थीं। कुछ में भाजपा को कम सीटें मिलने की बात कही जा रहीं थीं। इससे शेयर मार्केट में थोड़ी घबराहट थी। मुख्यतः इसी कारण पिछले सप्ताह निफ्टी में 427 अंको की गिरावट रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने नकद संभाग में 7754 करोड़ रूपए की बड़ी बिकवाली की। गुरुवार को तो उन्होंने नगद ,स्टॉक फ्यूचर तथा इंडेक्स फ्यूचर में कुल मिला कर 19417 करोड़ रुपए की बिक्री की। सामान्य भारतीय निवेशक भी चुनाव परिणाम आने की ले कर थोड़ी



प्रतीक्षा में मनोभाव में दिखे। अब अनिश्चितता लगभग समाप्त होने को है। ऐसे में एफआईआई तथा भारतीय निवेशक, दोनों के द्वारा बहुत बड़ी तथा आक्रामक खरीद आने की पूरी संभावना है। सोमवार को यदि भारतीय शेयर मार्केट ऊपर खुल और भी चढ़ दिन के उच्चतम स्तरों के निकट बंद होते है, फिर मंगलवार को चुनाव परिणाम एक्जिट पोल के अनुसार आते हैं, मोदी के पक्ष में अनुमानों से भी अच्छे आते हैं तो फिर मंगलवार को तेजी का बड़ा विस्तार हो सकता है। यह एक दीर्घकालीन बड़ी तेजी की यात्रा का आधार बनेगा तथा आने वाले कई वर्षों में भारतीय शेयर मार्केट में अद्भुत तेजी देखने को मिलेगी। घरेलू संस्थागत निवेशक तो लगता है मोदी सरकार की वापसी को ले कर पूर्णतया निश्चित थे। पिछले सप्ताह नकद संभाग में उन्होंने 11765 करोड़ रुपए का बड़ा क्रय किया जो एफआईआई की बिकवाली से 4009 करोड़ रूपए अधिक था, 50 प्रतिशत अधिक था। यह डीआईआई के पास अच्छे धन की उपलब्धता को, एफआईआई के विक्रय के प्रतिकार की क्षमता, आत्मविश्वास को भी दर्शाता है। डीआईआई का शक्तिशाली होना बहुत अच्छा संकेत है। पिछले सप्ताह के सभी पांचों व्यायारिक सत्रों में डीआईआई क्रय करने की मुद्रा में रहे। किसी दिन एफआईआई ने बड़ी बिकवाली की तो डीआईआई ने भी उस दिन बड़ी खरीद की। यह एक आक्रामक प्रत्युतर था। पिछले सप्ताह में अमेरिका में डॉलर इंडेक्स तथा यूएस बॉन्ड यील्ड में बढ़त आ गई तथा इस कारण भी वहां के शेयर मार्केट में गिरावट रही। साप्ताहिक आधार पर डाउ में 383 अंकों की दुर्बलता आई। यद्यपि सप्ताहांत में शुक्रवार को डाउ में 575 अंको की तेजी रही अतः डाउ में दुर्बलता का भी आंशिक प्रभाव भारतीय शेयर मार्केट पर पढ़ रहा था, उसके भी कम होने की अब संभावना है। क्रूड ऑयल में दुर्बलता बनी हुई है। उछाल पर टिक नहीं पा रहा, युद्ध की स्थितियों में भी नहीं। इससे लगता है कि क्रूड में और भी अधिक गिरावट आ सकती है जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा रहेगा। पिछले सप्ताह क्रूड 81.37 डॉलर प्रति बैरल रहा। इंडिया विक्स अभी बढ़ा हुआ है,24.60 है। लोकसभा चुनाव परिणाम जैसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम को ले कर यह स्वाभाविक भी है। एक बार जब अनिश्चितता समाप्त हो जायेगी तब ये भी नीचे आ जायेगा। मई माह में जीएसटी कर संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपए रहा जो अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रूपए था। पिछले वित्त वर्ष में विनिर्माण तथा निर्माण, दोनो क्षेत्रों में 9.9 प्रतिशत की प्रभावी वृद्धि रही। इन दोनो क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि अर्थव्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाती है। यह क्रम मोदी सरकार की वापसी से बने रहने की पूरी संभावना है। भारत में अगले एक वर्ष में कार कम्पनियों की एक लाख करोड़ रूपए निवेश करने की योजना है। इससे अर्थव्यवस्था के प्रति सकारात्मक भाव का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। पिछले वित्त वर्ष में भारत में कंपनियों का लाभ 25 प्रतिशत बढ़ा। उससे मार्केट की पी ई 25 प्रतिशत कम होती है, मार्केट का मूल्यांकन आकर्षक होता है। यह शेयर मार्केट में बढ़त को भी न्यायोचित बनाता है। जीएसटी स्लैब घटाने की चर्चा है। यह कंपनियों के लिए लाभदायक होगा। आधारभूत क्षेत्र के म्यूचुअल फंड ने 5 वर्षों में 380 प्रतिशत तक का प्रतिफल दिया है। इस प्रकार का प्रदर्शन अधिक संख्या में निवेशकों को एमएफ की ओर आकर्षित करेगा जो परोक्ष रूप से शेयर मार्केट के लिए भी सहायक सिद्ध होगा। विश्व के प्रमुख वित्तीय संस्थान एसएंडपी ने अच्छे अर्थव्यवस्था प्रबंधन के कारण भारत की साख को स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया है। इससे भी अधिक विदेशी निवेश आयेगा। भारत में मध्य वर्ग की जनसंख्या 31 प्रतिशत हो गई है। यह एक महत्वपूर्ण परिवर्तन है जो चुनावी राजनीति को भी आनेवाले वर्षों में सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा। राजनीति तथा राजनीतिज्ञों की दिशा ठीक होगी, अतार्किक, मात्र वोटों के लिए लोक लुभावनी घोषणाएं में कमी आ सकती है, उनका प्रभाव कम हो सकता है। इससे अर्थव्यवस्था पर अनावश्यक बोझ नहीं पड़ेगा। मोदी 3.0 भारत के सर्वांगीण विकास का शंखनाद होगा। निवेश कीजिए, इसके सहभागी बनिए। जिन क्षेत्रों ने मोदी सरकार का विशेष ध्यान हैं, रक्षा, रेल, सरकारी बैंक इत्यादि उनके शेयरों में निवेश कीजिए। जो शेयर उचित मूल्यांकन में मिल रहें,उन्हें इक्कठा करें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## आपकी बात

# आखिर सड़कों पर रेंगती मौत का कौन है जिम्मेदार?



मनोज कुमार अग्रवाल

*गर्मी* की छुट्टियां होते ही देश में पहाड़ी राज्यों की ओर मैदानी क्षेत्रों के निवासियों की पिकनिक व धार्मिक टूर का सिलसिला शुरू हो जाता है। अधिकांश मध्यमवर्गीय परिवार पहाड़ी क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों पर जाना पसंद करते हैं क्योंकि इससे वह धार्मिक तीर्थयात्रा व पर्यटन दोनों काम एक साथ करने का विचार रखते हैं लेकिन इन दिनों रोजाना धार्मिक यात्रा के दौरान सड़क हादसे और उनमें जनहानि के मामले सामने आ रहे हैं। हाल ही में जम्मू के अखनूर में हुए सड़क हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 69 लोग घायल हो गए। यह यात्री यूपी के हाथरस से जम्मू संभाग के जिला रियासी के शिवखोड़ी धाम में बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए जा रहे थे। दावा किया जा रहा है कि डोडा में पिछले साल हुए हादसे के बाद यह जम्मू कश्मीर की दूसरी सबसे बड़ी दुर्घटना15 नवंबर 2023 डोडा के अस्सर इलाके में यात्रियों से भरी एक बस सड़क से फिसल कर 300 फुट गहरी खाई में गिर गई थी। इसमें 39 लोगों की मौत हो गई थी और 19 घायल हो गए थे। इसी साल 29 मार्च को रामबन जिले के बैटरी चश्मा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) के फिसल कर खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई थी। आपको बता दें कि दुनिया में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों में अत्यधिक वृद्धि हुई है और इनमें से भी प्रत्येक 5 में से 1 मौत भारत में होने के कारण भारत को सड़क दुर्घटनाओं की राजधानी भी कहा जाने लगा है जिनमें परिवारों के परिवार तबाह हो रहे हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 'भारत में सड़क दुर्घटनाएँ-2022' पर वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं जिसमें 1,68,491 लोगों की जान चली गई। जबकि 4,43,366 लोग घायल हो गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, हर एक घंटे में 53 सड़क हादसे हुए और हर एक घंटे में 19 लोगों ने सड़क हादसों में जान गंवाई। हाल के दिनों में हुई सड़क दुर्घटनाओं की बानगी देखिए 18 मई को मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में केदारनाथ से दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालुओं की कार मवेशियों से टकराने से बचाने की कोशिश में पलट जाने से उसमें सवार 2 महिलाओं की मौत व 11 अन्य घायल हो गए। 23 मई को मध्य प्रदेश के इंदौर से चारधाम यात्रा के लिए आए तीर्थ यात्रियों की बस समराला के निकट एक ट्राले से टकरा जाने से 2 महिला श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। 24 मई को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से माता वैष्णो देवी के दर्शनों को जा रहे श्रद्धालुओं की मिनी बस दिल्ली-जम्मू हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक ही परिवार के 7 सदस्यों की मौत और 20 लोग घायल हो गए। 24 मई को ही कर्नाटक के श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या आ रही एक मिनी बस के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर एक ट्रक से टकरा जाने के कारण तीन श्रद्धालुओं की मौत और 14 घायल हो गए। 25 मई को जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में एक कार के सड़क से फिसल जाने से पंजाब के 4 पर्यटकों की मौत तथा 3 घायल हो गए।

**हर दिन पांच सौ लोगों को निगल लेती है भारतीय सड़कें**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

चुनावी नतीजों पर चर्चा

# जीत के नये मानक गढ़ती भाजपा और निस्तेज होता विपक्ष



ललित गर्ग

*लोकसभा* चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद आए कई एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एडीए) को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। इन सर्वेक्षणों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालते हुए पूर्व के सारे रिकार्ड को ध्वस्त कर देंगे। मोदी ने लोकसभा चुनाव में अपने प्रभावी एवं चमत्कारी प्रदर्शन से जनता का दिल जीता है और उनके देश-विकास के कार्यक्रमों पर जनता ने मोहर लगाई है। विपक्ष के लिये जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि मुस्लिम तुष्टीकरण, मुफ्त की रेवडियां बांटने, संविधान बचाने के भ्रामक ड्रामा एवं देश तोड़ने की सोच से ऊपर उठकर विपक्ष की भूमिका का सार्थक करें। कोई भी एग्जिट पोल चुनाव परिणाम तो नहीं होता, लेकिन बातों ही बातों में चुनाव परिणामों की ओर इशारे कर जाता है, जो अक्सर समय की कसौटी पर सही साबित होते आये हैं, वास्तविक नतीजे मंगलवार 4 जून को देर शाम तक प्राप्त हो पाएंगे। जिसमें भाजपा एक बार फिर सारे मिथक तोड़ते हुए दिखाई दे रही है। भाजपा की सफलता को इसलिए भी बड़ा माना जा रहा है क्योंकि उसने सारे विपक्षी दलों के गठबंधन एवं शक्ति को मात दी। भाजपा न केवल अपनी सरकार बचाते हुए दिख रही है बल्कि भारत को एक नये युग में ले जाने के लिये प्रतिबद्ध दिख रही है। निश्चित ही सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने के लिये भाजपा एक लहर बन चुकी है और इस लहर ने पूरे मुल्क के स्वाभिमान को एक नई ऊंचाई दी है। अब भारत का मतदाता परिपक्व हो चुका है, उसे जाति, धर्म, सम्प्रदाय के नाम पर गुमराह नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र जिस रूप में सशक्त हो रहा है, उसी के अनुरूप राजनीतिक चरित्र को गढ़ना होगा, उसके प्रति भी राजनीतिक दलों को एहसास कराना होगा, जहां से राष्ट्रहित, ईमानदारी और नए मनुष्य की रचना, सशक्त अर्थव्यवस्था एवं विकास की तीव्र रफ्तार, खबरदार भरी गुहार सुनाई दे। कोई भी दल हो, अगर ये एहसास नहीं जागता है तो मतदाता दिखा देता है उनको शीशा, वही छीन लेता है उनके हाथ से दियासलाई और वही उतार देता है सत्ता का मद।


**मोदी ने लोकसभा चुनाव में अपने प्रभावी एवं चमत्कारी प्रदर्शन से जनता का दिल जीता है और उनके देश-विकास के कार्यक्रमों पर जनता ने मोहर लगाई है।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से

Anil Kumar
23 h

TV channels ne pagal bana diya hai, don't see before 4th June




Vinay Chaturvedi and 18 others 1 comment

## X- से

ocean jain
@ocjain4
Follow

जून 2013
उत्तराखंड की जल प्रलय में 6000 अज्ञात लोग मारे गए,
4800 आज तक लापता हैं,
कुल 11000 मौतें हुईं।
कांग्रेस सरकार को इतनी बड़ी त्रासदी के बारे में तीन दिन बाद चला .....
जब एक हेलीकाप्टर पायलट ने देखा कि 'रामबाड़ा' तो गायब है और भागीरथी अपनी जगह से आधा किलोमीटर दूर बह रही है।
मरने वालों में हज़ारों हिंदु तीर्थयात्रियों के अलावा...... सैकड़ों राज्य सरकार ,बैंक कर्मी और सैकड़ों घोड़े वाले भी थे, .....
मगर तत्कालीन सोनिया-राहुल-बहुगुणा सरकारें हाथ पर हाथ धरे बैठी रहीं , .....
हज़ारों करोड़ का नुकसान हुआ
मगर मनमोहन सिंह ने सिर्फ सौ करोड़ दिये, और पहुँचे बमुश्किल 20-25 करोड़ !!
शेष दलालों ने उड़ा लिए!
'राहुल' विदेश दौरे पर था तो राहत कार्य का उद्घाटन कौन करता ?
ट्रकों को हरी झंडी कौन दिखाता,
फोटो किसका खिंचता ?
सो जब राहुल बाबा थाईलैंड से लौटे, तब राहुल और सोनिया के फोटो वाली राहत पेटियां तैयार हुईं, और पेटियों में पारले-G के बिस्कट रखकर राहत सामग्री का नाम दे दिया गया।

Post your reply

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# नतीजे के बाद क्या कहेगा विपक्ष



रास बिहारी

*कांग्रेस,* तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल समेत कई विपक्षी दलों ने लोकसभा चुनाव के मतदान के आखिरी और सातवें चरण की समाप्ति पर विभिन्न मीडिया संस्थानों के एग्जिट पोल्स में भारतीय जनता पार्टी के अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की प्रचंड जीत के अनुमान को मोदी मीडिया का पोल करार दिया है। इंडी एलायंस के नेताओं की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य नेताओं ने दावा किया वे सब मिलजुल कर 295 सीट से ज्यादा जीत रहे हैं। इस दावे को लगातार मीडिया पर दिखाया जाता रहा। साथ ही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की बौखलाहट भरी प्रतिक्रिया कि एग्जिट पोल मोदी मीडिया का पोल है, को भी मीडिया में लगातार जगह मिलती रही। सवाल यह है कि 4 जून को ये अनुमान नतीजों में बदल जाते हैं तो विपक्ष के नेताओं की प्रतिक्रिया क्या होगी? उसकी तैयारी भी पहले से ही कर ली गई है। हार का ठीकरा चुनाव आयोग और ईवीएम पर फूटना तय है। एग्जिट पोल सही साबित हो, यह पहले भी साबित हो चुका है। इस बार सभी एग्जिट पोल्स एनडीए की सरकार तीसरी बार बना रहे हैं। भाजपा के नेता एग्जिट पोल के बाद भी लगातार 400 पार का नारा लगा रहे हैं। सवाल एग्जिट पोल्स के सही या गलत साबित होने का नहीं है। कुछ एग्जिट पोल पहले भी गलत और सही साबित हुए हैं। एग्जिट पोल पर टिप्पणी करते हुए राहुल गांधी ने जिस तरह मीडिया पर टिप्पणी की है, वह उनकी बौखलाहट ही जाहिर करती है। कांग्रेस ने तो एग्जिट पोल्स पर टीवी चैनलों पर बहस में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया। बाद में उन्होंने यह फैसला बदल दिया। राहुल गांधी और कांग्रेस के नेता शायद यह भूल गए कि 2023 के अंत में हुए राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में एग्जिट पोल कांग्रेस की सरकार बना रहे थे। इन चुनावों में भी कुछ एग्जिट पोल गलत और कुछ सही साबित हुए थे। जाहिर है आप एग्जिट पोल्स पर सवाल उठा सकते हैं पर मीडिया को मोदी की मीडिया बताना पूरी तरह गलत है। लोकसभा चुनाव के दौरान मीडिया ने कुछ ऐसी खबरों को खूब बढ़ा-चढ़ा कर दिखाया, जिससे भाजपा को परेशानी हुई। खासतौर पर हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसानों के आंदोलन का भारी असर बताया गया। इसी तरह गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और पश्चिम उत्तर प्रदेश में केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला की टिप्पणी को लेकर राजपूतों में भारी नाराजगी जताई। यह अलग बात है कि भाजपा के एक-दो राजपूत नेताओं को टिकट न मिलने पर राजपूतों की नाराजगी को बार-बार दिखाया गया। टीवी चैनलों पर बहस के दौरान कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल के प्रवक्ता सही पक्ष रखने वाले पत्रकारों और राजनीतिक टिप्पणीकारों को मोदी समर्थक साबित करने पर तुले रहे। कुछ चैनलों पर राजनीति से जुड़े लोगों को राजनीतिक विश्लेषक के तौर पर बुलाने के कारण पत्रकारों पर सवाल उठने भी थे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तो लगातार मीडिया ही निशाना साधते रहे। इसी तरह की तर्ज पर कांग्रेस के प्रवक्ता मीडिया को दोषी ठहराते रहे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

# शिरडी साईं बाबा का इतिहास

उसी जगह उन्हें एक बर्तन मिला जो लकड़ी की मेज पर गाय के मुंह के आकार का था। बाबा ने स्पष्ट किया कि यह वह पवित्र स्थान है जहाँ उनके गुरु ने तपस्या की थी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि मेरी (साईं बाबा) पूजा करने के बजाय, पेड़ की पूजा करें और इसे अछूता छोड़ दें। आज तक किसी ने इसे छुआ तक नहीं। यह पेड़ शिरडी में तीर्थयात्रियों का पहला पड़ाव है। बाबा एक अद्वितीय व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपनी ओर बहुत ध्यान आकर्षित किया, दिन के समय वे किसी से नहीं मिलते थे और किसी से डरते नहीं थे। कुछ लोगों को लगता था कि वे पागल हैं और यहाँ तक कि उन्हें पत्थर मारकर शारीरिक रूप से चोट भी पहुँचाई। शुरूआत में बाबा ने शिरडी में लगभग 3 साल बिताए। इसके बाद, एक साल की अवधि के लिए बाबा ने




शिरडी छोड़ दी और उस अवधि के दौरान साईं बाबा के बारे में बहुत कम जानकारी थी। इतिहास के अनुसार, उन्होंने कई संतों, फकीरों से मुलाकात की और यहाँ तक कि बुनकर का काम भी किया। वर्ष 1858 में बाबा स्थायी रूप से शिरडी लौट आए। लगभग पाँच वर्षों तक बाबा ने नीम के पेड़ के नीचे अपना निवास बनाया और अक्सर बाबा शिरडी के पास जंगल में घूमते रहते थे। (क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# अब Google Play Store पर मिलेगा यह खास फीचर

*गूगल* ने हाल ही में एक खास फीचर को जारी कर दिया है। गूगल प्ले स्टोर के नए अपडेट से यूजर्स को मिलेगी ये खास सुविधा। चलिए आपको बताते हैं इस फीचर को कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं और क्या है इसकी पूरी डिटेल?




गूगल अपने यूजर्स के लिए के नए-नए अपडेट लेकर आता रहता है। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार गूगल ने एक फीचर अपडेट किया है। गूगल ने अपने यूजर्स को बड़ा तोहफा दिया है। बता दें कि गूगल प्ले स्टोर पर यूजर फ्रेंडली फीचर का यूजर्स को बेसब्री का इंतजार था। चलिए इस फीचर के बारे में आपको बताते हैं।

**एंड्रॉयड यूजर्स के लिए खुशखबरी**

दरअसल, गूगल के नए अपडेट के मुताबिक, यूजर्स एंड्रॉयड डिवाइस में किसी भी एप को कंप्यूटर के जरिए इंस्टाल कर सकते हैं। इस न्यू अपडेट से यूजर्स का काम आसान हो जाएगा। इसके साथ ही इस अपडेट के जरिए यूजर्स को मल्टीपल डिवाइस में एप मैनेजमेंट की सुविधा मिलेगी। न्यू अपडेट के साथ यूजर्स अपने एंड्रॉयड डिवाइस में रिमोट तरीके से किसी भी एप को अनइंस्टाल किया जा सकता है। दरअसल, इस फीचर का इंतजार पिछले एक दशक से किया जा रहा था। (क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मतगणना की तैयारी पूरी, हिंसा रोकने की भी है पुख्ता तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 का मतदान समाप्त होने के साथ ही चुनाव आयोग ने यह माना है कि चुनाव इतनी गर्मी में नहीं करवाए जाने चाहिए। आयोग के मुताबिक इस चुनाव से उन्हें यह सीख मिली है कि चुनाव एक महीना पहले खत्म हो जाने चाहिए। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव उपरांत हिंसा न हो, इसके लिए पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में पैरा मिलिट्री फोर्सेज यथावत बनी रहेगी। हालांकि यह अर्धसैनिक बल अब राज्य सरकार के नियंत्रण में होंगे, लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त ने उम्मीद जताई कि राज्य चुनाव पश्चात किसी भी हिंसा को नहीं होने देंगे। मतदान के दौरान दिए जाने वाले फार्म 17 सी को देने में न कोई देरी हुई है न कोई गड़बड़ी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मतगणना की पूरी वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। मतगणना केंद्र पर राजनीतिक पार्टियों के एजेंट को बैठने और तथ्य नोट करने की पूरी स्वतंत्रता है। पोस्टल बैलेट की गिनती उसी प्रकार की जाएगी जैसे 2019 से लेकर अब तक विभिन्न चुनाव में की जा रही है। अमूमन पोस्टल बैलेट की संख्या कम होती है और उनकी गिनती पहले समाप्त हो जाती है। गौरतलब है कि विपक्ष ने वीडियोग्राफी, उम्मीदवारों के एजेंटों की मौजूदगी, पोस्टल बैलेट आदि के विषय रविवार को चुनाव आयोग के समक्ष रखे थे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतगणना से ठीक 1 दिन पहले की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि लोकसभा चुनाव में इस बार 64 करोड़ 20 लाख से ज्यादा मतदाताओं ने वोट डाले। चुनाव आयोग ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा, हमने एक विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इन 64 करोड़ मतदाताओं में से 31 करोड़ महिला मतदाता हैं। इसके साथ ही 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं ने भी बड़ी संख्या में वोट दिया। चुनाव आयोग ने कहा कि वोटों की गिनती के दौरान पूरी वीडियोग्राफी कराई जाएगी, रिटर्निंग ऑफिसर के टेबल पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को बैठने की मंजूरी दी गई है। मतगणना की पूरी प्रक्रिया करीब 70-80 लाख लोगों के बीच होनी है ऐसे में कोई प्रॉब्लम नहीं हो सकती।




## बलूचिस्तान में पोलियो टीकाकरण टीम पर हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में पोलियो टीकाकरण टीम को फिर निशाना बनाया गया है। प्रांत के चमन शहर में धरना समिति के सदस्यों ने टीम और सुरक्षा के लिए तैनात लेवी कर्मियों पर लाठियां बरसाईं। चमन के डीसी राजा अतहर अब्बास ने सोमवार को घटना की पुष्टि की है। डीसी अब्बास का कहना है कि धरना समिति के सदस्यों ने चमन में पोलियो टीकाकरण टीम पर लाठियों से हमला किया। इस हमले में चार लेवी कर्मचारी घायल हो गए। इन कर्मचारियों को पोलियो विरोधी अभियान के दौरान टीम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तैनात किया गया था। डीसी चमन ने कहा कि हमलावरों ने पुलिस और लेवीकर्मियों से वैक्सीन और हथियार छीनने की कोशिश की।

## न्यूज बॉक्स

### पीएम मोदी से मिले नीतीश कुमार अमित शाह के साथ भी होगी मुलाकात



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के 4 जून को आने वाले नतीजे से पहले देश की राजधानी दिल्ली में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। दिल्ली दौरे पर आए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर दोनों नेताओं के बीच करीब 35 मिनट से ज्यादा देर तक बातचीत हुई। यह बताया जा रहा है कि बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएम मोदी को राज्य में हुए लोकसभा चुनाव के संभावित नतीजों के बारे में जानकारी दी है। नीतीश कुमार की पीएम मोदी से हुई इस मुलाकात को 2019 में लोकसभा चुनाव के बाद घटे घटनाक्रम के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि नीतीश कुमार स्वयं इस बार 2019 का इतिहास दोहराना नहीं चाहते। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन का हिस्सा होने और बड़ी जीत मिलने के बावजूद नीतीश कुमार केंद्र में मंत्रिमंडल के गठन को लेकर नाराज हो गए थे। भाजपा और जेडीयू दोनों ही इस बार 2019 के प्रकरण को दोहराने से बचना चाहते हैं। इसलिए यह माना जा रहा है कि शीर्ष स्तर पर हुई इस मुलाकात के दौरान बिहार एवं देश के राजनीतिक हालात, एग्जिट पोल के अनुमान और मंगलवार को आने वाले चुनावी नतीजों के साथ-साथ एनडीए गठबंधन में भविष्य में नीतीश कुमार की भूमिका को लेकर भी चर्चा हुई है।

### मध्य प्रदेश में मतगणना की तैयारी पूरी, 116 प्रेक्षक रहेंगे मौजूद



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा की 29 सीटों पर होने वाली मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस दौरान चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त 116 प्रेक्षक (ऑब्जर्वर) मौजूद रहेंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रदेश में 29 संसदीय क्षेत्रों की मतगणना 52 जिला मुख्यालयों पर 4 जून को प्रातः 8 बजे से होगी। गर्मी को देखते हुए मतगणना स्थल पर पेयजल, कूलर, एम्बुलेंस सहित सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। मतगणना स्थल पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। केवल अधिकृत पासधारी व्यक्ति ही मतगणना सेंटर में प्रवेश कर सकेंगे। मतगणना कर्मियों का तृतीय रैंडमाइजेशन 4 जून को सुबह 5 बजे होगा। उसके बाद ही कर्मचारी को पता चल सकेगा कि उसकी किस टेबल पर ड्यूटी है। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त किए गए ऑब्जर्वर के बारे में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 29 लोकसभा क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त 116 प्रेक्षकों की उपस्थिति में मतगणना होगी। राज्य में 230 विधानसभा क्षेत्र हैं। इस तरह एक प्रेक्षक के पास दो विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी रहेगी। वहीं, छिंदवाड़ा में तीन प्रेक्षक रहेंगे। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि काउंटिंग की एक टेबल पर चार लोग होते हैं। माइक्रो आब्जर्वर के रूप में केंद्रीय कर्मचारी हर टेबल पर रहेंगे। पोस्टल बैलेट की गिनती रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में होगी। काउंटिंग हॉल, काउंटिंग परिसर में सीसीटीवी है, ईवीएम को मतगणना स्थल तक ले जाने वाले कॉरिडोर पर भी सीसीटीवी लगे हैं और जब से स्ट्रांग रूम बना है तब से सीसीटीवी लगे हुए हैं।

### एग्जिट पोल 'खर्च का तमाशा', बिहार में नहीं होगा सफल : मनोज झा



**पटना।** राजद के प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने सोमवार को एग्जिट पोल को 'खर्च का तमाशा' बताया। उन्होंने कहा कि एक जून से देश ने एग्जिट पोल के रूप में खर्च का तमाशा देखा। इस एग्जिट पोल के जरिए लोगों ने लाखों-करोड़ों कमाया, यह उनको मुबारक हो। बिहार के मामले में एग्जिट पोल सफल से अधिक असफल ही होते हैं। उन्होंने मतगणना से पूर्व पोस्टल बैलेट में खेल नहीं करने की चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसा हुआ तो बिहार की जनता इसका प्रतिकार करेगी। पटना में आयोजित महागठबंधन के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से हम लोग मिले हैं। पोस्टल बैलेट को लेकर जो 2020 के विधानसभा चुनाव में माहौल बना था, वह इस बार नहीं बने। पोस्टल बैलेट का खेल न हो। पोस्टल बैलेट की गिनती हो और उसका समायोजन हो। राजद नेता ने कहा कि पहले चरण की मतगणना की प्रक्रिया पूरी हो जाए तभी दूसरे चरण की मतगणना शुरू हो। दूसरे चरण की मतगणना के पहले प्रथम चरण की मतगणना को लेकर उम्मीदवारों से यह सुनिश्चित कर लिया जाए। इस बार अगर धोखाधड़ी हुई तो दिक्कत होगी। उन्होंने कहा कि इस बार अगर कोई खेल होता है तो जोरदार प्रतिकार किया जाएगा। एग्जिट पोल के मनोविज्ञान ट्रिक में हम और जनता नहीं फंसने वाले हैं। मंगल सूत्र, मुजरा को जनता ने ठुकरा दिया है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में महागठबंधन 25 सीटें जीत रहा है। बता दें कि सात चरणों के मतदान के बाद विभिन्न एजेंसियों ने एग्जिट पोल के नतीजे सामने रखे। इसमें एनडीए को भारी बढ़त मिलता दिखाया गया है।

## आज का राशिफल

**मेष** — आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**वृषभ** — व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**मिथुन** — आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग है।

**कर्क** — बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**सिंह** — व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**कन्या** — पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहासुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**तुला** — तुला : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**वृश्चिक** — आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

**धनु** — उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मकर** — आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**कुम्भ** — घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा।

**मीन** — शांतिपूर्वक नित्य कार्य करे। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है।

# जदयू का पोलिंग एजेंट बनने पर हत्या

**एजेंसी। नालंदा**

बिहार के नालंदा में चुनावी रंजिश को लेकर जदयू कार्यकर्ता की निर्मम हत्या कर दी गई। मामला परबलपुर के महुआ गांव का है। मृतक की पहचान स्वर्गीय ब्रह्मदेव प्रसाद के 60 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार के रूप में हुई है। मृतक अनिल कुमार की पुत्री ने बताया कि शौच के लिए सोमवार सुबह उसके पिता खेत की ओर गए थे। जहां पर पहले से घात लगाकर बैठे गांव के ही आधा दर्जन बदमाशों ने उन पर भाला से हमला कर उनकी निर्मम हत्या कर दी। मृतक के परिजनों ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान वे पोलिंग एजेंट बने थे।

इसके बाद गांव के ही कुछ लोगों ने उन्हें देख लेने की धमकी दी थी और सोमवार को उनकी निर्मम हत्या कर दी गई। वारदात की जानकारी मिलने के बाद जदयू प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि अनिल कुमार जदयू के सच्चे कार्यकर्ता थे। यह पोलिंग एजेंट बने थे और इसके बाद कुछ लोगों ने उन्हें देख लेने की धमकी दी थी, उन्हीं लोगों ने उनकी हत्या कर दी है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी मेरी संवेदनाएं परिवार के साथ है। मृतक की पत्नी ने बताया कि उनका अपने भाई से ही चार बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। उन्हीं लोगों ने भूमि विवाद और चुनावी रंजिश को लेकर उनके पति की हत्या करवाई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परवलपुर थाना अध्यक्ष पप्पू कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेजा और पूरे मामले की छानबीन में जुट गए।

नालंदा जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक पोलिंग एजेंट के रूप में कार्यरत थे। अधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है और विस्तृत छानबीन जारी है। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, जिससे भविष्य में इस तरह की घटना न हो सके। जांच के सभी पहलुओं पर पूरी निगरानी रखी जा रही है।



## बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को 450 सीट मिलेंगी : उमा भारती



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने सोमवार को कहा कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) करीब 450 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगा। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में पूर्व केंद्रीय मंत्री भारती ने यह भी कहा कि हिमालय में अपने पिछले ढाई माह के प्रवास के दौरान विभिन्न राज्यों से आए तीर्थयात्री और साधु-संतों ने केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में ही बात की। भोपाल। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने सोमवार को कहा कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) करीब 450 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगा। सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर पोस्ट में पूर्व केंद्रीय मंत्री भारती ने यह भी कहा कि हिमालय में अपने पिछले ढाई माह के प्रवास के दौरान विभिन्न राज्यों से आए तीर्थयात्री और साधु-संतों ने केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में ही बात की। शनिवार को एग्जिट पोल में अनुमान जताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहेंगे, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को लोकसभा चुनावों में भारी बहुमत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन को 131-166 सीट से संतोष करना पड़ेगा।

## केरल में एक व्यक्ति ने पत्नी और बच्चों को आग के हवाले कर, खुद भी आत्मदाह किया

**एजेंसी, कर्नाटक**

पुलिस ने बताया कि दोनों की हालत गंभीर है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ...हमें संदेह है कि व्यक्ति ने किसी पारिवारिक विवाद के कारण ही इस अपराध को अंजाम दिया है। पीड़ितों के बयान लेने के बाद ही इसका पता लगाया जा सकेगा। केरल के वर्कला जिले में कथित पारिवारिक विवाद के चलते एक व्यक्ति ने पत्नी और बेटे को आग के हवाले कर दिया और इसके बाद उसने आत्मदाह कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मरने वाला निकटवर्ती चेम्मारुथी का रहने वाला था और आग में झुलसने के कारण रविवार को उसकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में मृतक की पत्नी और बेटे बुरी तरह झुलस गए हैं और उन्हें तिरुवनंतपुरम सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत गंभीर है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ...हमें संदेह है कि व्यक्ति ने किसी पारिवारिक विवाद के कारण ही इस अपराध को अंजाम दिया है। पीड़ितों के बयान लेने के बाद ही इसका पता लगाया जा सकेगा।

## जम्मू कश्मीर के पुलवामा में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़



**नवीन मेल संवाददाता। श्रीनगर**

जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में निहामा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोली चला दी और मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारी के अनुसार, गोलीबारी जारी है और अभी तक दोनों पक्षों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## गंगा में नहाने गए तीन युवक लापता, तलाश जारी

**एजेंसी। प्रयाग**

बिजनौर कोतवाली सुशील कुमार ने बताया कि घटना रविवार शाम की है, जब चार युवक बिलाल (25), अरशद (23), शाहनवाज (25) और जुनैद (24) गंगा नदी में नहाने गए थे, और गहरे पानी में चले गए। बिजनौर जिले में गंगा के रावली घाट पर नहाने गये तीन युवक लापता हो गए जिसके बाद गोताखोर तीनों की तलाश कर रहे हैं। पुलिस ने सोमवार को बताया कि गंगा नदी के रावली घाट पर नहाने गए तीन युवकों के गहरे पानी में चले जाने से डूबने की आशंका है। बिजनौर कोतवाली सुशील कुमार ने बताया कि घटना रविवार शाम की है, जब चार युवक बिलाल (25), अरशद (23), शाहनवाज (25) और जुनैद (24) गंगा नदी में नहाने गए थे, और गहरे पानी में चले गए। उन्होंने बताया कि बिलाल तैरकर सुरक्षित निकल आया, जबकि अन्य तीन के डूबने की आशंका है। उन्होंने बताया कि तीनों बेगावाला क्षेत्र के चांदपुरी गांव के निवासी हैं। पुलिस दल उन्हें खोजने का प्रयास कर रहे हैं।

## नोयडा के होटल में आग लगने से ग्राहक की हुई मौत के मामले में संचालक गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के एक होटल में पिछले महीने लगी आग के कारण एक ग्राहक की हुयी मौत के मामले में इसके संचालक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक पुलिस ने नोएडा के सेक्टर 104 के पास हाजीपुर मार्केट में स्थित होटल के मालिक बिमलेंदु झा (40) को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। यह होटल अग्निशमन विभाग और स्थानीय प्राधिकरण की मंजूरी के बिना चल रहा था। उन्होंने बताया कि मून लाइट होटल में 19 मई की शाम पांच बजे आग लगने के कारण दम घुटने से 27 वर्षीय फिजियोथेरेपिस्ट महिला की मौत हो गई थी। इस घटना में उसके साथ मौजूद उसका दोस्त बीमार हो गया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया, गत रविवार को होटल संचालक आकाश शर्मा (30) को हाजीपुर बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया।

## जश्न की तैयरी | जेपी नड्डा-अमित शाह की बैठक, जीत के जश्न की भाजपा की तैयारी

# पीएम रोड़ शो करते हुए पहुंचेगे बीजेपी कार्यालय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के सात चरणों के मतदान के बाद मतों की गिनती मंगलवार को होनी है। इससे पहले भाजपा खेमे ने जीत के जश्न की तैयारी भी शुरू कर दी है। इसके लिए पार्टी में बैठकों का दौर शुरू हो गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि मतगणना के दिन यानी मंगलवार को मनाए जाने वाले जश्न की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आज दिन में भाजपा मुख्यालय में भी एक महत्वपूर्ण बैठक हो सकती है। मंगलवार सुबह के कुछ घंटों के दौरान भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया क्या रहेगी और उन्हें किन मुद्दों पर फोकस करना है, इस पर भाजपा आज ही रणनीति तय करेगी। साथ ही नतीजों की घोषणा के बाद मंगलवार शाम को मनाए जाने वाले जश्न की रूपरेखा भी पार्टी आज ही तय करेगी। पिछले लोकसभा चुनावों की परंपरा को देखते हुए यह तय माना जा रहा है कि चुनाव परिणाम स्पष्ट होने के बाद मंगलवार शाम को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा मुख्यालय जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि पीएम रोड शो करते हुए भाजपा मुख्यालय पहुंचेंगे। अपने संबोधन के दौरान वह एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनाने के लिए देश के मतदाताओं का आभार जताते हुए मेहनत करने के लिए भाजपा के करोड़ों कार्यकताओं को धन्यवाद भी देंगे।ड एग्जिट पोल में बड़ी जीत मिलने के अनुमान से उत्साहित भाजपा के आला नेताओं ने पहले से ही भविष्य की रणनीति बनानी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं रविवार को ताबड़तोड़ सात अलग-अलग बैठकें कीं।



### एग्जिट पोल करने वाली संस्थाएं भाजपा का बूथ मैनेज करती हैं : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर कई बड़े आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल करने वाली संस्थाएं भाजपा के लिए बूथ मैनेजमेंट का भी काम करती हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में लोकसभा चुनाव नतीजे आने से पहले पत्रकारों को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान हम और आप जनता के बीच थे। लोगों ने लोकतंत्र बचाने के लिए मतदान किया। कहीं भी ऐसा नहीं दिखा कि भाजपा के समर्थन में लोग आए। उनके टेंट और मैदान खाली थे।

## पाकिस्तान के हैदराबाद विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 12

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हैदराबाद के प्रीताबाद इलाके में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर सोमवार को 12 हो गई। यह विस्फोट रविवार को तरल पेट्रोलियम गैस सिलेंडर भरने की दुकान में हुआ था। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार चैनल एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट में विवरण प्रसारित किया गया है। एआरवाई न्यूज के अनुसार, यह दुकान नीरुनकोट के यूसी-8 में मीर नबी बक्स टाउन रोड के किनारे जच्चा-बच्चा अस्पताल क्षेत्र के भूतल पर है। गंभीर रूप से झुलसे सात लोगों का कराची सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस विस्फोट में कम से कम 60 लोग झुलसे हैं। इनमें अधिकतर बच्चे हैं। गंभीर रूप से झुलसे लोगों को लियाकत यूनिवर्सिटी अस्पताल (एलयूएच) से कराची स्थानांतरित किया गया है।

## गाजा युद्धविराम पर बाइडन की योजना अच्छी नहीं, फिर भी आगे बढ़ेगा इजराइल



**एजेंसी। यरुशलम**

इजराइल की नेतन्याहू सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के गाजा में युद्धविराम प्रस्ताव पर सहमति बनाता हुआ दिख रहा हे, इसे दूसरे शब्दों में कहें तो उस पर इसे स्वीकार करने का दबाव दिखाई दे रहा है। बाइडन के प्रस्ताव से एक दिन पहले असहमति जता रही इजराइली सरकार के रविवार को सुर बदले हुए सुनाई दिए। इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के विदेश नीति मामलों के मुख्य सलाहकार ओफिर फाक ने कहा है कि गाजा को लेकर बाइडन की योजना अच्छी नहीं है लेकिन कुछ बदलावों के साथ इजराइल उसे स्वीकार करेगा। हमास ने कहा है कि अगर इजराइल बाइडन के प्रस्ताव पर आगे बढ़ता है तो वह भी आगे बढ़कर समझौता करने को तैयार है। बाइडन ने गाजा में स्थायी युद्धविराम के लिए तीन चरण का प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव के अनुसार हमास बंधक बनाए 100 इजराइली नागरिकों और 30 बंधकों के शव इजराइल को देगा, बदले में इजराइल फलस्तीनी कैदियों को अपनी जेल से रिहा करेगा। यह प्रक्रिया शांत माहौल में पूरी की जाएगी। बाइडन ने इजराइल और हमास से अपील की है कि वे लचीला रुख दिखाकर युद्ध को खत्म कर गाजा में शांति कायम करें।

# कुवैत के खिलाफ क्वालीफायर मैच के बाद बदल सकता है खिलाड़ियों का करियर : इगोर स्टिमक




**एजेंसी। नई दिल्ली**
फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने कहा कि कुवैत के खिलाफ आगामी फीफा विश्व कप क्वालीफायर बहुत बड़ा मुकाबला है जिससे उनके खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है। भारत फीफा विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे दौर के घरेलू चरण के मैच में साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत से भिड़ेगा। कोलकाता । भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने रविवार को कहा कि कुवैत के खिलाफ आगामी फीफा विश्व कप क्वालीफायर बहुत बड़ा मुकाबला है जिससे उनके खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है। भारत फीफा विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे दौर के घरेलू चरण के मैच में साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत से भिड़ेगा और फिर 11 जून को कतर से उसकी सरजमीं पर भिड़ेगा। भारतीय टीम गुवाहाटी में अपनी सरजमीं पर हुए मैच में निचली रैंकिंग पर काबिज अफगानिस्तान से हार गयी थी। लेकिन फिर भी भारत पहली बार 2026 विश्व कप के क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश कर सकता है।

### खिलाड़ी अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें

स्टिमक ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से कहा, यह बड़ा मुकाबला है। इस मैच से खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है। मैं चाहता हूं कि वे अपने खेल का लुत्फ उठायें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। मार्च में अफगानिस्तान से हुई दो भिड़ंत में भारत को केवल एक अंक मिला था जिससे टीम फीफा रैंकिंग में 121वें स्थान पर खिसक गयी थी। भारतीय टीम अब कुवैत के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी जो करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री का अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से विदाई मैच भी होगा। स्टिमक ने कहा, इस महत्वपूर्ण मैच के लिए हमें स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग, मैच की अहमियत, मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास के संबंध में कुछ चीजें करनी होंगी। इसलिये हम अपने खिलाड़ियों के लिए हर पहलू पर काम करेंगे ताकि वे इस मैच के लिए अपनी शीर्ष फॉर्म में रहें। मुख्य कोच ने कहा, इस मैच की तैयारी के लिए दो अहम चीजे हैं। पहले तो यह मैच जीतना बहुत महत्वपूर्ण है।

## फ्रेंच ओपन : केवल 40 मिनट में जीत दर्ज कर अंतिम आठ में पहुंची स्विएटेक

**एजेंसी। पेरिस**
दो बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्विएटेक ने रविवार को क्ले मेजर में अपना दबदबा दिखाते हुए अनास्तासिया पोटापोवा को केवल 40 मिनट में 6-0, 6-0 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। यह स्विएटेक के करियर की सबसे तेज जीत थी और 1988 के फाइनल में स्टेफी ग्राफ की नताशा जेवेरेवा पर 32 मिनट की जीत के बाद रोलांड गैरोस में दूसरा सबसे छोटा मैच था। मैच के बाद ऑन कोर्ट साक्षात्कार में स्विएटेक ने कहा, मैं वास्तव में केंद्रित थी और अपने क्षेत्र में थी। मैं स्कोर को नहीं देख रही थी, इसलिए मैंने अपने खेल पर काम करना जारी रखा। स्विएटेक के लिए अगला मुकाबला विंबलडन की मौजूदा चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा से है, जो पांचवीं वरीयता प्राप्त हैं और उन्होंने सर्बियाई क्वालीफायर ओल्गा डैनिलोविच के अभियान को सीधे सेटों में समाप्त किया। यूएस ओपन विजेता कोको गॉफ ने भी आसान जीत दर्ज की। तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने दुनिया की 51वें



नंबर की खिलाड़ी एलिसाबेटा कोकियारेटो को 6-1, 6-2 से हराया। कोकियारेटो ने शीर्ष 20 में शामिल दो खिलाड़ियों को हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी, लेकिन गॉफ ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए जीत हासिल की। अगले दौर में गॉफ का सामना 8वीं वरीयता प्राप्त ओन्स जबूर से होगा, जिन्होंने डेनमार्क की युवा खिलाड़ी क्लारा टॉसन को 6-4, 6-4 से हराया।

## न्यूज | बॉक्स

### मुक्केबाज अमित पंघाल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया



**बैंकॉक।** विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने यहां दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन मुक्केबाजी टूनार्मेंट के 51 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन के चुआंग लियू को हराकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह पक्की की। पंघाल ने एक कड़े मुकाबले में लियू को 5-0 से हराकर दूसरी बार ओलंपिक के लिए टिकट कटाया। वह ओलंपिक में जगह बनाने वाले भारत के पांचवें मुक्केबाज हैं। उनसे पहले निशांत देव (71 किग्रा), निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। पंघाल को पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने का केवल एक मौका मिला क्योंकि वह इससे पहले की दो क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं के लिए ट्रायल्स में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया से हार गए थे। एशियाई खेल 2018 के चैंपियन पंघाल ने हालांकि इस मौके का पूरा फायदा उठाया। भारत के दो अन्य मुक्केबाज जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा) और सचिन सिवाच (57 किग्रा) भी ओलंपिक कोटा हासिल करने की दौड़ में हैं।

### फैंस का टूटा दिल, माइक टायसन से यूट्यूबर जेक पॉल का मुकाबला स्वास्थ्य कारणों से हुआ स्थगित



**लॉस एंजिल्स।** पिछले रविवार को टायसन जब मियामी से लॉस एंजिल्स आ रहे थे तो उन्हें चिकित्सा इलाज की जरूरत पड़ी थी। चक्कर आने की शिकायत के बाद उन्हें ट्रीटमेंट के लिए ले जाया गया था। आगामी 20 जुलाई को टेक्सास में पॉल के साथ उनका मैच था। माइक टायसन की यूट्यूबर जेक पॉल से रिंग में वापसी को लेकर फैंस को अभी और इंतजार करना होगा। पूर्व हैवीवेट चैंपियन फिलहाल स्वास्थ्य समस्याओं से गुजर रहे हैं और इसी के डर ने उन्हें वापसी करने से रोक लिया है। मैच को इसके बाद स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने इसकी पुष्टि की है। टायसन जब पिछले रविवार को मियामी से लॉस एंजिल्स आ रहे थे तो उन्हें चिकित्सा इलाज की जरूरत पड़ी थी। चक्कर आने की शिकायत के बाद उन्हें ट्रीटमेंट के लिए ले जाया गया था। 20 जुलाई को टेक्सास में पॉल के साथ उनका मैच था। आयोजकों ने एक बयान में कहा कि टायसन को गुरुवार को डॉक्टरों के साथ फॉलो अप के बाद आने वाले हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग की सलाह दी गई है। इसके बाद पता चला की उन्हें अल्सर है।

## फ्रेंच ओपन : पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे ग्रिगोर दिमित्रोव, ह्यूबर्ट हर्काज को हराया

**एजेंसी। पेरिस**
बुल्गारिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी ग्रिगोर दिमित्रोव ने फ्रेंच ओपन 2024 के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। दिमित्रोव ने ह्यूबर्ट हर्काज को दो घंटे और 51 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया और क्ले-कोर्ट मेजर में अपने पहले क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 33 वर्षीय खिलाड़ी इसी के साथ अब चारों ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं में से प्रत्येक में अंतिम आठ में पहुंच गए हैं। एटीपी के हवाले से दिमित्रोव ने कोर्ट पर दिए अपने साक्षात्कार में कहा, ₹इतने अच्छे दोस्त के खिलाफ खेलना बहुत मुश्किल है। मैं उसे काफी सालों से जानता हूं। हम काफी अभ्यास करते हैं और हमने साथ में काफी समय बिताया है। मुझे पता था कि यह एक मुश्किल मैच होगा, लेकिन मुझे यह भी पता था कि मुझे काफी संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा, मैं हमेशा दूसरे



सप्ताह तक पहुंचना चाहता था। रोलैंड गैरोस एकमात्र ऐसा स्लैम था, जहां मुझे लगा कि मैं वह अतिरिक्त कदम नहीं उठा सकता। लेकिन आज, 15 साल बाद, मैंने ऐसा किया, इसलिए मैं इससे बहुत खुश हूं। दिमित्रोव से जब उनकी सौंदर्यपूर्ण शैली के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ₹मुझे लगता है कि खास तौर पर जब आप यहां क्ले कोर्ट पर खेलते हैं, तो आपको अपने टेनिस के साथ एक तस्वीर बनानी होती है।

# बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी कड़े मुकाबले में जीत के साथ फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में

**एजेंसी। मुंबई**
बोपन्ना और एबडेन की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोड़ी को ब्राजील की जोड़ी के खिलाफ 7-5 4-6 6-4 से जीत दर्ज करने के लिए दो घंटे और सात मिनट तक जूझना पड़ा। जोरमैन और लूज को टूनार्मेंट में खेलने की उम्मीद नहीं थी लेकिन कई जोड़ियों के हटने के बाद उन्हें खेलने का मौका मिला। पेरिस। भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया मैथ्यू एबडेन की दूसरी वरीय जोड़ी ने रविवार को यहां पहले दौर के कड़े मुकाबले में ऑरलैंडो लूज और मासेलो जोरमैन की ब्राजील की जोड़ी को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूनार्मेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। बोपन्ना और एबडेन की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोड़ी को ब्राजील की जोड़ी के खिलाफ 7-5 4-6 6-4 से जीत दर्ज करने के लिए दो घंटे और सात मिनट तक जूझना पड़ा। जोरमैन और



लूज को टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद नहीं थी लेकिन कई जोड़ियों के हटने के बाद उन्हें खेलने का मौका मिला। ब्राजील की जोड़ी दूसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ उलटफेर करने करीब थी लेकिन बोपन्ना और एबडेन मैच के अहम लम्हों पर बेहतर प्रदर्शन करने मे सफल रहे। बोपन्ना और एबडेन ने दो बार विरोधी जोड़ी की सर्विस तोड़कर पहले गेम में 4-1 की बढ़त बनाई लेकिन ब्राजील की जोड़ी ने लगातार चार गेम जीतकर स्कोर 5-5 कर दिया। भारत और ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी ने इसके बाद लूज की सर्विस तोड़कर 6-5 की बढ़त बनाई और फिर एबडेन ने अपनी सर्विस बचाई जिससे दूसरी वरीय जोड़ी ने पहला सेट जीत लिया। दूसरे सेट की शुरूआत में जोरमैन और बोपन्ना ने अपनी सर्विस गंवाई। एबडेन ने चौथे गेम में कड़े मुकाबले में सर्विस बचाई लेकिन आठवें गेम में सर्विस गंवा बैठे जिससे ब्राजील की जोड़ी 5-3 से आगे हो गई।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### एक्जिट पोल के रुझानों से अडाणी ग्रुप के शेयरों में जोरदार तेजी

# 12 बजे तक ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैप में 3 लाख करोड़ का इजाफा

**एजेंसी। नई दिल्ली**
एग्जिट पोल के रुझानों का सोमवार को शेयर मार्केट पर काफी असर पड़ा है। केंद्र में एक बार फिर नरेन्द्र मोदी की सरकार के गठन की संभावना दिखने के कारण बाजार पर तेजड़ियों के कब्जे से अडाणी ग्रुप के शेयरों में जोरदार तेजी दिख रही है। शेयर मार्केट में लिस्टेड अडाणी ग्रुप की कंपनियों के सभी शेयर आज रॉकेट की तरह तेज रफ्तार में बढ़ते हुए नजर आ रहे हैं। अडाणी ग्रुप के शेयरों में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट में लिस्टेड ग्रुप की कंपनियों का मार्केट कैप कुल मिलाकर 20 लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है। दिन के पहले सत्र के कारोबार के दौरान ही अभी तक अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों का मार्केट कैप लगभग 3 लाख



करोड़ रुपये तक बढ़ चुका है। अगर अडाणी ग्रुप के सभी शेयरों की बात की जाए, तो दोपहर 12 बजे तक सबसे अधिक तेजी अडाणी पोर्ट्स और अडाणी पावर के शेयरों में दिख रही थी। दोपहर 12 बजे तक अडाणी पोर्ट्स का शेयर 10.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,590.60 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह अडाणी पावर 13.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 859 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइज के शेयर 7.91 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,681.15 रुपये के स्तर पर, अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर 4.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,999 रुपये के स्तर पर, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशन्स के शेयर 8.13 प्रतिशत की उछाल के साथ 1,214.05 रुपये के स्तर पर, अडाणी विल्मर के शेयर 3.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 367.50 रुपये के स्तर पर, अंबुजा सीमेंट के शेयर 4.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ 661.30 रुपये के स्तर पर और एनडीटीवी के शेयर 6.27 प्रतिशत की उछाल के साथ 263.55 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे।

### एग्जिट पोल में मोदी रिटर्न से पावर कंपनियों के शेयर बने रॉकेट

**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट में आई आज बंपर तेजी में सबसे अधिक दम पावर और एनर्जी कंपनियों के शेयर दिखा रहे हैं। लॉर्ज कैप सेगमेंट में सबसे ऊपर अडानी पावर है। आज इसमें करीब 16 फीसद की उड़ान है। अडानी पावर अब 874.90 रुपये पर पहुंच गया है। इस लिस्ट में दूसरी पावर कंपनियों में एक नाम है, पावर फाइनेंस कार्पोरेशन का। इस स्टॉक में भी 11.59 फीसद की तेजी है। यह स्टॉक आज 598.25 रुपये पर पहुंच गया। इसके बाद अडानी पोर्ट्स और आईआरबी इंफ्रा को छोड़ दे तो फिर पावर ग्रिड का नंबर है। पावर ग्रिड आज सेंसेक्स का सिकंदर साबित हुआ है। यह स्टॉक आज 10.37 फीसद की उछाल के साथ 341.75 रुपये पर पहुंच गया है। इस लिस्ट में अडानी एनर्जी सॉल्यूशन भी है, जिसमें करीब 9 फीसद की उछाल है। वहीं एनटीपीसी है।

### चुनाव खत्म होते ही आम जनता पर महंगाई की दोहरी मार

# टोल टैक्स 5 फीसदी बढ़ा अमूल दूध 2 रुपये महंगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही आम जनता पर महंगाई की दोहरी मार पड़ी है. एक तरफ जहां नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने देशभर में टोल टैक्स में बढ़ोतरी की है. वहीं दूसरी तरफ अमूल कंपनी ने दूध के दाम बढ़ा दिये हैं. जिसका सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ने वाला है. वाहन चालकों को अब सभी टोल प्लाजा पर 5 फीसदी ज्यादा टोल टैक्स देना होगा. वहीं अमूल दूध खरीदने के लिए अब लोगों को 2 रुपये ज्यादा खर्च करना होगा. नई दरें आज 3 जून से लागू हो गयी हैं. अमूल कंपनी के इस फैसले के बाद कस्टमर्स को अमूल गोल्ड के 500 ग्राम वाले पैक के लिए 33 रुपये देने होंगे. पहले अमूल गोल्ड के 500 ग्राम वाले पैक




की कीमत 32 रुपये थी. इसी तरह अमूल गोल्ड एक लीटर की कीमत 66 रुपये हो गयी है. पहले इसकी कीमत 64 रुपए प्रति लीटर थी. इसी तरह अमूल ताजा 500 एमएल की कीमत 26 से बढ़कर 27 रुपये हो गयी है. अमूल शक्ति 500 एमएल की कीमत 29 रुपये से बढ़कर 30 रुपए हो गयी है. जबकि अमूल ताजा छोटे पाउच को छोड़कर सभी के दाम में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गयी है. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ठलअक) ने टोल टैक्स में भी औसतन पांच फीसदी बढ़ोतरी करने फैसला लिया है. एनएचएआई के इस फैसले के बाद हाईवे पर चलने वाले वाहन चालकों को आज यानी सोमवार से ज्यादा पैसे देने होंगे।

### एनएसई में आईपीओ की धमाकेदार लिस्टिंग, निवेशकों को पहले दिन हुआ तगड़ा फायदा

**नई दिल्ली।** विलास ट्रांसकोर आईपीओ की शेयर बाजार में धमाकेदार लिस्टिंग हुई है। कंपनी के शेयर एनएसई में 31 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ 215 रुपये के लेवल पर लिस्ट हुए हैं। कुछ ही देर के बाद कंपनी के शेयरों का भाव 220.50 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया है। हालांकि, इसके बाद कंपनी के शेयर मुनाफा वसूली का शिकार हो गए। जिसकी वजह से स्टॉक का भाव 204.25 रुपये के लेवल तक लुढ़क गया। यह आईपीओ रिटेल निवेशकों के लिए 27 मई को खुला था। निवेशकों के पास आईपीओ पर 29 मई तक दांव लगाने का मौका था। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 139 रुपये से 147 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। कंपनी ने 1000 शेयरों का एक लॉट बनाया था। जिस वजह से निवेशकों को कम से कम 1,47,000 रुपये का दांव लगाना पड़ा।

### शेयर में उछाल | टोल टैक्स बढ़ने के बाद इस शेयर पर टूट पड़े निवेशक

# खरीदने की मची लूट, एक्सपर्ट बोले, अब 86 पर जाएगा भाव

**एजेंसी। नई दिल्ली**
आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड (आईआरबी इंफ्रा) के शेयर आज सोमवार को फोकस में हैं। कंपनी के शेयरों में गजब की तेजी देखी जा रही है। आईआरबी इंफ्रा के शेयर आज 13% तक बढ़ गए और 74.60 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ी वजह है। दरअसल, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने देशभर में आज 3 जून से टोल टैक्स की कीमतों में इजाफा किया है। इस बढ़ोतरी के बाद अब टोल शुल्क 3% से 5% तक महंगा हो गया है। आपको बता दें कि टोल टैक्स में इजाफा 1 अप्रैल से होने वाला था लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते टाल दिया गया था। अब सरकार के इस ऐलान के बाद आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स को मुनाफा



होने की संभावना है। इससे इसके शेयरों में तेजी आई है। बता दें कि आईआरबी इंफ्रा के शेयर इस साल 27 मई को अपने सर्वकालिक उच्च स्तर ?76.55 पर पहुंच गए थे, वर्तमान प्राइस के मुकाबले यह केवल 2.5% दूर रह गया है। हालांकि, पिछले एक साल में काउंटर में 155% की तेजी आई है। पिछले छह महीने में यह शेयर 98% और इस साल ळऊमें 75% तक बढ़ा है। पिछले पांच साल में यह शेयर 11 रुपये से बढ़कर 72.90 रुपये पर आया है। इस दौरान इसने 530% तक का रिटर्न दिया है। हाल ही में इस शेयर पर 86 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है और इस पर खरीदारी की सिफारिश की है। एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा, नया शुल्क तीन जून, 2024 से लागू होगा। टोल शुल्क में यह परिवर्तन थोक मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में परिवर्तन से जुड़ी दरों को संशोधित करने की वार्षिक प्रक्रिया का हिस्सा है।

#### इंफ्रा पर तेजी से हो रहा काम

देश ने पिछले 10 सालों में नेशनल हाईवे के विस्तार के लिए भारी मात्रा में निवेश किया है, जिनकी कुल लंबाई लगभग 1,46,000 किलोमीटर है। यह दूसरा सबसे बड़ा ग्लोबल सड़क नेटवर्क है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में टोल संग्रह बढ़कर 54,000 करोड़ से अधिक हो गया, जो वित्तीय वर्ष 2019 में 25,200 करोड़ था, सड़क यातायात में वृद्धि के साथ-साथ टोल प्लाजा और शुल्कों की संख्या में वृद्धि से मदद मिली।

राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क पर लगभग 855 उपयोगकर्ता शुल्क प्लाजा हैं, जिन पर राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रहण) नियम, 2008 के अनुसार उपयोगकर्ता शुल्क लगाया जाता है।

### कच्चा तेल 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 82 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इस सप्ताह के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.06 डॉलर यानी 0.07 फीसदी की गिरावट के साथ 81.05 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.02 डॉलर यानी 0.03 फीसदी लुढ़कर 76.97 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## ठीक से नहीं चल रहा है जेरोधा यूजर्स मालिक पर जमकर बरसे



**एजेंसी। नई दिल्ली**
देश के दूसरे सबसे ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म जेरोधा के ग्राहकों को सोमवार सुबह दिक्कतों का सामना करना पड़ा। टेक्निकल समस्याओं की वजह से प्रभावित ग्राहकों ने सोशल मीडिया पर जाकर जेरोधो को आड़े हाथ लिया। बता दें, आज शेयर बाजार रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया था। एक्जिट पोल में मोदी सरकार की वापसी के मिल रहे संकेतों के बाद आज तेजी देखने को मिली है। सोशल मीडिया पर एक यूजर्स ने लिखा, मेरी समझ कहती है कि सोमवार को जिरोधा पर विश्वास ना करें। वीकेंड के बाद ये समस्याएं काफी सामान्य हो गई हैं। एक अन्य यूजर्स ने लिखा, बड़े दिन जेरोधा में समस्या सामान्य बात है। आज भी जेरोधा अच्छे से नहीं चल रहा है। एक और अन्य यूजर्स ने लिखा है, निफ्टी आज ओपनिंग में 700 प्रतिशत की बढ़त हासिल कर सकता है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग सरकार की जीत के अनुमान के बीच घरेलू बाजारों सेंसेक्स के सोमवार को शुरूआती कारोबार में अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने से निवेशकों की आय 12.48 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।

### बूंद - बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं होटाई पंचायत के चनकी टोला के ग्रामीण

# नल जल योजना ग्रामीण क्षेत्रों में फेल

## बच्चे जान जोखिम में डाल करते है स्नान

*संजीव कुमार प्रजापति*

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के कई गांव ऐसे जहां के लोग पानी पीने के लिए तरस रहे हैं। मनुष्य से लेकर जानवर तक पानी के लिए इधर से उधर भटक रहे हैं, मगर इसे सुनने वाला कोई नहीं हैं। हालांकि सरकार पानी के समस्या को लेकर कई योजना चला रही है, लेकिन यहां निजी स्वार्थ लोगों के चलते सारा योजना फेल हो जा रहा है। जिससे यह साफ पता चलता है कि सरकार समस्या का समाधान करने के बजाय ठेकेदार कैसे कमाए इस पर योजना बना रही है। जनता पानी पानी चिल्ला रही है, मगर किसी के कानों तक सुनाई नहीं दे रहा है। ऐसा ही मामला होटाई पंचायत के चनकी टोला का है। यहां के लोग कच्चा कुआं के सहारे प्यास बुझाने को विवश हैं। लोगों ने प्यास बुझाने के लिए कई बार जनप्रतिनिधि से चपाकल, जलमीनार लगवाने के लिए मांग कर चुके हैं, लेकिन आज तक चनकी टोला पर चपाकल या जलमीनार नहीं लग सका। जिसके कारण बच्चे अपना जान जोखिम में डालकर पानी पीते और स्नान करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि एक कुंआ है। मगर बरसात के दिनों में जब पानी आता है तो जंगल से लेकर नाली तक का कूड़ा कचड़ा उस कुंआ में भर जाता है। स्थानीय लोग मजबूरन वही पानी छान कर पीते है। उस कुए में कभी जानवर डूब जाते हैं तो कभी बच्चे, फिर भी ग्रामीणों के मांगों को दरकिनार कर दिया जा रहा है। यहां आजादी से लेकर आज तक यहां के लोगों को कोई भी सरकारी लाभ नहीं मिल पाया है। यहां के बच्चो को पढ़ने के लिए स्कूल तक नहीं है। जिससे बच्चे पढ़ कर अपना भविष्य बना सके। यहां के बच्चे दो किलो मीटर जंगल को पार कर अपना भविष्य बनाने के लिए स्कूल जाते है। जिससे बच्चे के घर वाले को हमेशा डर बना रहता है कि जंगल में बच्चे के साथ कोई हादसा न हो जाए। हालांकि उक्त टोला में जाकर देखा जाए तो खुद पता चलता है कि इस टोला में पानी, बिजली, सड़क किसी भी चीज की उचित इंतजाम नहीं है। चनकी टोला के कई ग्रामीणों ने बताया कि कई बार सरकारी चापाकल यहां के नाम से पास हुआ, फिर भी यहां नहीं लगा। कुछ दबंगों के द्वारा दूसरा बस्ती में उस चापाकल को गड़वा दिया जाता है। जिसके कारण यहां के लोग वंचित रह जाते हैं। जानकारी के मुताबिक यहां जल नल योजना की भी स्वीकृत हुई थी लेकिन अभी तक जल नल योजना का कोई अता पता नहीं हैं। ग्रामीण आस लगाए बैठे हैं कि कब उन्हें प्यास बुझेगी। बताते चलें कि यहां के लोग किसी तरह से श्रमदान कर खुटा डांटा के सहारे बिजली का उपयोग कर रहे हैं। खुद ही श्रमदान कर सड़क का निर्माण किया गया है।





### जलापूर्ति और विकास के नाम पर हो रहे हैं लूट, विभाग मौन : कौशल किशोर बच्चन



आप नेता कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि पांकी में जलापूर्ति और विकास के नाम पर काफी लूट मचा हुआ है। सांसद, विधायक और जिला परिषद डंका बजाकर विकास की गाना गाते चल रहे हैं और इधर क्षेत्र में जनता के बीच विकास के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है। हकीकत क्या क्षेत्र में विकास हुआ है यह तो क्षेत्रों में जाकर ही पता चल पाएगी वर्तमान विधायक पांकी में विकास के मामले में फेल नजर आ रहे हैं। कहा की बहुत ही उम्मीद के साथ लोगों ने माननीय को चुनकर विधानसभा में भेजा था, लेकिन आज वह उस उम्मीद पर खरा नहीं उतर पा रहे हैं। विधायक कोटा का चापाकल के साथ साथ जिला परिषद फंड और जल नल योजना सभी की जांच हो जाए तो चौकाने वाली मामला सामने आ सकता है । क्यों की विधायक फंड का चापाकल ग्रामीणों और राहगीरों को प्यास बुझाने के लिए नहीं, बल्कि निजी कार्यकर्ताओं को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से चापाकल गाड़ दिया जाता है। बाद में उसे व्यक्तिगत रूप से इस्तेमाल कर लिया जाता है। इधर जनता की समस्या जस की तरफ रह जाती है यदि पूरे पांकी में जांच किया जाए तो कई ऐसे सरकारी चपाकाल मिलेंगे जो बाउंड्री के अंदर व्यक्तिगत रूप से यूज करते हुए मिलेगा। पर कोई भी जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में ना आते हैं और नहीं कभी किसी जनता की समस्या को सुन पाते हैं। अगर पांकी विधानसभा में पानी की समस्या पर तुरंत करवाई नहीं होती है तो मैं जनता के साथ मिलकर घड़ा फोड़ आंदोलन करूंगा।

## न्यूज बॉक्स

### फाइलेरिया जांच दल रात्रि में कर रहा है रक्त संग्रह, 600 लोगों का लिया जाएगा ब्लड सैंपल



**हुसैनाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हुसैनाबाद अंतर्गत बनियाडीह बराही और कामत में रात्रि में रक्त संग्रह का कार्य किया गया। रक्त की जांच कर फाइलेरिया का पता लगाया जाएगा। इससे फाइलेरिया उन्मूलन में सहयोग मिलेगा। इससे फाइलेरिया के प्रसार का आकलन हो सकेगा। समुदाय में फाइलेरिया की रोक थाम में मदद मिलेगी। यह कार्यक्रम 10 जून 2024 तक चलेगा। इस कार्यक्रम में रात्रि 8:30 बजे से 12:00 बजे रात तक समुदायों के बीच आमजनों से ब्लड संग्रह किया जाएगा। दल में मुख्य रूप से विनय कुमार सिंह लैब टेक्नीशियन, दिलीप कुमार एमपीडब्ल्यू, जयप्रकाश नारायण एमपीडब्ल्यू, धीरेंद्र कुमार एमटीएस शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन पिरामिल फाउंडेशन के विजय कुमार व अनिल कुमार एवं विभूति कुमार गुप्ता के साथ प्रखण्ड कार्यकम प्रबन्धक ने संयुक्त रूप से किया। इस अभियान में कुल 600 लोगों का ब्लड सैंपल लिया जाना है।

### चोरी के बाइक के साथ दो गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**पाटन।** पाटन थाना कांड के प्रथमिकी अभियुक्त मनबीर पासवान और उपेंद्र पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी लाल जी ने बताया कि मनबीर पासवान के पास से चोरी का बाइक बरामद किया गया तथा मनबीर पासवान से पूछ ताछ के क्रम में उसके निशानदेही पर एक देशी कट्टा बरामद किया गया। इस अभियान में किशुनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज भी शामिल थे।

### गांजा पीने के विरोध करने पर युवक ने चाकू मारी, स्थिति गंभीर



**पाटन।** थाना क्षेत्र के सिरमा गांव निवाशी दिलावर अंसारी के पुत्र राशीद अंसारी उम्र 25 वर्ष को रविवार की सुबह गांव के ही युवक तस्कीम अंसारी ने चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में घायल युवक राशीद अंसारी ने बताया कि शुक्रवार की रात तस्किम अंसारी उसके दुकान पर कुछ लड़को के साथ बैठकर गांजा पी रहा था। जब इसका विरोध राशीद ने किया तो तस्किम झगड़ा करने लगा। झगड़ा करने के बाद जान से मारने की धमकी देकर तस्किम अपने घर चला गया। रविवार की सुबह तस्किम फिर से राशिद के घर पहुंच कर गाली- गलौज करने लगा। इसी बीच दोनो में झगड़ा हो गया। झगड़ा होने के बीच तस्किम चाकू से राशिद पर हमला कर दिया। जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही इस घटना के बाद से पाटन थाना की पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## एक नजर

### सहायक शिक्षिका की इलाज के दौरान मौत

**विश्रामपुर।** प्रखंड के घोरडीहा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कार्यरत 40 वर्षीय सहायक अध्यापिका अर्चना कुमारी का निधन रविवार की रात हो गया। शिक्षिका गर्भाशय कैंसर से पीड़ित थी। इनका इलाज बनारस बीएचयू में चल रहा था। जहां इलाजरत लगभग 11:00 बजे अंतिम सांस ली। वहीं सोमवार की सुबह बनारस गंगा नदी के घाट पर दिवंगत सहायक अध्यापिका का अंतिम संस्कार किया गया। शिक्षिका अपने पीछे परिवार में पति दीपक पांडेय व 16 वर्षीय पुत्र कृष पांडेय को छोड़ गई। इधर सहायक अध्यापिका अर्चना कुमारी की निधन की खबर सुनते हैं विश्रामपुर के सभी शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं सहायक अध्यापक महासंघ की ओर से शोक संवेदना व्यक्त की गई। साथ हीं मृतात्मा की शांति मिले व परिजनों को दुख सहने की क्षमता इसे लेकर ईश्वर से प्रार्थना किया गया।

### परिजनों से मिलकर शोक सांत्वना व्यक्त की

**पाटन।** भाजपा नेता मनोज कुमार व जिला परिषद, विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह ने मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संतावना व्यक्त किया। पाटन के किशुनपुर में लू लगने से मौत भागीरथी सोनी की मौत हो गई थी। यह सुनकर भाजपा नेता मृतक के परिजनों से सोमवार को मिले। भाजपा नेता ने मनोज कुमार ने कहा कि उनके परिवार के साथ हैं। सरकारी लाभ हर संभव दिलाने का प्रयास करूंगा। मौके पर भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक सिंह, किशुनपुर मण्डल विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, विकास साहू, राजू माली जितेंद्र सिंह, महेंद्र पांडे, झरी मियां, राकेश चौधरी, कन्हाई चौधरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी की मौत

**सतबरवा।** फागु सिंह घाटी के पास एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी की संदिग्धावस्था अवस्था में सतबरवा पुलिस ने नव जीवन अस्पताल तुंबागड़ा में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। जिसकी पहचान पोंची में स्थित माईक्रो फाइनेंस कंपनी आईआईएफएल संस्था के रिकवरी एजेंट प्रियरंजन कुमार के रूप में की गई। जिसका घर छतरपुर बताया जा रहा है। घटना स्थल पर उसका स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी पड़ा हुआ था। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने कहा कि अभी कुछ भी कहना उचित नहीं है। जांच पड़ताल चल रही है, उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

**नवीन मेल संवाददाता**

## टेपों हटाने के विवाद में लाठी डंडे से पीटकर की गई थी हत्या

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चौखड़ा गांव में टेपों हटाने के विवाद को लेकर मारपीट की घटना के दौरान हुई वृद्ध की मौत के मामले में मृतक के पुत्र गोपाल कुमार गुप्ता ने हुसैनाबाद थाना में पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें गांव के ही राजू सिंह, बबलू सिंह, विजय सिंह, मिथुन सिंह, कुंदन सिंह को आरोपी बनाया गया है। अपने फर्द ब्यान में गोपाल कुमार गुप्ता ने बताया कि बीते शुक्रवार की रात अपने ही परिवार की टेपों को सड़क किनारे खड़ी थी, इसी दौरान राजू सिंह हमारे घर के दरवाजा के पास आकर टेपों हटाने को लेकर गाली गलौज करने लगा, हमने कहा कि खाना खाकर टेपों हटा देते हैं। इतना सुनते ही राजू सिंह जोर जोर से दरवाजा पीटने लगा जब हमारे पिता लखदेव साव बाहर निकले तो उक्त सभी लोगों ने हमारे पिता जी को लाठी डंडे से पीटना शुरू कर दिए। लड़ाई झगड़ा की आवाज सुनकर हम और हमारे भाई अजित साव, बिनोद साव, कुंडल साव जब घर से बाहर निकले तो अपने पिता को उनलोगों द्वारा लाठी डंडे से पीटते हुए देखकर बीच बचाओ करने लगे, इसी क्रम में उनलोगों ने हम सभी को लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी। हम सभी लोगों का प्राथमिक इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। चिकित्सक ने लखदेव साव, अजित साव, बिनोद साव को स्थिति को गंभीर देखते हुये बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल रेफर कर दिया,जहां इलाज के दौरान शनिवार को हमारे पिता की मौत सदर अस्पताल में हो गई। बिनोद साव, अजित साव अभी भी सदर अस्पताल में इलाजरत है। इज संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि फर्द ब्यान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई हैं। जिसका हुसैनाबाद थाना कांड दर्ज हैं। शीघ्र ही सभी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

## दोस्त की हत्या करने वाला गिरफ्तार उधार की पैसा मांगने पर कर दी थी हत्या



### हत्या में इस्तेमाल की गई पत्थर भी बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** तीन हजार रुपए उधार लेने के बाद चुकता नहीं करने पर लगातार मिल रही धमकी से परेशान होकर तीन दोस्तों ने अपने ही दोस्त की हत्या कर दी। साथ ही उसकी डेड बॉडी को पत्ते से ढक कर छुपा दिया। घटना के चार दिन बाद आरोपी तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही मृतक की बाइक सहित अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं।
यह मामला पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के बरदाग जंगल से जुड़ा हुआ है। दो जून को जहां से एक युवक की डेड बॉडी बरामद हुई थी। छानबीन करने पर पता चला कि लेस्लीगंज थाना में 30 मई को एक युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी। परिजनों से संपर्क करके उन्हें युवक का शव दिखाया गया तो उन्होंने उसकी पहचान पिंडरा गांव के सुनेश्वर यादव पिता कमलदेव यादव के रूप में की। परिजनों ने बताया कि 30 मई से सुनेश्वर लापता था। घर से निकलने से पहले उसने बताया था कि वह अपने दोस्त पांकी के करमाटाड़ होटाई के मुकेश कुमार (20), कुलदीप उरांव (20) एवं नगड़ी के सोनू कुमार (26) के साथ कहीं जा रहा है।
पुलिस तीनों दोस्तों को ग्रामीणों की मदद से पूछताछ के लिए थाना लाई। कड़ाई से पूछताछ के उपरांत तीनों दोस्तों ने हत्या की बात स्वीकार की। बताया कि पांकी के रतनपुर नगड़ी के सोनू कुमार पिता नन्हकू भुइयां ने सुनेश्वर यादव से जनवरी 2024 में तीन हजार रुपए उधार लिया था, जिसे वापस नहीं करने के लिए सुनेश्वर द्वारा हमेशा धमकी दी जाती थी एवं गाली गलौज की जाती थी। इस पर तीनों दोस्तों ने सुनेश्वर की हत्या की योजना बनाई।
30 मई को तीनों दोस्त सुनेश्वर के साथ बरदाग जंगल में खाया पिया और शाम 7.30 बजे सुनसान होने पर इसी जंगल में सुनेश्वर की पत्थर से कुचकर हत्या कर दी। शव को छुपाने के लिए घटनास्थल से 150 मीटर की दूरी पर ले जाकर उसे पत्तों से ढक दिया। मृतक की बाइक को माड़न के जंगल में ले जाकर फेंक दिया। घटनास्थल से मृतक का पर्स, चप्पल, कपड़े एवं माड़न जंगल से बाइक बरामद की गयी। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई पत्थर भी बरामद किया गया।


## सब इंस्पेक्टर बालदेव सिंह को दी गयी विदाई

**पांडू।** थाना परिसर में सब इंस्पेक्टर बालदेव सिंह का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ के नेतृत्व में किया गया। जिसका मंच संचालन पांडू प्रमुख प्रतिनिधि प्रदुम्न कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह ने किया। इस सम्मान समारोह में मुख्य एवम विशिष्ठ अतिथिओ में विश्रामपुर एसडिपियो क्रअ राकेश सिंह, पांडू एस्पेक्टर रामाशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ कुमार,नवा बजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार,रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार, उंटारी रोड थाना प्रभारी दीपक कुमार नवाडीह ओपी प्रभारी राजवर्धन, नौगढ़ ओपी प्रभारी निलेश कुमार उपस्थित थे।वही विदाई समारोह को संबोधित करते हुए। डीएसपी राकेश सिंह ने कहा की सरकारी सेवा में आने के बाद एक दिन सेवानीबृत होना ही है। एह एक प्रक्रिया है।मगर आज पांडू थाना परिसर में उपस्थित सबों को देखकर गदगद हूं। ऐसा लगता हैं की बालदेव सिंह अपने सेवा काल में ईमानदारी से अपना कर्तव्य का निर्वाहन किया हैं।जनता का प्यार स्नेह देखकर लगता हैं।इनका कार्य सराहनीय हैं।इनकी 40साल से ऊपर का सेवा में कोई शिकायत नही हैं। पुलिस प्रशासन का जो कार्य हैं वह बहुत ही कठिन है।जो इन्होंने किया हैं।वही सेवा निवृत सब इंस्पेक्टर बालदेव सिंह ने कहा की मैं 18,01,1984 मे पुलिस विभाग में योगदान दिया और 2011 तक कास्टेबल का काम किया उसके बाद 2019तक ए एस आई में सेवा दिया। और फिर उसी पद से आज 31,05,2024को सेवानिवृत हो गया।इन्होंने कहा की 28,03,2019 से आज तक पांडू में सेवा दिया हूं।पांडू में हमे सभी लोगो से भरपूर सहयोग मिला आज मैं बहुत खुश हूं।

## प्यास बुझाने के चक्कर में गांव के कुएं में डूबने से 35 बंदरों की मौत, घटना से इलाके में दहशत

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड के ताल पंचायत के सोरठ गांव में रविवार को कुएं से 35 से अधिक बंदरों का शव मिला है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि सभी बंदर प्यास बुझाने के लिए कुआं में नीचे उतरे थे और उनकी मौत हो गई, शव मिलने के बाद पुरे इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार पांकी थाना क्षेत्र के सोरठ गांव में रविवार की शाम कुछ चरवाहे जंगल में गए थे, इसी दौरान उन्हें कुछ दुर्गंध महसूस हुई, इसके बाद उन्होंने इधर-उधर देखा तो पास में ही एक कुआं से दुर्गंध आ रही थी, जब वे कुएं के पास गया तो देखा कि कुएं के अंदर पानी पर बंदरों के शव पड़े थे, सभी बंदरों की मौत कब हुई, इसकी जानकारी किसी ग्रामीण को नहीं हुई है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार यह घटना बुधवार या गुरुवार को हो सकती है। घटना के बाद वन विभाग



के कर्मी मौके पर पहुंचकर सभी शव को कुएं से निकालकर जांच की जा रही है। बंदरों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, इसके बाद जंगल में दफनाने का काम किया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार गांव से कुछ दूरी पर डैम है, लेकिन उस डैम में पानी नहीं है। इलाके में पानी का संकट भी है। जिस कुएं में बंदरों की मौत हुई है। आपको बता दें कि भीषण गर्मी के कारण जंगल के लगभग सभी जल स्रोत सूख गए हैं। ऐसे में पानी की तलाश में जंगली जानवर लगातार इधर-उधर भटक रहे हैं। बयदि वन विभाग के द्वारा समय रहते वन्य प्राणियों के विचरण क्षेत्र में पानी की व्यवस्था की गई होती तो शायद यह बड़ी घटना नहीं होती। एक तरफ वन विभाग पांकी प्रखंड के जंगलों में लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर पौधरोपण कर रही है, वहीं दूसरी तरफ वन्य प्राणियों के लिए पानी मुहैया कराने को लेकर कोई विशेष पहल नहीं कर रही है जो बेहद दुर्भाग्य की बात है।

**आस्था**

### रामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ को लेकर ग्रामीण एकजुट

## कलश यात्रा के साथ 7 जून से शुरू होगा नौ दिवसीय महायज्ञ

**नवीन मेल संवाददाता**



**सतबरवा।** प्रखंड के लोहड़ी गांव में 7 जून शुक्रवार से नौ दिवसीय रामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ का शुभारंभ होगा। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है।
यज्ञ समिति की लोग प्रतिदिन बैठक कर आयोजन की रूपरेखा तैयारी में लगे हुए है । यज्ञ समिति के अध्यक्ष अखिलेश पाठक ने बताया कि 7 जून को सुबह 7 बजे कलशयात्रा का आयोजन होगा जिसमें नगरभ्रमण के बाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय छात्रावास स्थित झरना से कलश में जल लेकर कलश को यज्ञ मंडप में स्थापित किया जाएगा और उन्होंने बताए कि 7 जून शुक्रवार संध्या 9 बजे से रात्रि 11 बजे तक मानस प्रवचन का आयोजन 14 जून तक प्रतिदिन होगा। जिसमे झांसी उत्तर प्रदेश की कथा वाचक मानस माधुरी माला के मुखारविंद रामचरितमानस कथा सुनकर आनंदमय हो । वही 5 जून को भक्ति जागरण का आयोजन होगा । व यज्ञ के दौरान प्रतिदिन शाम 7 बजे से भजन संध्या आयोजित होगी। 16 जून को हवन एवं महाप्रसाद वितरण के साथ महायज्ञ का समापन होगा। इस मौके पर समिति के सचिव नवल किशोर पाठक, कोषाध्यक्ष आशुतोष पाठक के साथ, संरक्षक मंडल गौरी शंकर पाठक, बलराम पाठक, राम स्वरूप पाठक, सुरेश पाठक, मृत्युंजय पाठक एवं राजेश मिश्रा को बनाया गया। बैठक में मुख्यरूप से इंदुभूषण पांडे, ब्रजकिशोर पाठक, दिलीप पाठक, व्यास सुरेंद्र पाठक, गुड्डु पाठक, निरंजन वैद्य, निखिल पाठक, ओम प्रकाश पाठक, पंकज पाठक, शैल पाठक, मुकेश पाण्डेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

### वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 20 वाहन जब्त

**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में सोमवार छह मुहान व शहर थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी ने दो पहिया, चार पहिया वाहनों को रोक कर उनकी गहनता पूर्वक जांच की। जांच के क्रम में बिना हेलमेट व ट्रिपल लोड 20 मोटरसाइकिल को जब्त कर शहर थाना में रखा गया। ट्रैफिक प्रभारी ने 19 वाहनों को चालान के लिए डीटीओ ऑफिस भेज दिया है। एक वाहन को सीजीएम कोर्ट भेजा गया है। ट्रैफिक प्रभारी ने बिना हेलमेट व ट्रिपल लोड पकड़े गए वाहनों से फाइन भी वसूला गया है। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने कहा कि ज्यादातार दुर्घटनाएं बिना हेलमेट, सीट बेल्ट नहीं बांधने व वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग करने से हो रही हैं।

## पेज एक का शेष

### ब्रह्मोस मिसाइल जासूसी में वैज्ञानिक को उम्रकैद

निशांत फेसबुक पर पाकिस्तानी महिला मित्रों से डीआरडीओ और ब्रह्मोस मिसाइल के बारे में जानकारी साझा कर रहा था। यह जानकारी आईएसआई से लेकर अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए तक पहुंचाई जा रही थी। निशांत के बारे में जानकारी हासिल करने के बाद उत्तर प्रदेश एटीएस, महाराष्ट्र एटीएस और मिलिट्री इंटेलिजेंस ने संयुक्त रूप से निशांत के नागपुर स्थित घर पर छापेमारी की। रुड़की स्थित उसके पैतृक आवास पर भी छापा मारा गया। जांच एजेंसियों को निशांत के पास से जब्त लैपटॉप में मिसाइल तकनीक से जुड़ी जानकारी और दस्तावेज मिले थे। संयुक्त टीमों ने निशांत के रुड़की स्थित घर, ब्रह्मोस की नागपुर यूनिट और नागपुर स्थित घर की तलाशी ली। निशांत के फेसबुक अकाउंट से पता चला कि पूजा रंजक और नेहा शर्मा नाम के दो संदिग्ध फेसबुक अकाउंट निशांत की फ्रेंड लिस्ट में थे। ये दोनों अकाउंट पाकिस्तान से संचालित किए जाते थे। इसके बाद निशांत को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में नागपुर जिला न्यायाधीश क्रमांक-1 देशपांडे की अदालत में चल रहा था। अदालत ने मार्च, 2023 मे निशांत को जमानत भी दे दी थी। अदालत ने सोमवारअ को विशेष लोक अभियोजक ज्योति वजानी के सबूतों के साथ लगाए आरोप और दलीलों को स्वीकार करते हुए निशांत अग्रवाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।






*चुनाव होते रहते हैं, सरकारें आती-जाती रहती हैं। लेकिन, देश और लोकतंत्र की मयार्दा और लोकतंत्र की लोकलाज, लोकतंत्र की प्रतिष्ठा पर कतई सवाल नहीं उठने चाहिए।*

# लोकतंत्र पर कुठाराघात कर राष्ट्र की गरिमा धूमिल कर रहा विपक्ष : भाजपा

## जहां वे चुनाव जीतते हैं, वहां आयोग सही काम करता है और जहां हारते हैं, वहां चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हैं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्षी दलों पर लोकतंत्र को लांछित करने, लोकतंत्र पर कुठाराघात करने और राष्ट्र की गरिमा को धूमिल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष का यह रवैया अस्वीकार्य है। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि चुनाव होते रहते हैं, सरकारें आती-जाती रहती हैं। लेकिन, देश और लोकतंत्र की मयार्दा और लोकतंत्र की लोकलाज, लोकतंत्र की प्रतिष्ठा पर कतई सवाल नहीं उठने चाहिए। पहले विपक्षी दलों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपशब्दों का प्रयोग किया। वे अपने नेता (पीएम मोदी), अपनी पार्टी (भाजपा) और सरकार के प्रति बोले गए अपशब्दों को तो स्वीकार कर सकते हैं। लेकिन, लोकतंत्र पर कुठाराघात और राष्ट्र की गरिमा को धूमिल करने का प्रयास उनके लिए कतई अस्वीकार्य है। ईवीएम और चुनावी प्रक्रिया को लेकर विपक्षी दलों के सवालों पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने युक्तिसंगत और तर्कसम्मत उत्तर दिया है। लेकिन, चुनाव की हार की निश्चितता ने विपक्ष को हताश कर दिया है, इसलिए इस प्रकार के आरोप लगा रहे हैं कि 150 डीएम को फोन किया गया। जबकि, चुनाव आयोग के मांगने के बाद वे सबूत तक नहीं दे पा रहे हैं।

कांग्रेस ये बताए कि क्या पिछले वर्ष तेलंगाना और कर्नाटक में चुनाव आयोग ने सही काम किया था, जहां वे चुनाव जीते थे और केवल राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में गलत काम किया था। जहां वे चुनाव जीतते हैं, वहां आयोग सही काम करता है और जहां हारते हैं, वहां चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हैं।

## अब भरोसे के लायक नहीं रहा चुनाव आयोग : जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मतदान सम्पन्न होने के बाद चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किए हैं जिसपर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार किया है। कांग्रेस पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा किया था उसके जवाब में सोमवार को भाजपा की ओर से तिखी प्रतिक्रिया आई है। जयराम रमेश ने कहा है कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, इसे तटस्थ रहने की जरूरत है। यह एक संवैधानिक संस्था है, हम इसका सम्मान करते हैं क्योंकि इसकी गरिमा है। लोग न केवल पार्टियों और उम्मीदवारों पर बल्कि चुनाव आयोग पर भी नजर रख रहे हैं। लेकिन चुनाव आयोग ने अब तक जिस तरह से काम किया है, हम उस पर भरोसा नहीं कर सकते। कांग्रेस नेता जयराम रमेश पर झारखंड भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने सोमवार तिखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस के मन में देश की किसी भी संवैधानिक संस्था के लिए बहुत कम सम्मान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जानती है कि वह 2024 के चुनावों में भारी हार की ओर बढ़ रही है। इसलिए अब एक कहानी बनाने कोशिश की जा रही है कि कुछ गलत हुआ है और हेरफेर हुआ है।



भाजपा ने कहा हार देख कांग्रेस ने गढ़ी नई कहानी

### हम एग्जिट पोल से चिंतित नहीं, गिनती को लेकर काफी निश्चिंत हैं : शशि थरूर




**नई दिल्ली ।** कांग्रेस एग्जिट पोल से इतर लोकसभा चुनाव परिणाम की अपेक्षा कर रही है। इस कड़ी में कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सोमवार को केरल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए शशि थरूर ने कहा कि सिर्फ तिरुवनंतपुरम ही नहीं, मुझे भी शत प्रतिशत भरोसा है कि देश भर की तस्वीर के लिए जो आंकड़े एग्जिट पोल में देखे जा रहे हैं, वे भी कल झूठे साबित हो जाएंगे। कहा कि हम एग्जिट पोल से चिंतित नहीं हैं, हम कल की गिनती को लेकर काफी निश्चिंत हैं। जिस तरह से एग्जिट पोल में संभावना दिखाई जा रही है कि भाजपा वास्तव में यह सीट जीत सकती है, जिसका कोई आधार नहीं है।

## एग्जिट पोल को कोसना छोड़ कांग्रेस के लोग आत्मनिरीक्षण करें : शहजाद

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को आत्मनिरीक्षण करने की सलाह दी है। सोमवार को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि देश ने एक जून को एग्जिट पोल देख लिया है और हम चार जून को सटीक आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं।

एग्जिट पोल के नतीजों को सच करता फैसला पूर्वोत्तर राज्यों के अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में आया है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में भाजपा ने प्रचंड बहुमत के साथ वापसी की है। यह दशार्ता है कि पूर्वोत्तर के लोगों ने भाजपा पर कितना भरोसा जताया है, भले ही आईएनडीआई गठबंधन और कांग्रेस ने बहुत प्रचार किया हो लेकिन जनता उन्हें नकार दिया है। कांग्रेस को अब आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।




नगालैंड, असम, त्रिपुरा और मेघालय राज्यों ने कांग्रेस को भगा दिया है। शहजाद पूनावाला ने कहा कि मीडिया के एग्जिट पोल के बाद अब बाजार एक तरह से चार जून को जो होने की उम्मीद कर रहा है, उसका बैरोमीटर भी आ गया है, जब सेंसेक्स और निफ्टी ने लगभग 2000 से ज्यादा अंकों की छलांग लगाई है। यह दशार्ता है कि न केवल बाजार बल्कि भारत के लोगों ने भी मोदी सरकार पर भरोसा जताया है।

# चुनाव आयोग ने सीएपीएफ की 400 कंपनियों को 19 जून तक प. बंगाल में ही रहने को कहा

एजेंसी

**कोलकाता।** चुनाव के बाद हिंसा की आशंका के चलते चुनाव आयोग (ईसी) ने 19 जून तक पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 400 कंपनियों को बनाए रखने का फैसला किया है। लोकसभा चुनाव के नतीजे मंगलवार को घोषित किए जाएंगे। शुरू में यह तय किया गया था कि 400 कंपनियों को मतगणना के ठीक दो दिन बाद यानी छह जून तक राज्य में रखा जाएगा। हालांकि, पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि चुनाव के बाद बड़े पैमाने पर हिंसा की आशंका की ओर इशारा करने वाली रिपोर्टों के मद्देनजर, अंततः राज्य में सीएपीएफ की तैनाती को 19 जून तक बढ़ाने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि मतगणना की तारीख के बाद सीएपीएफ की तैनाती से संबंधित बाकी व्यवस्थाएं समान रहेंगी। इन 400 कंपनियों में से 115 कंपनियां केंद्रीय रिजर्व पुलिस (सीआरपीएफ) की होंगी, 118 कंपनियां सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की होंगी, 71 कंपनियां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की होंगी, 60 कंपनियां सशस्त्र सीमा बल की होंगी और 36 कंपनियां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की होंगी। उल्लेखनीय है कि 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद पश्चिम बंगाल के अलग-अलग इलाकों में हिंसा भड़क उठी थी।




**2021**
**के विधानसभा चुनावों के बाद पश्चिम बंगाल के अलग-अलग इलाकों में हिंसा भड़क उठी थी**

### प. बंगाल में चुनाव के आखिरी चरण में 77 फीसदी मतदान

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण के मतदान में शनिवार को पश्चिम बंगाल में राज्य की नौ लोकसभा सीटों पर करीब 77 फीसदी मतदान हुआ है। चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पश्चिम बंगाल की नौ लोकसभा सीटों पर सातवें और अंतिम चरण के मतदान के दौरान 76.80 प्रतिशत मतदान हुआ। हालांकि, 2019 में यह मतदान प्रतिशत 78.51 प्रतिशत रहा था। 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान 79 प्रतिशत दर्ज किया गया था। सातवें चरण के लिए मतदान एक जून को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक हुआ था। उन्होंने बताया कि बशीरहाट लोकसभा सीट पर सबसे अधिक 84.31 प्रतिशत मतदान हुआ, उसके बाद मथुरापुर (82.02 प्रतिशत), डायमंड हार्बर (81.04 प्रतिशत), बारासात (80.18 प्रतिशत) रहा।

# जनता के साथ मिलकर हम जनता की सरकार बनाएंगे : लालू यादव

एजेंसी

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने सोमवार को बिहार के लोगों से मतगणना स्थल पर जोश, उमंग और उत्साह के साथ सक्रिय रहने की अपील करते हुए कहा कि हम जनता के साथ मिलकर जनता की सरकार बनाएंगे। लालू यादव ने बिहार के लोगों को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव में आपने जिस तरह से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में जमकर मतदान किया, इसके लिए मैं आप सभी का हृदय से आभारी हूं। उन्होंने आगे इंडिया गठबंधन और राष्ट्रीय जनता दल के एक-एक कार्यकर्ता का भी आभार जताते हुए कहा, उन्होंने चुनाव के दौरान भीषण गर्मी की परवाह किए बिना पूर्ण मनोयोग के साथ संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण को बचाने के लिए दिन-रात एक कर दिया। उन्होंने आगे लिखा, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जो मुहिम हमने शुरू की थी, उसको अभी मंजिल पर पहुंचाना बाकी है, जनता ने अपना मत इंडिया गठबंधन की विजय के तौर पर दे दिया है। लेकिन, इस जनमत को सुरक्षित परिणाम तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। इसलिए, बिना रुके, बिना थके मतगणना स्थल पर जोश, उमंग और उत्साह के साथ सक्रिय रहें। उन्होंने यह भी कहा, यह सुनिश्चित करें कि बिहार की जनता का दिया एक-एक मत सुरक्षित रहे, जिससे हमारा लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण भी सुरक्षित रह पाए। उन्होंने कार्यकताओं से कहा, राजद के कार्यकर्ता होने के नाते हम सभी का यह दायित्व है कि हम जनता के मत की रक्षा कर सकें और झूठ के खिलाफ सत्य की इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचा सकें। बिहार और देश में फिर से जनता की सरकार आ रही है।



*मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जो मुहिम हमने शुरू की थी, उसको अभी मंजिल पर पहुंचाना बाकी है*

# उद्धव पर आचार संहिता भंग करने के मामले में होगी कार्रवाई

एजेंसी

**मुंबई ।** चुनाव आयोग ने सोमवार को शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर आचार संहिता भंग मामले में कार्रवाई करने का आदेश महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयुक्त को दिया है। मुंबई सहित अन्य सीटों पर 20 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान उद्धव ठाकरे ने धीमी गति से चुनाव करवाने का आरोप लगाया था। इसके बाद मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार ने उद्धव ठाकरे की पत्रकार परिषद के विरुद्ध आचार संहिता भंग की कार्रवाई करने के लिए चुनाव आयोग को पत्र लिखा था। इसी पत्र के आधार पर चुनाव आयोग ने उद्धव पर कार्रवाई करने का आदेश राज्य चुनाव आयुक्त को दिया है। शिवसेना के नेता संजय राऊत ने कहा कि वे चुनाव आयोग की ओर से होने वाली कार्रवाई का स्वागत करते हैं। हम इस कार्रवाई का सामना करेंगे। संजय राऊत ने कहा कि इससे पहले हमने आयोग को आचार संहिता भंग की 17 शिकायती पत्र लिखी, लेकिन आयोग ने किसी भी शिकायत का जवाब तक नहीं दिया है।



*चुनाव आयोग की ओर से होने वाली कार्रवाई का स्वागत करते हैं।*

### चुनाव आयोग ने मानी विपक्षी दलों की मांग

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस समेत विपक्षी दलों का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को चुनाव आयोग के कार्यालय पहुंचा था। जहां विपक्ष के नेताओं ने चुनाव आयोग के समक्ष पोस्टल बैलेट का मुद्दा रखा था। विपक्षी नेताओं ने चुनाव आयोग से मांग की थी कि मतगणना के दौरान पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की जाए। आयोग ने विपक्षी दलों के इस सुझाव को मान लिया है। चुनाव आयोग के इस निर्णय को लेकर कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने धन्यवाद ज्ञापित किया है। सिंघवी ने कहा कि आयोग ने लोकतंत्र के एक ज्वलंत मुद्दा, जिसकी हम मांग लेकर उनके समक्ष गए थे कि पहले डाक मतपत्रों की गिनती हो, उस पर सहमति व्यक्त की। विपक्ष के अनुरोध को तुरंत सहमति आयोग के द्वारा प्रदान की गई। इसे मंगलवार को मतगणना के समय लागू किया जाएगा।

# डीएम को प्रभावित करने के दावे पर आयोग को जवाब नहीं दे सके रमेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने जयराम रमेश को जिला मजिस्ट्रेट पर दवाब बनाए जाने वाले दावे को लेकर अपना पक्ष रखने के लिए केवल शाम तक का समय दिया है। आयोग ने रमेश के एक सप्ताह के समय देने के अनुरोध को अस्वीकार करते हुए कहा है कि शाम तक कोई ठोस सबूत नहीं देने पर मान लिया जाएगा कि उनके दावों में दम नहीं है। चुनाव आयोग ने जयराम रमेश के पत्र का जवाब देते हुए कहा कि उनका दावा गंभीर है और उससे कल होने वाली मतगणना पर सवाल खड़े होते हैं। ऐसे में उनके अपने दावे को साबित करने के लिए समय मांगने के अनुरोध को आयोग अस्वीकार करता है। उन्हें केवल सोमवार शाम 7 बजे तक का समय दिया जाता है। अगर वे अपने दावे को साबित करने के लिए कुछ ठोस जानकारी दे पाते हैं तो ठीक, नहीं तो मान लिया जाएगा कि उनके दावे में कुछ नहीं है और आयोग इस पर आगे की कार्रवाई करेगा। जयराम रमेश निर्धारित समय तक आयोग के कार्यालय नहीं पहुंचे। उल्लेखनीय है कि जयराम रमेश ने दावा किया था कि गृह मंत्री अमित शाह देशभर में जिला मजिस्ट्रेट को फोन कर रहे हैं। इस कवायद का मकसद उन्हें प्रभावित करना है। अबतक गृह मंत्री 150 से अधिक डीएम को कॉल कर चुके हैं। चुनाव आयोग ने इसका संज्ञान लेते हुए कल जयराम रमेश को जवाबी पत्र लिखकर अपने दावे को साबित करने के लिए कहा था। आयोग ने कहा था कि वे कुछ ठोस चुनाव आयोग के समक्ष रखें। इसके जवाब में रमेश ने कहा था कि उनका मकसद चुनाव आयोग

# बिहार में मतगणना से पहले भगवान की शरण में पहुंचे कई उम्मीदवार

एजेंसी

**पटना।** लोकसभा चुनाव के बाद अब सबकी नजर मंगलवार को होने वाली मतगणना पर है। मतगणना को लेकर सभी प्रत्याशियों की धड़कनें बढ़ी हुई है। सभी प्रत्याशी मतगणना को लेकर अपने लोकसभा क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। ऐसे में मतगणना के परिणाम आने से पहले लोजपा (रामविलास) के सभी पांच प्रत्याशी भगवान की शरण में पहुंचे और अपने आराध्य का आशीर्वाद लिया। जमुई से एनडीए के उम्मीदवार अरुण भारती, खगड़िया से राजेश वर्मा, समस्तीपुर से शांभवी चौधरी और वैशाली से वीणा देवी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के साथ पटना के खगौल स्थित मंदिर पहुंचे और भगवान महादेव का रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर सभी प्रत्याशियों ने मां दुर्गा की आराधना की और आशीर्वाद मांगा। लोजपा (रामविलास) के खगड़िया से प्रत्याशी राजेश वर्मा ने कहा कि आराध्य का पूजा-पाठ दिनचर्या है। लेकिन, सामूहिक रूप से भगवान के दरबार में पहुंचना अलग एहसास है। हम सभी भगवान से आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे हैं। समस्तीपुर से प्रत्याशी शांभवी चौधरी ने कहा कि भगवान जो भी करेंगे, अच्छा ही करेंगे।



*मतगणना के परिणाम आने से पहले लोजपा (रामविलास) के सभी पांच प्रत्याशी भगवान की शरण में पहुंचे और अपने आराध्य का आशीर्वाद लिया।*


KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com